# अनाथ बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए ऋण सुविधा शुरू : सीएम

## एक फीसदी ब्याज पर 20 लाख का मिलेगा लोन

शिमला। सरकार की ओर से घोषित 6,000 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' अनाथ बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए सरकार ने 20 लाख रुपये तक ऋण का प्रावधान कर दिया है। ऐसे बच्चों को 1 प्रतिशत ब्याज पर यह ऋण मिलेगा। पात्र युवा इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। यह बात मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पीटरहॉफ में आयोजित अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना के तहत उच्च शिक्षा के लिए सरकार की ओर से वित्तीय सहायता दी जा रही है। सुक्खू ने कहा कि राज्य की 90 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, लेकिन खेती अब मुख्य आजीविका नहीं रही। सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है और गेहूं, मक्की, कच्ची हल्दी और जौ के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान कर रही है। सुक्खू ने सरकारी

### एचआईवी जागरुकता अभियान का शुभारंभ

सीएम ने 12 अगस्त से 12 अक्तूबर तक चलने वाले एचआईवी जागरुकता अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान राज्य के 6,000 गांवों और 1,500 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों को कवर करेगा। उन्होंने शिमला में 50 टैक्सी चालकों को कार-बिन वितरित कर दूसरे चरण के अभियान का शुभारंभ किया। पहले चरण में 4,000 कार-बिन वितरित किए गए थे, जबकि दूसरे चरण में 6,000 कार-बिन वितरित किए जाएंगे।

### रेड रन और साइकिल रन के विजेता सम्मानित

आवास से 'रेड रन' और 'साइकिल रन' को झंडी दिखाई और विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल भी मौजूद रहे। ब्यूरो

31

अमर उजाला

13 AUG 2025

मंडी लोस चुनाव में गड़बड़ी की आशंका पर बोले सीएम

## प्रतिभा की बात में होगी सत्यता

शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी के सवाल पर कहा कि यह स्टडी का विषय है। अगर प्रतिभा सिंह ने मंडी लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी की बात की है, तो इसमें जरूर सत्यता होगी।

मंगलवार को युवा दिवस के मौके पर अपने सरकारी आवास ओकओवर से साइकिल रैली और मैराथन को हरी झंडी दिखाने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और आज साइकिल रैली के माध्यम से एचआईवी एड्स जागरुकता के साथ युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने अपने दिल्ली दौरे से भी इन्कार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिलहाल उनका दिल्ली जाने का कोई कार्यक्रम नहीं है। जल्द ही संगठन का विस्तार होगा।

सीएम ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को डिटेन करना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को नहीं दबाया जाना चाहिए। सुक्खू ने खराब मौसम के दौरान लोगों से एहतियात बरतने की अपील की। कहा कि लगातार मौसम खराब बना हुआ है। ब्यूरो

# पर्यटन क्षेत्र में 3,000 करोड़ का होगा निवेश

### सीएम बोले, भारत-चीन सीमा पर पर्यटन गतिविधियां शुरू युवाओं को मिलेगा रोजगार

### अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में युवाओं को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

शिमला। राज्य सरकार ने किन्नौर जिले में भारत-चीन सीमा पर पर्यटन गतिविधियां शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि यह कदम प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और युवाओं के लिए रोजगार सृजन में मददगार साबित होगा। राज्य अतिथि गृह पीटरहॉफ में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीएम ने बताया कि हिमाचल में पर्यटन क्षेत्र में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि होम स्टे निर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए 4% ब्याज पर ऋण सुविधा दी जा रही है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 8,000 होम स्टे संचालित हो रहे हैं। स्टार्टअप योजना को बढ़ावा देने के साथ ही युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मुहैया कराए जा रहे हैं। सीएम ने युवाओं से नशे से दूर रहने और नशामुक्त हिमाचल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और तस्करों की संपत्ति जब्त की जा रही है। उन्होंने युवा दिवस पर युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। शिक्षा क्षेत्र में सुधारों का उल्लेख करते हुए सीएम ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की रैंकिंग 2021 में 21वें स्थान से बढ़कर अब 5वें स्थान पर पहुंच गई है। अगले शैक्षणिक सत्र से प्रदेश में 10 राजीव गांधी राजकीय डे-बोर्डिंग स्कूल शुरू होंगे। शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया भी जारी है और जेबीटी के 600 पदों के लिए विज्ञापन जारी कर दिए गए हैं।

इस मौके पर राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया, विधायक हरीश जनारथा, सुरेश कुमार, नीरज नैयर, विवेक शर्मा, रणजीत सिंह राणा, अजय सोलंकी, अनुराधा राणा, महापौर सुरेंद्र चौहान, उप महापौर उमा कौशल, सीएम के ओएसडी गोपाल शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र मनकोटिया, उपायुक्त अनुपम कश्यप सहित अन्य लोग उपस्थित रहें। ब्यूरो

## मुख्यमंत्री सुक्खू आज शिक्षा विभाग के काम की करेंगे समीक्षा

शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बुधवार शाम चार बजे राज्य सचिवालय में शिक्षा विभाग के कामकाज की समीक्षा करेंगे। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी जिला मंडी के दौरे से बुधवार दोपहर बाद शिमला लौट आएंगे। इस दौरान बैठक में मुख्यमंत्री सुक्खू की बजट घोषणाओं और शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे बदलावों को लेकर चर्चा की जाएगी। ब्यूरो

## सीएम से मिले कंप्यूटर शिक्षक नियमित करने की मांग

शिमला। प्रदेश कंप्यूटर शिक्षक संघ की राज्य अध्यक्ष सुमन ठाकुर ने सोमवार शाम ओकओवर, शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात कर उन्हें संघ की मांगें बताइ। उन्होंने बताया कि राज्य के विभिन्न सरकारी स्कूलों में 1302 कंप्यूटर अध्यापक पिछले लगभग 25 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं। सुमन ठाकुर ने इन अध्यापकों के नियमितीकरण की मांग की। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार उनकी उचित मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी। ब्यूरो

# भूटान में उगेगा हिमाचल का चिलगोजा, सीएम ने भेंट किए 5,000 पौधे

### चिलगोजा के 50 किलो बीज भी देंगे, सीएम सुक्खू से मिला भूटान का प्रतिनिधिमंडल

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला। अब भूटान में भी हिमाचल का चिलगोजा उगेगा। मुख्यमंत्री सुक्खू ने भूटान सरकार को चिलगोजा के 5,000 पौधे भेंट किए।

दरअसल रॉयल भूटानी एंबेसी से डिप्टी चीफ ऑफ मिशन ताशी पेलडन और मंत्री सलाहकार चिमी वांगमो के नेतृत्व में भूटान के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की तथा परस्पर संबंधों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और भूटान के बीच संबंध हमेशा सौहार्दपूर्ण रहे हैं। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच 1949 में मैत्री समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसे 2007 में नवीनीकृत किया गया। इन संबंधों को और अधिक मजबूत करते हुए प्रदेश की जनता की ओर से मित्रता के प्रतीक के रूप में भूटान सरकार के वन एवं पार्क सेवा विभाग को चिलगोजा के पौधे दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि अक्तूबर में जाइका परियोजना के तहत स्वयं सहायता समूहों की ओर से एकत्र किए गए 50 किलो चिलगोजा के बीज भी भूटान को प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि चिलगोजा के पौधे जिला किन्नौर तथा जिला चंबा के पांगी व भरमौर क्षेत्रों में पाए जाते हैं।

चिलगोजा के बीज किन्नौर जिला के लोगों की आजीविका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और बाजार में इन्हें अच्छा मूल्य प्राप्त होता है।

अमर उजाला

32

13 AUG 2025

# चालकों और परिचालकों को ओवरटाइम के दो करोड़ जारी

## एचआरटीसी कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों की रक्षा प्राथमिकता : मुकेश



शिमला। प्रदेश सरकार ने चालकों और परिचालकों को एक महीने का ओवरटाइम भत्ता और नाइट ओवरटाइम भत्ता (ओटीए-एनओटीए) के लिए दो करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि एचआरटीसी की चालक यूनियन की हाल ही में हुई बैठक में यूनियन की मांगों पर विचार करते हुए यह राशि दी गई। उन्होंने प्रबंध निदेशक को इसे जारी करने के निर्देश दिए हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों की रक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है कि एचआरटीसी चालकों-परिचालकों का नाइट ओवरटाइम कई सालों से लंबित है। इसे जारी करने के लिए चालक-परिचालक संघ ने मुख्यालय के बाहर गेट मीटिंग की थी। ओवरटाइम जारी न किए जाने से चालकों ने 8 घंटे सेवाएं देने का फैसला लिया था। उप मुख्यमंत्री के साथ हुई चालक संघ की बैठक में आश्वासन मिलने के बाद चालकों ने फैसला वापस ले लिया। अब सरकार ने ओवरटाइम का पैसा जारी कर दिया है।

वहीं, एचआरटीसी पेंशनरों को पेंशन जारी करने के लिए निगम प्रबंधन ने सरकार से ग्रांट मांगी है। पेंशनर संघ ने भी पेंशन जारी न करने पर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। अग्निहोत्री ने पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी और उनकी टीम की सराहना की। कहा कि हाल ही में तीन स्कूली बच्चों के अगवा होने पर 24 घंटे के अंदर अपहरणकर्ता को पकड़कर बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों को सौंप देने का कार्य सराहनीय है। ब्यूरो

# निष्पक्ष चुनाव के लिए डिजिटल वोटर लिस्ट जरूरी : अग्निहोत्री

शिमला। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से शुरू की गई डिजिटल वोटर लिस्ट की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि देश के संविधान, पारदर्शिता और जनता के विश्वास की रक्षा का संकल्प है।



## मिस्ड कॉल देकर समर्थन का आह्वान

उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी तरह की गड़बड़ी, वोट चोरी या मतदाता सूची में हेरफेर लोकतंत्र को कमजोर करता है। डिजिटल वोटर लिस्ट से पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिकों का भरोसा बढ़ेगा।

उप-मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे इस मुहिम में शामिल होकर लोकतंत्र को मजबूत करें। इसके लिए 9650003420 पर मिस्ड कॉल देकर समर्थन दर्ज कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई किसी एक दल की नहीं, बल्कि पूरे देश की है और इसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। ब्यूरो

# उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री को दिया स्वतंत्रता समारोह का आने का निमंत्रण

शिमला। उपायुक्त अनुपम कश्यप मंगलवार को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मिले और उन्हें 15 अगस्त को मनाए जाने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

इस अवसर पर जिला शिमला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने बताया कि यह समारोह सुबह 11:00 बजे से रिज मैदान पर आयोजित किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए सिर्फ एक पर्व नहीं बल्कि देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को स्मरण करने और जनसेवा के संकल्प को दोहराने का अवसर है। ब्यूरो

# विधानसभा के लिए हस्तलिखित बनेंगे पास

## विधानसभा अध्यक्ष ने मानसून सत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों से की चर्चा

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में 18 अगस्त से शुरू होने वाले मानसून सत्र को लेकर विधानसभा सचिवालय में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक हुई। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया कि सभी प्रवेश पत्र इस बार ऑनलाइन की बजाय हस्तलिखित जारी किए जाएंगे।

प्रदेश विधानसभा ने राष्ट्रीय ई-विधान (नेवा) प्रणाली को अपनाया है, लेकिन इसके पूर्ण क्रियान्वयन में समय लगने के चलते यह निर्णय लिया गया। मानसून सत्र में 900 पुलिस जवान सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे। ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जाएगी।

बैठक में तय हुआ कि विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी अधिकारी दीर्घा पास, स्थापना पास तथा प्रेस संवाददाताओं को जारी पास प्रमुखता से प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा, ताकि सुरक्षा जांच में समय न लगे। किसी भी पास धारक द्वारा पास को किसी अन्य को स्थानांतरित करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी पास धारकों को अपने शासकीय पास पर पासपोर्ट साइज फोटो चिपकानी होगी, अन्यथा प्रवेश नहीं मिलेगा।

## पार्किंग की व्यवस्था में किया बदलाव

मुख्य पार्किंग में केवल मंत्रियों, विधायकों, मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिवों और प्रशासनिक सचिवों के वाहनों को ही अनुमति दी जाएगी। प्रेस संवाददाताओं के लिए विधानसभा चौक से गेट नंबर 2 तक पार्किंग की सुविधा होगी। विधानसभा सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारी गेट नंबर 2 से महालेखाकार कार्यालय के बीच माल रोड पर चिन्हित स्थानों पर वाहन खड़े कर सकेंगे।

13 AUG 2025

अमर उजाला

# मानसिक रोगियों के लिए अलग बनेगा वार्ड : धनीराम शांडिल

## स्वास्थ्य मंत्री का बचत भवन में एलान, आईजीएमसी में की जाएगी तीस बिस्तरों की व्यवस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

**शिमला।** इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसी) के मानसिक रोग वार्ड में सामान्य के साथ अब नशे के आदी मरीजों को नहीं रखा जाएगा। इनके लिए अलग वार्ड बनेगा। सरकार इस कार्य को लेकर काम कर रही है। यह बात स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने बचत भवन में आयोजित कार्यक्रम में कही।

हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति की ओर से मंगलवार को युवा बचाओ अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आरकेएमवी, कोटशेरा, धामी कॉलेज, फाइन आर्ट्स कॉलेज से आए सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मौजूदा समय में आईजीएमसी के मानसिक रोग वार्ड में रोगियों और नशे के आदी मरीजों के लिए तीस बिस्तरों की व्यवस्था है। इन वार्डों में सभी का उपचार किया जाता है।

ऐसे मरीजों को अलग से वार्ड की जरूरत रहती है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा कि नशे के आदी मरीज जिनका अस्पताल में उपचार करवाया जा रहा है, उन्हें अब अलग वार्ड की व्यवस्था की जाएगी। इस मौके पर मंत्री ने नशे के खिलाफ द व्हाइट ट्रुथ वेब सीरीज का ट्रेलर भी लांच किया। इसमें नशे की गिरफ्त में आ चुके लोगों के ऊपर आधारित सीरिज के 7 एपिसोड होंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रोटोकॉल ज्योति राणा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कानून एवं व्यवस्था पंकज शर्मा, एसी टू डीसी देवीचंद ठाकुर, जिला कल्याण अधिकारी कपिल शर्मा, जेसी चौहान, डॉ. ओपी कायथ, डॉ. रवि भूषण, जीयानंद और सत्यवान पुंडीर मौजूद रहे।



शिमला के बचत भवन में राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते युवा। अमर उजाला

### नशे को हरा चुके पंकज ने साझा किए अनुभव

नशे को हरा चुके पंकज ने कार्यक्रम में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि वह छह साल से चिट्टा ले रहा था। इससे पहले मैं 14 साल तक भांग का आदि था। मैंने शरीर की कई नसों में चिट्टे के इंजेक्शन लगाए। कई बार तो इंजेक्शन लगाने के लिए मुझे नसें भी नहीं मिलती थीं। मैं नशा छोड़ना चाहता था लेकिन ऐसा कर नहीं पा रहा था। मैं ज्यादा से ज्यादा दो दिन तक बिना नशा किए रह पाता था। मेरे साथ जो नशा करते थे करीब 14 दोस्तों ने अपनी जान नशे के कारण गंवा दी है। मेरे परिवार वालों ने मेरा साथ दिया और आईजीएमसी में उपचार करवाया। परिवार ने मेरा साथ नहीं छोड़ा। नशे को छोड़ने के परिवार वालों की अहम भूमिका होती है।

### महिलाओं के लिए बनेगा अलग नशा मुक्ति केंद्र

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा कि सरकारी क्षेत्र में एक नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने के विकल्प तलाशे जाएंगे जिससे नशे के आदि लोगों को सही उपचार मिल सके। प्रदेश में नशे की आदी लड़कियों की संख्या बढ़ रही है, इसलिए अलग से नशा मुक्ति केंद्र बनाने की दिशा में सरकार काम कर रही है।

अमर उजाला 13 AUG 2025

34

# होम स्टे के लाइसेंस पर चलाए 454 होटल, कार्रवाई के निर्देश

## होम स्टे एसोसिएशन ने पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन के सचिव से की शिकायत

अमर उजाला ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में होम स्टे के नाम पर पंजीकरण कर होटलों का संचालन किया जा रहा है। हिमाचली होम स्टे एसोसिएशन ने पर्यटन विभाग को 454 अवैध होम स्टे और बीएंडबी की सूची सौंपकर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

प्रदेश सरकार की ओर से अधिसूचित होम स्टे रूल्स 2025 के तहत अधिकतम 6 कमरों के संचालन का प्रावधान किया गया है, जबकि राजधानी शिमला सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर 20-20 कमरों के होटल होम स्टे के नाम पर चलाए जा रहे हैं।

एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधान सचिव, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन देवेश कुमार से मुलाकात कर प्रदेश में अवैध होम स्टे और बीएंडबी को लेकर जानकारी दी। इस पर देवेश ने कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।



### यहां हो रहा संचालन

राजधानी शिमला के साथ लगते कुफरी, फागू, चियोग, भलखू रोड क्षेत्र में ही सैकड़ों अवैध होम स्टे और बीएंडबी चलाए जा रहे हैं। शिमला शहर में भी खुलेआम लीज पर भवन लेकर होटलों की तर्ज पर बीएंडबी का संचालन हो रहा है।

### 06 कमरों को मंजूरी 20 में कारोबार

### पंजीकरण करवाने की फिराक में

होम स्टे एसोसिएशन ने बताया कि अवैध रूप से होम स्टे के नाम पर होटलों का संचालन करने वाले लोग अब होम स्टे रूल्स 2025 के अंतर्गत पंजीकरण करने की फिराक में है। ऐसे आवेदनों पर पर्यटन विभाग को सख्त नजर रखने की जरूरत है, जिससे होम स्टे पालिसी का दुरुपयोग न हो।

### सिल्वर श्रेणी के नियमों में संशोधन करें

हिमाचली होम स्टे एसोसिएशन की अध्यक्ष तनुजा धांटा ने बताया कि प्रदेश सरकार से सिल्वर श्रेणी के होम स्टे के लिए बनाए गए नियमों में आंशिक संशोधन का भी आग्रह किया गया है। प्रदेश में खुलेआम लीज पर भवन लेकर होटलों की तर्ज पर बीएंडबी का संचालन हो रहा है।

**औपचारिकताओं से बचने के लिए गड़बड़ी :** होटलों के पंजीकरण के लिए राजस्व दस्तावेजों के अलावा टीसीपी, साडा, नगर निगम या नगर परिषद से अनुमोदित बिल्डिंग प्लान, फायर, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और स्थानीय निकाय का अनापत्ति प्रमाणपत्र, जीएसटी पंजीकरण संख्या के अलावा बिजली और पानी की व्यवसायिक दरों पर भुगतान अनिवार्य है। होम स्टे रूल्स 2025 के तहत सिल्वर श्रेणी के किसी भी प्रकार की एनओसी और जीएसटी नंबर देने की जरूरत नहीं है।

> प्रदेश के सभी जिला पर्यटन विकास अधिकारियों को तुरंत अवैध रूप से चल रही इकाइयों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सरकार ने होम स्टे संचालकों के हितों को ध्यान में रखकर होम स्टे नियम अधिसूचित किए हैं।
>
> **- देवेश कुमार,** प्रधान सचिव, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन

# प्रोफेसर का 68 साल तक सेवा विस्तार मंजूर

## हाईकोर्ट ने सरकार की ओर से जारी कार्य मुक्ति आदेश पर लगाई रोक

संवाद न्यूज एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने जिला मंडी के लाल बहादुर शास्त्री गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज नेरचौक में शरीर रचना विज्ञान विभाग की प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष की 68 साल तक सेवा विस्तार को मंजूरी दे दी है।

**केस 1**

अदालत ने कहा कि डॉ. राणा को सरकार की ओर से जारी 17 दिसंबर 2021 और 13 दिसंबर 2023 की नीतियों का लाभ मिलना चाहिए, जिसमें सेवा विस्तार की आयु 68 वर्ष तक बढ़ाई गई थी। इस नीतिगत निर्णय के तहत 68 साल की उम्र तक सेवा विस्तार के लिए विचार करने के निर्देश दिए हैं।

कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि आदेशों के रद्द होने के बाद याचिकाकर्ता को निरंतर सेवा में माना जाएगा और राज्य सरकार को यह ध्यान में रखते हुए निर्णय लेना होगा कि याचिकाकर्ता अभी सेवानिवृत्त नहीं हुई हैं।

न्यायाधीश संदीप शर्मा की अदालत ने राज्य सरकार की ओर से जारी 17 और 28 फरवरी 2022 के कार्य मुक्ति आदेश पर रोक लगा दी है। इन आदेशों के तहत याचिकाकर्ता को पहले 62 साल और बाद में 65 साल की उम्र में सेवानिवृत्त किया गया था।

याचिकाकर्ता ने प्रोफेसर के रूप में ड्यूटी जारी रखी। 6 मार्च 2025 के आदेशों के तहत याचिकाकर्ता को 65 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त कर दिया गया। अदालत ने सरकार के आचरण पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रतिवादियों का व्यवहार याचिकाकर्ता के लिए संतोषजनक नहीं रहा है। कोर्ट ने कहा कि जब याचिकाकर्ता की 68 साल की उम्र तक सेवा विस्तार की मांग विचाराधीन थी, तब भी सरकार ने 6 मार्च 2025 को याचिकाकर्ता को 65 साल की उम्र में सेवानिवृत्त करने का आदेश जारी कर दिया।

अदालत ने इस बात पर जोर दिया है कि राज्य के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में शिक्षक संकाय की भारी कमी है।

### अदालत से

### 23 साल बाद कांस्टेबल के सेवा लाभ बहाल

**शिमला।** प्रदेश हाईकोर्ट ने 23 साल बाद कांस्टेबल होशियार सिंह को सेवा लाभ बहाल करने के आदेश दिए हैं।

**केस 2**

न्यायमूर्ति सत्येन वैद्य की अदालत ने 27 अक्तूबर 2002, सितंबर 2003 और 10 जून 2004 को विभाग द्वारा जारी सभी दंडात्मक आदेश रद्द कर दिए। मामला उस समय का है जब होशियार सिंह पर आरोप लगाया गया था कि वह पोस्ट नंबर पांच पर ड्यूटी के दौरान संदिग्ध व्यक्ति को देख नहीं पाए और उसे पकड़ने में विफल रहे। अनुशासनात्मक प्राधिकरण ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए पहले 10 साल की वेतन वृद्धि स्थायी रूप से रोकने और बाद में सजा घटाकर 4 साल की सेवा स्थायी रूप से जब्त करने का आदेश दिया था। याचिकाकर्ता ने विभागीय अपील और पुनर्विचार याचिका में राहत मांगी, लेकिन दोनों ही खारिज हो गईं। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया।

सुनवाई में कोर्ट ने पाया कि जांच रिपोर्ट में उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं था और किसी भी गवाह ने यह नहीं कहा कि संदिग्ध व्यक्ति उनके ड्यूटी क्षेत्र में आया या गया था। कोर्ट ने कहा कि जब सबूत ही नहीं है तो सजा न्यायसंगत नहीं मानी जा सकती। साथ ही, जांच प्रक्रिया में निष्पक्षता की कमी को भी रेखांकित किया गया। संवाद

35

अमर उजाला

13 AUG 2025

# नालागढ़ में बनेंगे सेना के टैंकों के कलपुर्जे, लगेगा उद्योग

## • इंडस्ट्रो कंपनी ने उद्योग लगाने को भरी हामी, स्वीकृति के लिए सिंगल विंडो की बैठक में रखा जाएगा प्रस्ताव

अमर उजाला एक्सक्लूसिव



**शिमला।** औद्योगिक क्षेत्र नालागढ़ में सेना के टैंकों के कलपुर्जे बनाने का उद्योग स्थापित होगा। इंडस्ट्रो कंपनी ने उद्योग लगाने का प्रस्ताव राज्य सरकार को दिया है। यहां तैयार स्पेयर पार्ट्स सेना के टैंकों में इस्तेमाल होंगे। स्वीकृति के लिए प्रस्ताव को सिंगल विंडो की बैठक में लाया जाएगा।

इसके साथ ही एग्स टुंडे कंपनी ने धर्मशाला में शराब फैक्टरी लगाने और मोरपैन लैबोरेटरी लिमिटेड ने बद्दी में अपने फार्मा उद्योग के विस्तार के लिए आवेदन किया है। मोरपैन की तैयार दवाइयां हिमाचल के साथ अन्य राज्यों में भी सप्लाई होती हैं। तीनों औद्योगिक

### एग्स टुंडे ने धर्मशाला में शराब फैक्टरी लगाने, मोरपैन लैबोरेटरी ने फार्मा उद्योग के विस्तार के लिए किया आवेदन

प्रस्तावों के धरातल पर उतरने पर कुल 700 करोड़ रुपये का निवेश होगा और लगभग 1,000 लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान कैबिनेट की बैठक के साथ सिंगल विंडो की बैठक भी प्रस्तावित है। उद्योग विभाग के अनुसार इस बैठक में 25 नए उद्योगों और कई उद्योगों के विस्तार के प्रस्ताव लाए जाएंगे। इंडस्ट्रो कंपनी के पहले से ही कई राज्यों में भी उद्योग हैं। सरकार ने इसे हिमाचल में निवेश के लिए आमंत्रित किया था। उद्योग विभाग ने निवेशकों को सभी आवश्यक मंजूरियां एक ही छत के नीचे तय समय में उपलब्ध कराने का भरोसा दिया है।

ऐसे में उद्योगपति हिमाचल में निवेश करने को तैयार हो रहे हैं। हाल ही में हैदराबाद में आयोजित इन्वेस्टर्स मीट में उद्योगपतियों से बातचीत हुई थी, जिसमें ऊना में प्रस्तावित बल्क ड्रग पार्क में फार्मा उद्योग स्थापित करने का आग्रह किया गया था। इस प्रोजेक्ट में 150 कंपनियां निवेश को इच्छुक हैं। विभाग लगातार इन निवेशकों से संपर्क बनाए हुए है। ब्यूरो

> सिंगल विंडो बैठक में कंपनियों के निवेश प्रस्ताव रखे जाएंगे। 25 उद्योगपतियों ने नए उद्योग लगाने व विस्तार के लिए आवेदन किया है। राज्य सरकार अधिक से अधिक निवेशकों को आकर्षित करने के प्रयास कर रही है, ताकि रोजगार के अवसर बढ़ें। – **हर्षवर्धन चौहान, उद्योग मंत्री**

अमर उजाला

13 AUG 2025

36

# अब प्रवेश द्वार पर ही पकड़ा जाएगा नशा

## लगाए जाएंगे स्कैनर, पंद्रह दिन में टोल बैरियरों पर शुरू होगा फास्टैग

**बरोटीवाला (सोलन)।** अब बाहरी राज्यों से आने वाला नशा प्रवेश द्वार पर ही पकड़ा जाएगा। ऐसे स्कैनर लगाए जाएंगे, जिससे नशीले पदार्थों की आसानी से पकड़ा जा सके। 15 दिन में प्रदेश के टोल बैरियरों पर फास्टैग सिस्टम शुरू हो जाएगा। इससे वाहन चालकों को राहत मिलेगी।

राज्य कर एवं आबकारी विभाग के आयुक्त डॉ. यूनुस ने झाड़माजरी में कहा कि हिमाचल प्रदेश स्टेट टैक्स एंड एक्साइज डिपार्टमेंट रजिस्ट्रेशन एवं रिटर्न भरने को लेकर काफी सतर्क है। पूरे प्रदेश में बड़ी मुहिम चलाई गई है। इससे समय पर सभी उद्योगपति, व्यापारी अपना टैक्स जमा करें। ई-वे बिल की भी चेकिंग हो रही है। अवैध शराब पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से हर जिले में टीमें लगाई गई हैं, जो खासकर एंट्री प्वाइंट्स पर नजर रख रही हैं, जिससे बाहरी राज्यों की शराब व अन्य नशीले पदार्थ प्रदेश में न आ सकें। विभाग की मोबाइल टीमें भी काम कर रही हैं। इसका नतीजा यह है कि विभाग ने दूसरे राज्यों से हिमाचल आ रही 32,000 लीटर शराब को पकड़ा है। 200 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं। प्रदेश के सभी जिलों में मोबाइल टीमों ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। 900 से ज्यादा इंस्पेक्शन अभी तक हुई है।

**अवैध शराब का धंधा करने वालों की जब्त होगी प्रॉपर्टी : डॉ. यूनुस**



उन्होंने बताया कि एचपी एक्साइज रेवन्यू सिस्टम एप के क्यूआर कोड से इस बात की पूरी जानकारी मिल सकती है कि व्यक्ति जो शराब खरीद रहा है, वह अवैध है या किसी वैध उद्योग में बनी हुई है। इसका मुख्य उद्देश्य यही है कि हिमाचल में आने वाली अवैध शराब को रोका जाए। अवैध शराब का धंधा करने वालों की प्रॉपर्टी अटैच करने के साथ साथ सजा भी हो सकती है। मौके पर उपायुक्त विनोद सिंह डोगरा उपस्थित रहे। संवाद

---

**चिंताजनक** — नगर निगम को अब नए सिरे से करने होंगे टेंडर

# स्मार्ट पार्किंग और सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रोजेक्ट अटके

अमर उजाला ब्यूरो

**शिमला।** राजधानी में 15 स्मार्ट पार्किंग बनाने और खुले में मलबा-कचरा फेंकने वालों को सीसीटीवी कैमरों की मदद से पकड़ने जैसी दो अहम योजनाएं अटक गई हैं। केंद्र सरकार की नई शर्त के चलते नगर निगम को इन दोनों योजनाओं के लिए नए सिरे से टेंडर आमंत्रित करने पड़े हैं।

टेंडर प्रक्रिया में अब केंद्र सरकार की इस नई शर्त को भी जोड़ दिया है। नगर निगम के अनुसार केंद्र सरकार ने सीसीटीवी कैमरों से जुड़ी योजनाओं में मानकीकरण परीक्षण और गुणवत्ता प्रमाणन यानि एसटीक्यूसी अनिवार्य कर दिया है। यह शर्त योजनाओं में उच्च गुणवत्ता वाले कैमरों के इस्तेमाल करने के लिए लगाई है। इसकी प्रमाणित कंपनियों के बनाए सीसीटीवी ही अब योजनाओं में शामिल होंगे। वहीं, बाजार में अभी प्रमाणित कंपनियों के बनाए सीसीटीवी आसानी से उपलब्ध नहीं हो रहे। इसलिए अगले कुछ हफ्तों का इंतजार करना पड़ सकता है।

अमर उजाला एक्सक्लूसिव

नगर निगम ने भी टेंडर प्रक्रिया की समय सीमा को आगे बढ़ाते हुए इसमें यह नई शर्त जोड़ दी है।

नगर निगम के अनुसार शर्तें पूरी करने पर ही इन योजनाओं का काम शुरू किया जाएगा। इसमें जो भी कंपनी इन योजनाओं पर काम करेगी, उन्हें मानकीकरण परीक्षण और गुणवत्ता प्रमाणन वाले सीसीटीवी ही लगाने होंगे। नगर निगम के प्रोजेक्ट निदेशक धीरज चंदेल ने कहा कि दोनों योजनाओं के टेंडर में नई शर्त जोड़ दी है। टेंडर की समय सीमा भी आगे बढ़ाई जा रही है। शहर में खुले में कचरा और मलबा फेंकने वालों पर कार्रवाई के लिए निगम जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाने जा रहा है।

पहले चरण में 20 कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसके बाद बाकी 40 स्थानों पर ही इन्हें लगाने की योजना है। नगर निगम ने इन्हें लगाने के लिए भी टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी थी। अब इस काम के लिए अगले कुछ दिन का इंतजार करना होगा।

### सीसीटीवी से जुड़ी योजनाओं में परीक्षण कराना है जरूरी

### शहर में 15 पार्किंग बननी हैं स्मार्ट, घर बैठे होगी बुकिंग

**नगर निगम** शिमला शहर में बनी 15 पार्किंग को स्मार्ट पार्किंग में बदलने जा रहा है। इनमें वाहनों की निगरानी के लिए हाईटेक सीसीटीवी लगेंगे। किस पार्किंग की कितनी क्षमता है, किस समय कितने वाहन खड़े हैं, इसका पता मोबाइल एप से लग जाएगा। शिमला आने वाले सैलानियों को इससे सबसे ज्यादा फायदा होगा। शहर में प्रवेश से पहले ही सैलानी अपनी सहूलियत के अनुसार पार्किंग में बुकिंग करवा सकेंगे। शहर में पहुंचकर उन्हें पार्किंग के भीतर आसानी से बुक की गई जगह पर गाड़ी खड़ी करने की सुविधा मिल जाएगी। शहर के प्रवेश द्वार तारादेवी में लगी एलईडी स्क्रीन पर भी पार्किंग की पूरी जानकारी मिलेगी। छोटा शिमला, ढली, हिमगिरि, आईएसबीटी, जीवणू कालोनी, जोधा निवास, मेट्रोपोल, पुराना बसअड्डा पार्किंग, संजौली, संकटमोचन, आईजीएमसी, टुटीकंडी क्रॉसिंग, एसडीए, टुटू, ऑकलैंड और विकासनगर पार्किंग को स्मार्ट पार्किंग में बदलने की योजना है।

अमर उजाला
13 AUG 2025

# नगर निगम को 72 साल बाद मिला पशु पड़ाव जमीन का मालिकाना हक

## साल 1953 में लीज पर दी थी जमीन, कब्जे को लेकर कोर्ट में पहुंचा मामला, लंबी लड़ाई के बाद हाईकोर्ट ने एमसी के पक्ष में सुनाया फैसला

संवाद न्यूज एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने एक महिला की उस अपील को खारिज कर दिया है जिसमें उसने सार्वजनिक परिसर से अपनी बेदखली को चुनौती दी थी।

अदालत ने निचली अदालत और अधिकारियों की ओर से पारित बेदखली के आदेशों को सही ठहराया है। इस फैसले के बाद नगर निगम को 72 साल बाद बालूगंज में पशु पड़ाव की जमीन का कब्जा मिल गया है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने कहा कि अपीलकर्ता की ओर से किराये का भुगतान न किए जाने और केवल उपयोग तथा कब्जे के शुल्क जमा करने से उसकी स्थिति कानूनी किरायेदार की नहीं हो जाती।

अदालत ने अपील को खारिज करते हुए सभी अंतरिम आदेशों को समाप्त कर दिया है और नगर निगम शिमला को संपत्ति को अपने लाभ के उपयोग करने का अधिकार दिया है। अब नगर निगम शिमला को वर्ष 1953 के बाद बालूगंज में पशु पड़ाव की जमीन मिल गई है। नगर निगम ने अपीलकर्ता उषा शर्मा के खिलाफ 18 मार्च 2019 को अधिनियम की धारा 5 के तहत बेदखल करने के लिए कलेक्टर के पास एक आवेदन दायर किया। 21 फरवरी 2023 को नगर निगम के पक्ष में फैसला सुनाया। शर्मा ने इसके बाद मंडल आयुक्त के पास अपील दायर की लेकिन 3 अप्रैल 2023 को यह भी खारिज हो गई। इसके बाद एकल न्यायाधीश ने 9 अगस्त 2024 को याचिका खारिज कर दी। बाद में मुख्य न्यायाधीश वाली खंडपीठ के समक्ष याचिका दायर की थी। अब खंडपीठ ने भी खारिज कर दिया।

**यह है मामला**

वर्ष 1953 में नगर निगम शिमला ने परिसर को अपीलकर्ता उषा शर्मा के ससुर लेखू राम को एक वर्ष के लिए लीज पर दिया था। ससुर की मृत्यु के बाद उषा ने संपत्ति पर कब्जा जारी रखा। निगम की ओर से बताया गया कि लीज का उद्देश्य विशेष रूप से पशु पड़ाव (मवेशियों के रुकने का स्थान) के रूप में इसका उपयोग करना था। हालांकि अपीलकर्ता ने परिसर पर कब्जा जारी रखा और वहां चार संरचनाएं खड़ी कर दीं। वह एक दुकान में पौधों की नर्सरी भी चला रही थी जबकि लीज की शर्तों के तहत इसका उपयोग आवासीय उद्देश्य के लिए नहीं किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि यह भूमि हिमाचल प्रदेश सरकार के स्वामित्व में है और शिमला नगर निगम के कब्जे में है। अदालत ने पाया की लीज 1953 में समाप्त हो गई थी और शर्मा के पक्ष में कोई लीज नहीं थी।

**कर्मचारियों के लिए आवास बनाएगा एमसी**

नगर निगम के कर्मचारियों के आवास अभी सब्जी मंडी क्षेत्र में बने हैं। इन्हें यहां से शिफ्ट किया जाना है। नगर निगम यहां पर बड़ा व्यावसायिक परिसर बनाने जा रहा है। इसके लिए कर्मचारियों के आवासों को तोड़ा जाएगा। निगम पहले ही इन कर्मचारियों के लिए बालूगंज में आवास बनाने की योजना बना रहा था। यहां 76 आवास बनाने का प्रस्ताव है। अब नगर निगम को बालूगंज विवादित भूमि का कब्जा मिलने से यहां आवासीय कॉलोनी बन सकेगी।

# चुनाव याचिका वापस लेने को आवेदन दायर

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में पूर्व विधायक प्रकाश चौधरी ने चुनाव याचिका को वापस लेने के लिए एक आवेदन दायर किया है।

न्यायाधीश ज्योत्सना रिवॉल दुआ की अदालत ने इस मामले में प्रतिवादी विधायक इंद्र सिंह सहित अन्य को नोटिस जारी किए हैं। मामले की अगली सुनवाई 24 सितंबर को होगी।

अदालत से

**हाईकोर्ट का विधायक इंद्र सिंह समेत अन्य को नोटिस**

अदालत को बताया गया कि इसकी अधिसूचना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 109 के प्रावधानों के अनुसार आधिकारिक राजपत्र में भी नोटिस प्रकाशित किया गया है।

प्रतिवादी इंद्र सिंह की ओर से पेश अधिवक्ता ने अदालत को बताया की अगर याचिकाकर्ता चुनाव याचिका को वापस लेना चाहता है, तो इसमें उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। हाईकोर्ट में वर्ष 2023 में चुनाव याचिका दायर की गई थी। संवाद

# टेंडर में गड़बड़ी पर एक्सईएन को पद से हटाने के आदेश

## जल शक्ति विभाग में ई-टेंडरिंग सीमा 5 लाख होने के बावजूद उससे कम के ऑफलाइन टेंडर लगाए

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने जल शक्ति विभाग में टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने याचिका की सुनवाई के दौरान पाया कि ई-टेंडरिंग से बचने के लिए काम के टुकड़ों में विभाजित कर ऑफलाइन टेंडर जारी किए जा रहे हैं।

कोर्ट ने विभाग के ज्वाली डिविजन के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) अजय शर्मा को तत्काल पद से हटाने और उनकी सेवाएं वापस लेने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि उन्हें वित्तीय मामलों से संबंधित महत्वपूर्ण और टेंडरिंग कार्य नहीं दिए जाएंगे। अगली सुनवाई 16 सितंबर को होगी। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया व न्यायाधीश रंजन शर्मा के खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए पाया कि टेंडर की सीमा 5 लाख होने के बावजूद विभाग उससे कम के ऑफलाइन टेंडर जारी कर रहा है। बिना ई-टेंडरिंग के टेंडर आवंटन में मापदंडों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और प्रकिया का उल्लंघन हो रहा है। हाईकोर्ट ने 4 अगस्त 2025 को जारी किए गए टेंडर अधिसूचना पर रोक लगा दी है। संवाद




**हिमाचल हाईकोर्ट ने 4 अगस्त को जारी किए गए टेंडर पर भी लगाई रोक**

**कोर्ट ने कहा- ई-टेंडरिंग से बचने को जानबूझ कर छोटे टुकड़ों में बांटे काम :** कोर्ट को जनहित याचिका के माध्यम से सूचित किया गया कि अजय शर्मा 29 मार्च को सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हुए। 2 अप्रैल को इसी पद पर पुनः नियुक्ति के बाद उन्होंने अधिशासी अभियंता का पदभार संभाला। कोर्ट ने इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि पुनः नियुक्ति के बाद अजय शर्मा ने 4 अगस्त को 49 कामों के लिए टेंडर जारी करने का फैसला किया, जिनमें से सभी की राशि 1 लाख से कम थी। कोर्ट ने कहा कि ई-टेंडर प्रक्रिया से बचने के लिए कामों को जानबूझकर छोटे हिस्सों में बांटा जा रहा है।

>> प्रोफेसर का 68 साल तक सेवा विस्तार मंजूर...पेज 9

अमर उजाला



13 AUG 2025

# पेखुबेला सोलर प्रोजेक्ट सरकार का सबसे बड़ा घोटाला : बिक्रम

## बोले-100 करोड़ के प्रोजेक्ट पर 240 करोड़ खर्चे

शिमला। पूर्व उद्योग मंत्री और भाजपा विधायक बिक्रम ठाकुर ने आरोप लगाया कि पेखुबेला सोलर प्रोजेक्ट, हिमाचल के इतिहास का सबसे बड़ा सौर घोटाला है। इसमें जनता के टैक्स के 240 करोड़ रुपये पानी में बहा दिए गए और सरकार मूकदर्शक बनी रही।



शिमला में प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि 100 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाले इस प्रोजेक्ट पर 240 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने के बाद भी कोई परिणाम नहीं मिला। 2 अगस्त 2025 की बारिश के बाद यह प्रोजेक्ट पूरी तरह ठप हो गया। ठाकुर ने कहा कि प्रोजेक्ट की डिजाइन इतनी खराब थी कि तूफानी पानी के निकास का मूलभूत प्रावधान तक नहीं था। ड्रेनेज सिस्टम पास के आईओसीएल के पुराने नाले पर निर्भर था, जो इस स्तर का पानी निकालने के लिए बना ही नहीं था। 32 मेगावाट क्षमता वाला यह प्रोजेक्ट केवल 12 से 14 मेगावाट बिजली ही उत्पादन कर रहा था।

उन्होंने कहा कि ठेकेदार ने पैसे बचाने के लिए प्रोजेक्ट को जीरो लेवल से नीचे 350.50 मीटर की ऊंचाई पर बनाया, जबकि इसे 356 मीटर पर होना था। ब्यूरो

# भाजपा विधायक आशीष के चाचा के स्टोन क्रशर पर छापा

सुजानपुर (हमीरपुर)। हमीरपुर से भाजपा विधायक आशीष शर्मा के चाचा प्रवीण शर्मा के पुंग खड्ड स्थित क्रशर पर पुलिस, खनन विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मंगलवार को छापा मारा। पुलिस के अनुसार अवैध खनन कर निकाले गए पत्थर, बजरी और मशीनरी बरामद की गई है।

वहीं, क्रशर के मालिक प्रवीण शर्मा का कहना है कि बिना वारंट के क्रशर में घुसकर कर्मचारियों को धमकाया गया है और सीसीटीवी की हार्ड ड्राइव भी चोरी की गई है। इसके अलावा जिस सामग्री को अवैध खनन बताया जा रहा है, वह क्रशर बंद होने से पहले का यहां पर मौजूद है। बाकायदा इसकी सीसीटीवी फुटेज भी है। संबंधित विभाग को क्रशर बंद होने से पहले ही इस स्टॉक के बारे में जानकारी दी जा चुकी थी।

इस मामले में खास बात यह है कि पुलिस विभाग के साथ ही जनसंपर्क विभाग की तरफ से भी प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है। जब्त किए गए सामान में एक पोकलेन, चार टिपर, एक मिक्सर और दो जेसीबी मशीनें शामिल है। क्रशर मालिक का कहना है कि जो मशीनरी क्रशर में मौजूद है, उनमें एक जेसीबी के टायर लंबे समय से पंक्चर है और दो टिपर भी खराब हैं। संवाद

### पुलिस, खनन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्रवाई

जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो लोकतंत्र के मायने नहीं रहते हैं। झूठे केस दर्ज किए जा रहे हैं। सीएम जो भी हथकंडे अपना लें, जनता में उनका चेहरा बेनकाब हो चुका है। -आशीष शर्मा, विधायक हमीरपुर

पुलिस की कार्रवाई के दौरान क्रशर पर कार्य कर रहे कर्मचारी भाग गए। काफी देर बाद कर्मचारी जांच में शामिल हुए। दूसरे पक्ष को भी सुनकर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। बरामद खनन सामग्री और मशीनरी क्रशर में पुलिस की निगरानी में है। -भगत सिंह ठाकुर एसपी

योजना

केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने सांसद अनुराग और राजीव भारद्वाज को किया आश्वस्त

# ऊना से कांगड़ा के लिए नई रेल लाइन का जल्द होगा सर्वे

शिमला। केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने ऊना से कांगड़ा के लिए कुनाह होते हुए नई रेल लाइन का सर्वे जल्द कराने का आश्वासन दिया है।

मंगलवार को नई दिल्ली में हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर और कांगड़ा के सांसद राजीव भारद्वाज से मुलाकात के दौरान रेल मंत्री ने कहा कि ऊना, हमीरपुर और कांगड़ा संसदीय क्षेत्र को देश भर से जोड़ने वाली यह नई रेल लाइन छात्रों, श्रद्धालुओं, व्यापारियों, सैनिकों और पर्यटकों को विशेष लाभ पहुंचाएगी। सांसद अनुराग ने केंद्रीय रेल मंत्री को बताया कि जनता की सुविधा के लिए ऊना से कांगड़ा के बीच कुनाह होते एक नई रेल लाइन का निर्माण अति आवश्यक है।



नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री के साथ सांसद अनुराग ठाकुर, राजीव भारद्वाज। स्रोत : पार्टी

देवी सर्किट के रूप में बनने वाला यह रेल मार्ग कालेश्वर महादेव मंदिर, मां ज्वालामुखी, मां चिंतपूर्णी, मां बगलामुखी, मां बज्रेश्वरी, मां चामुंडा देवी, मसरूर मंदिर और बाबा बालकनाथ मंदिर जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों को भी जोड़ेगा। यह रेल लाइन एनआईटी, आईआईटी, मेडिकल कॉलेज, सेंट्रल यूनिवर्सिटी जैसे अनेक संस्थानों में पढ़ने वाले हजारों छात्रों व शिक्षकों को भी लाभ पहुंचाएगी। सांसद राजीव भारद्वाज ने कहा कि कांगड़ा हिमाचल प्रदेश का एक प्रमुख जिला है, जहां तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा का निवास है।

प्रतिष्ठित धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम भी है, जो दुनिया के सबसे मनोरम स्टेडियमों में से एक है और खेल प्रेमियों और पर्यटकों को आकर्षित करता है। प्रस्तावित रेल मार्ग महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और पौंग बांध समेत धौलासिद्ध जल विद्युत परियोजना जैसी परियोजनाओं के लिए बेहतर संपर्क प्रदान करेगा। रेल लाइन के निर्माण से धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को उल्लेखनीय रूप से बढ़ावा मिलेगा और राजस्व सृजन होगा। ब्यूरो

### अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी

अनुराग ठाकुर ने कहा कि किसी भी राज्य अर्थव्यवस्था की मजबूती वहां मौजूद रेल और सड़क की कनेक्टिविटी पर निर्भर है। राज्य के विकास में रेलवे लाइन का अत्यधिक महत्व है और इसके निर्माण से निश्चित रूप से राज्य की आर्थिक प्रगति में बढ़ोतरी होती है। साथ ही रेलवे लाइन सड़क परिवहन के दबाव को कम करने में मदद करती है।

पंजाब केसरी





शिमला : अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व (दाएं) मैराथन के विजेताओं को पुरस्कृत करते मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू। (नरेश)

# पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल करेगा 3 हजार करोड़ का निवेश : सुक्खू

शिमला, 12 अगस्त (अभिषेक/कुलदीप): पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल प्रदेश आगामी वर्षों में 3 हजार करोड़ रुपए का निवेश करेगा। सरकार होम-स्टे निर्माण के लिए 4 प्रतिशत ब्याज पर ऋण दे रही है।

वर्तमान में राज्य में लगभग 8 हजार होम-स्टे चल रहे हैं और किन्नौर जिला में भारत-चीन सीमा पर भी पर्यटन गतिविधियां शुरू हो गई हैं। ये कदम राज्य में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने में काफी मददगार साबित होंगे। यह बात मुख्यमंत्री (शेष पृष्ठ 2 कालम 4 पर)



शिमला : अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू। (नरेश)

## एच.आई.वी. के 6408 मामले, 1453 अकेले 15 से 30 साल के युवाओं में

स्वास्थ्य मंत्री डा. धनी राम शांडिल ने कहा कि बेहतर भविष्य के लिए युवा ऊर्जा को सही दिशा और मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने राज्य में एच.आई.वी. के 6408 मामलों पर चिंता व्यक्त की, जिनमें से 1453 मामले 15-30 वर्ष की आयु के युवाओं में हैं। हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक राजीव कुमार ने कार्यक्रम के दौरान समिति द्वारा की जा रही गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया।

### पर्यटन को बढ़ावा...

सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 6 हजार गांवों में कार-बिन वितरण अभियान और एच.आई.वी. जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। एच.आई.वी. जागरूकता अभियान 12 अक्तूबर तक चलेगा। उन्होंने इस दौरान शिमला में 50 टैक्सी चालकों को कार-बिन वितरित किए और कार-बिन वितरण अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। इस दौरान ने प्रदेश के युवाओं से नशे से दूर रहने और प्रदेश को नशामुक्त राज्य बनाने के प्रयासों में सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से प्रदेश में 10 राजीव गांधी राजकीय डे-बोर्डिंग स्कूल आरंभ हो जाएंगे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने सुबह अपने सरकारी आवास ओकओवर से रैड रन और साइकिल रन को झंडी दिखाई। इसके पश्चात रैली के विजेताओं को सम्मानित किया।

**उचित मूल्य की दुकानों में मिलेंगे प्राकृतिक खेती से बने उत्पाद :** सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती से बने उत्पादों को उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हें गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने दूरभाष के माध्यम से हिमाचल में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की।

## मुख्य विपक्षी दल के आंदोलन को कुचलना लोकतंत्र के खिलाफ

*शिमला : मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मुख्य विपक्षी दल के आंदोलन को कुचलना लोकतंत्र की मर्यादा के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि संसद के अंदर और बाहर सवाल पूछना मुख्य विपक्षी दल का अधिकार है। ऐसे में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के आरोपों का केंद्र सरकार व चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस संगठन के गठन और मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पूछे प्रश्न के उत्तर में कहा कि इसका अंतिम निर्णय हाईकमान को लेना है।*

## पहाड़ों में पेड़ गिरने व भूस्खलन की घटनाएं सामान्य

शिमला : मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पहाड़ों में पेड़ गिरने व भूस्खलन की घटनाएं सामान्य हैं। उन्होंने कहा कि वह बचपन से इस तरह की घटनाओं को देखते रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग की तरफ से वर्षा को लेकर लगातार चेतावनी दी जा रही है, जिसके आधार पर प्रशासन को प्रभावी पग उठाने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बादल फटने की घटनाओं में इस बार बहुत अधिक बढ़ौतरी हुई है। ऐसे में उन्होंने इस विषय को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उठाया है।

५०

2025

पंजाब केसरी

# बिजली बोर्ड कर्मचारियों पर की गई चार्जशीट वापस लेने के निर्देश

## मुख्यमंत्री से मिली स्टेट इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड इम्प्लाइज, इंजीनियर, पैंशनर्ज की ज्वाइंट एक्शन कमेटी

शिमला, 12 अगस्त (राजेश): बिजली बोर्ड में प्रबंधन व कर्मचारियों के बीच चल रहे विवाद के बीच मंगलवार को हिमाचल प्रदेश स्टेट इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड इम्प्लाइज, इंजीनियर, पैंशनर्ज की ज्वाइंट एक्शन कमेटी की बैठक मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ हुई। बैठक में कमेटी ने मुख्यमंत्री के समक्ष सभी मामलों को प्रमुखता से रखा। बैठक में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त ऊर्जा सचिव राकेश कंवर, विशेष सचिव शुभकरण व प्रबंध निदेशक संदीप कुमार उपस्थित रहे। ज्वाइंट एक्शन कमेटी की ओर से ई. लोकेश ठाकुर संयोजक, हीरा लाल वर्मा सह संयोजक के अतिरिक्त ई. ए.एस. गुप्ता, ई. एस.एन. कपूर, ई. डी.के. गुप्ता, कुलदीप खरवाड़ा व कामेश्वर दत्त शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। सचिवालय में देर शाम तक करीब एक घंटा तक चली इस बैठक में कर्मचारियों व पैंशनर्ज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रबंधन को तुरंत चार्जशीट को वापस लेने के आदेश जारी किए। उन्होंने बोर्ड प्रबंधन द्वारा बोर्ड कार्यस्थलों पर बैठक और धरना-प्रदर्शन पर लगी रोक से असहमति जताई और कहा यह संगठनों के अधिकार है और सरकार इस तरह के अधिकारों को कम करने की सोच नहीं रखती है। मुख्यमंत्री ने बिजली बोर्ड में नई भर्ती और सहमति जताई और शीघ्र एक नई भर्ती पालिसी बोर्ड के लिए बनाई जाएगी और उसके तहत पूरे प्रदेश में बिजली बोर्ड में फील्ड स्टाफ की भर्ती की जाएगी।



*शिमला : विद्युत बोर्ड लिमिटेड की संयुक्त कार्य समिति के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू। (नि.स.)*

### पुरानी पैंशन बहाली को मांगा अक्तूबर तक का समय

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने बिजली बोर्ड कर्मचारियों के लिए पुरानी पैंशन देने के लिए वचनबद्धता बताई और इसके लिए कर्मचारियों से अक्तूबर तक का समय मांगा। इसके अतिरिक्त बिजली बोर्ड के पैंशनर्ज की लंबित लीव इन कैशमैंट और ग्रैच्युटी की अदायगी बारे प्रबंधन को शीघ्र अदायगी करने के आदेश दिए।

### बिजली बोर्ड से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बनेगी कमेटी

इसके अतिरिक्त बैठक में मुख्यमंत्री ने बिजली बोर्ड से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर कर्मचारी व अधिकारियों की कमेटी गठित करने की बात भी कही गई। फ्रंट के पदाधिकारियों ने प्रदेश के आऊटसोर्स कर्मियों को स्थायी नीति बनाने की भी मांग को भी जोर से रखा है।

# प्रियंका गांधी शिमला में मनाएंगी स्वतंत्रता दिवस, आज आएंगी

शिमला, 12 अगस्त (राक्टा): अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा इस बार शिमला में स्वतंत्रता दिवस मनाएंगी। इसी कड़ी में वह बुधवार को शिमला आएगी।



प्रस्तावित दौरे के अनुसार प्रियंका गांधी दिल्ली से चंडीगढ़ तक हवाई मार्ग से आएगी, वहां से उनका काफिला सड़क मार्ग होते हुए शिमला पहुंचेगा। साथ ही सूचना है कि उनके पति रॉबर्ट वाड्रा भी आगामी 14 अगस्त को शिमला आएंगे। प्रियंका वाड्रा के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए छराबड़ा के साथ ही आसपास के क्षेत्रों में पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है।

# मुख्यमंत्री ने भूटान सरकार को 5 हजार से अधिक चिलगोजा के पौधे भेंट किए

**भूटान साम्राज्य के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिमला में की मुलाकात, परस्पर संबंधों पर हुई चर्चा**



*शिमला : रॉयल भूटानी एम्बेसी के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन ताशी पेलडन और मंत्री सलाहकार चिमी वांगमो के नेतृत्व में भूटान साम्राज्य के प्रतिनिधिमंडल के साथ भेंट के दौरान चर्चा करते मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू।* (नि.स.)

शिमला, 12 अगस्त (ब्यूरो): रॉयल भूटानी एम्बैसी के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन ताशी पेलडन और मंत्री सलाहकार चिमी वांगमो के नेतृत्व में भूटान साम्राज्य के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की तथा परस्पर संबंधों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और भूटान के बीच संबंध हमेशा सौहार्दपूर्ण रहे हैं।

उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच 1949 में मैत्री समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसे 2007 में नवीनीकृत किया गया। उन्होंने कहा कि इन संबंधों को और अधिक मजबूत करते हुए प्रदेश की जनता की तरफ से मित्रता के प्रतीक के रूप में भूटान सरकार के वन एवं पार्क सेवा विभाग को आज 5 हजार से अधिक चिलगोजा पौधे दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि आगामी अक्तूबर माह में जाइका परियोजना के तहत स्वयं सहायता समूहों द्वारा एकत्र किए गए 50 किलोग्राम चिलगोजा के बीज भी भूटान को प्रदान किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि चिलगोजा के पौधे जिला किन्नौर तथा जिला चम्बा के पांगी और भरमौर क्षेत्रों में पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि चिलगोजा के बीज किन्नौर जिला के लोगों की आजीविका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और बाजार में इन्हें अच्छा मूल्य प्राप्त होता है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इन बीजों में औषधीय गुणों के साथ-साथ एंटीऑक्सीडैंट तत्व भी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। उन्होंने भूटान सरकार को चिलगोजा के पौधे लगाने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने की पेशकश की। ताशी पेलडन ने चिलगोजा के पौधे प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि यह पहल मैत्री संबंधों को और मजबूत बनाने में सहायक होगी।



*शिमला : मुख्यमंत्री से मिलते प्रदेश कम्प्यूटर शिक्षक संघ के पदाधिकारी।* (नि.स.)

## प्रदेश कम्प्यूटर शिक्षक संघ की राज्य अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की भेंट

शिमला, 12 अगस्त (ब्यूरो): प्रदेश कम्प्यूटर शिक्षक संघ की राज्य अध्यक्ष सुमन ठाकुर ने सोमवार सायं मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से ओकओवर शिमला में भेंट की, उन्हें संघ की विभिन्न मांगों के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि विभिन्न सरकारी स्कूलों में 1302 कम्प्यूटर अध्यापक लगभग 25 वर्षों से अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कम्प्यूटर अध्यापकों को नियमित करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार उनकी उचित मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी।

पंजाब केसरी 2025

# लोकतंत्र की रक्षा व निष्पक्ष चुनाव के लिए जारी हो डिजिटल वोटर लिस्ट : अग्निहोत्री

## डिजिटल वोटर लिस्ट से आएगी पारदर्शिता और बढ़ेगा नागरिकों का भरोसा

शिमला, 12 अगस्त (ब्यूरो/राजेश): उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने लोकतंत्र की रक्षा व निष्पक्ष चुनाव के लिए डिजिटल वोटर लिस्ट को जारी करने की मांग की। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा शुरू की गई डिजिटल वोटर लिस्ट की मांग का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि यह केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि देश के संविधान, पारदर्शिता और जनता के अटूट विश्वास की रक्षा का संकल्प है।

शिमला से जारी बयान में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लोकतंत्र की रक्षा, मतदाता सूची की शुचिता और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, वोट चोरी या मतदाता सूची में हेरफेर लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करता है।

डिजिटल वोटर लिस्ट से पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिकों का भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने प्रदेश के नागरिकों से अपील की कि वे इस मुहिम का हिस्सा बनकर लोकतंत्र को और मजबूत करें। इसके लिए वैबसाइट पर जाकर अथवा 9650003420 पर मिस्ड कॉल देकर अपना समर्थन दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस आंदोलन से देश में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की दिशा में महत्वपूर्ण पहल का आरंभ होगा।



### एच.आर.टी.सी. चालकों-परिचालकों को नाइट ओवरटाइम के 2 करोड़ जारी

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने चालकों व परिचालकों को एक माह का ओवरटाइम भत्ता और रात्रि ओवरटाइम भत्तों के लिए 2 करोड़ रुपए इस माह जारी कर दिए हैं। एच.आर.टी.सी. की चालक यूनियन की हाल ही में हुई बैठक में यूनियन की मांगों पर विचार करते हुए कई अहम निर्णय तत्काल लागू कर दिए गए हैं।



*शिमला : उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को पुष्पगुच्छ देते डी.सी. शिमला अनुपम कश्यप व एस.पी. शिमला। (नरेश)*

## डी.सी. शिमला ने उपमुख्यमंत्री को दिया समारोह में शामिल होने का निमंत्रण

उपमुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश मुकेश अग्निहोत्री को जिला शिमला के डी.सी. अनुपम कश्यप ने 15 अगस्त को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया। इस अवसर पर जिला शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि यह समारोह 11 बजे ऐतिहासिक रिज मैदान शिमला में आयोजित किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को स्मरण करने और जनसेवा के संकल्प को दोहराने का अवसर है। उन्होंने कहा कि शिमला में आयोजित यह समारोह प्रदेश के लोगों के देश प्रेम और एकता का प्रतीक बनेगा।

## उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने थपथपाई एस.पी. शिमला की पीठ

शिमला, 12 अगस्त (राजेश) : शिमला में चर्चित तीन स्कूली बच्चों के अपहरण मामले में शिमला पुलिस द्वारा बेहतरीन काम करने पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने एस.पी. शिमला की पीठ थपथपाई है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी और उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि हाल ही में तीन स्कूली बच्चों के अगवा होने पर 24 घंटे के अंदर अपहरणकर्ता को पकड़कर बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों को सौंप देने का कार्य सराहनीय है।

पंजाब केसरी

43

# आई.जी.एम.सी. में मानसिक रोगियों के साथ नहीं रखे जाएंगे नशे के आदी मरीज : स्वास्थ्य मंत्री




*शिमला: हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति द्वारा युवा बचाओ अभियान के अंतर्गत नशे के खिलाफ बनाई सीरीज द व्हाइट टुथ का ट्रेलर लांच करते स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल व अन्य।* (नरेश)

शिमला, 12 अगस्त (अम्बादत): आई.जी.एम.सी. में इलाज के लिए उपचाराधीन नशे के आदी लोगों को मानसिक रोगियों के साथ नहीं रखा जाएगा। हमारी सरकार इस दिशा में कदम उठाने जा रही है। यह बात स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री डा. कर्नल धनी राम शांडिल ने बचत भवन में हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति की ओर से युवा बचाओ अभियान के तहत नशे के खिलाफ द व्हाइट टुथ वैब सीरीज का ट्रेलर लांच करने के उपरांत कही। यह सीरीज नशे की गिरफ्त में आ चुके लोगों के ऊपर आधारित है जिसमें 7 एपिसोड होंगे।

नशे के खिलाफ आप समाज में किस तरह अपनी भूमिका निभा सकते हैं, इस वैब सीरीज के माध्यम से जागरूकता फैलाने का लक्ष्य है। वैब सीरीज को टी.एफ.टी. प्रोडक्शन की ओर से बनाया गया है1 यह वैब सीरीज ज्ञान विज्ञान समिति के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध रहेगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मानव जीवन बहुमूल्य है, इसे नशे के आगोश में रख कर खत्म नहीं करना चाहिए। आज हर तरफ नशे का कारोबार फैल चुका है। सीमाओं के माध्यम से विदेशों से भारत में नशे की खेप पहुंच रही है। सुरक्षा एजैंसियां कार्य तो कर रही हैं, लेकिन इसने और तीव्रता लानी होगी।

## नशे से निकलना बहुत मुश्किल था : पंकज

नशे को हरा चुके पंकज ने अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि वह 6 साल से चिट्टा ले रहा था। इससे पहले मैं 14 साल तक भांग का आदी हो गया था। जब मैं चिट्टा लेता था तो मैंने शरीर की कई नसों में इंजैक्शन लगाए। कई बार तो इंजैक्शन लगाने के लिए मुझे नसें भी नहीं मिलती थीं। मैं नशा छोड़ना चाहता था लेकिन ऐसा कर नहीं पा रहा था। मैं ज्यादा से ज्यादा दो दिन तक बिना नशा किए रह पाता था। उसके बाद तीसरे दिन मुझे डोज चाहिए ही होती थी। मेरे साथ जो नशा करते थे करीब 14 दोस्तों ने अपनी जान नशे के कारण गंवाई है। मेरे परिवार वालों ने मेरा साथ दिया और इंदिरा गांधी मैडीकल कॉलेज में मेरा उपचार करवाया। मेरे परिवार ने मेरा साथ नहीं छोड़ा। अगर वो मेरे साथ न होते तो शायद मैं नशे को हरा न पाता। नशे को छोड़ने में परिवार वालों की अहम भूमिका होती है।

शिमला में सरकारी क्षेत्र में एक नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने के विकल्प तलाशे जाएंगे ताकि नशे के आदी लोगों को सही उपचार मिल सके।

# जिले में चल रहे विकासात्मक कार्यों को समय पर पूर्ण करें अधिकारी : जगत



*रिकांगपिओ : कल्पा मंडल के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी।* (राजकुमार)

रिकांगपिओ,12 अगस्त (राजकुमार): राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर जिला के रिकांगपिओ स्थित आई.टी.डी.पी. भवन के सम्मेलन कक्ष में लोक निर्माण विभाग के कड़छम व कल्पा मंडल में निर्माणाधीन विभिन्न विकासात्मक कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें ताकि आम लोगों को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी सेब सीजन के सफल आयोजन के लिए जिला के मुख्य मार्गों व संपर्क मार्गों में मुरम्मत के कार्य को प्राथमिकता प्रदान करें ताकि जिला के किसानों व बागवानों की फसलों को समय पर मंडियों तक पहुंचाया जा सके। इसके अलावा उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि विकासात्मक कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बरतने वाले ठेकेदारों पर सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए।

जनजातीय विकास मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को 3 किलोमीटर लंबे वैकल्पिक निगुलसरी संपर्क मार्ग को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए और सापनी-कंडा सम्पर्क मार्ग के कार्य को भी समय पर पूर्ण करने को कहा। उन्होंने जिला के कल्पा, सांगला व रिब्बा में निर्माणाधीन मल निकासी योजनाओं के कार्य में तेजी लाने और कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के संबंधित विभागों को निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त राजस्व मंत्री ने मनरेगा-2005 के लिए 15वें वित्त आयोग के तहत मनरेगा के कार्यों के लिए प्रदान धनराशि के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक की कार्यवाही का संचालन सहायक आयुक्त डा. ओम प्रकाश यादव ने किया और राजस्व मंत्री को विभिन्न विकासात्मक कार्यों की जानकारी प्रदान की।

2025

पंजाब केसरी

# बरसात खत्म होते ही हिमुडा से करवाएंगे क्षतिग्रस्त स्कूलों का निर्माण : रोहित

**■ आपदा प्रभावित सराज क्षेत्र के दौरे के दौरान बोले शिक्षा मंत्री**

थुनाग, 12 अगस्त (ख्यालीराम): शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मंगलवार को आपदा प्रभावित सराज क्षेत्र का दौरा कर निहरी सुनाह पाठशाला व डिग्री कालेज लंबाथाच सहित कई क्षतिग्रस्त शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में हाल में आई आपदा से 523 शिक्षण संस्थान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें से 109 पूर्ण रूप से नष्ट हो गए हैं। केवल मंडी जिले में 29 संस्थान प्रभावित हुए हैं, और इनमें से 22 अकेले सराज में हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इन 109 पूर्ण क्षतिग्रस्त स्कूलों के लिए प्रथम चरण में 16 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है तथा बरसात समाप्त होते ही इनका पुनर्निर्माण कार्य हिमुडा के माध्यम से करवाया जाएगा।



*थुनाग : लंबाथाच में आपदा प्रभावितों से मिलते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।* (ख्यालीराम)

## भविष्य में भवन निर्माण के लिए स्थान चयन की इन पर होगी जिम्मेदारी

रोहित ठाकुर ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भवन निर्माण के लिए स्थान चयन की संयुक्त जिम्मेदारी उपनिदेशक शिक्षा, बी.ई.ओ. और नोडल एजेंसी की होगी, ताकि भवन आपदा संभावित क्षेत्रों, नदियों और नालों से दूर बनाए जा सकें।

## एक किलोमीटर के दायरे में पूर्ण क्षतिग्रस्त स्कूल होंगे समायोजित

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि एक किलोमीटर के दायरे में स्थित पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त स्कूलों को निकटवर्ती सुरक्षित विद्यालयों में समायोजित किया जाएगा। निहरी में प्राइमरी स्कूल की कक्षाएं अब वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में लगेंगी। शिक्षा मंत्री ने लोक निर्माण विभाग को क्षेत्र की बंद पड़ी सड़कों की बहाली में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि बागवान अपने तैयार सेब की फसल समय पर बाजार तक पहुंचा सकें।

## सराज के जंजैहली में खुलेगा राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल

आपदा प्रभावितों का कुशलक्षेम जानने के बाद शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जंजैहली में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोलने की सैद्धांतिक घोषणा की। सराज कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जगदीश रेड्डी ने कहा कि उन्होंने सी.एम. सुक्खू को अगस्त, 2023 में सराज के लिए मांग पत्र सौंपा था। सरकार ने अपने बजट में प्रावधान कर रखा है और इसे शामिल करना एक महत्वपूर्ण कदम है।

पंजाब केसरी
13 AUG 2025




रामपुर बुशहर : लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ननखड़ी दौरे के दौरान। (वीरेंद्र)

## आपदा राहत के लिए केंद्र से मिले 1500 करोड़ : विक्रमादित्य

रामपुर बुशहर, 12 अगस्त (नोगल): प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंगलवार को अपने ननखड़ी दौरे में कहा



कि वर्ष 2023-24 में जो त्रासदी आई थी, जिसकी भरपाई के लिए केंद्र सरकार से निवेदन किया था और इस पर केंद्र से 2000 करोड़ रुपए मिले हैं, जिसमें प्रदेश सरकार का शेयर करीब 500 करोड़ रुपए है।

प्रदेश को 1500 करोड़ रुपए के लगभग राशि मिली है। इसका प्रयोग जहां पर भी लो.नि.वि. को सड़कों, डंगों और पुलों आदि का नुक्सान है वहां खर्च किए जाएंगे, जिसमें ननखड़ी भी शामिल है। जिसकी रिपोर्ट बनाने के लिए उच्चाधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं।

## टिक्कर-खमाड़ी सड़क को केंद्र सरकार ने 55 करोड़ रुपए किए मंजूर : विक्रमादित्य

रामपुर बुशहर, 12 अगस्त (नोगल): प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंगलवार को अपने ननखड़ी दौरे में क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत दी।

उन्होंने घोषणा की कि टिक्कर-खमाड़ी सड़क, जिसे ननखड़ी की लाइफलाइन कहा जाता है, उसे एक माह में दुरुस्त किया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार ने 55 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की है। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि ननखड़ी क्षेत्र के लिए प्रदेश सरकार विशेष ध्यान दे रही है।

उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत चल रहे सभी विकास कार्यों को तय समय पर पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह न केवल उनकी वचनबद्धता है बल्कि जिम्मेदारी भी है।

अपने दौरे की शुरूआत प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री ने खड़ाहण पंचायत से करते हुए खुन्नी पनौली, जाहू, खोलीघाट, गाहन व अड्डू आदि पंचायतों का दौरा किया। ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ननखड़ी में विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए मुख्यमंत्री से जल्द बात करेंगे। इसके अलावा क्षेत्र के लिए 30 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि मंजूरी प्रक्रिया में है। इस राशि का उपयोग टूटी सड़कों की मुरम्मत और सुरक्षा डंगों के निर्माण के लिए किया जाएगा।

## हिमाचल का पहला जीरो वेस्ट जनजातीय महोत्सव 14 से केलांग में

- जनजातीय समुदायों की कला, शिल्प और परंपराओं को प्रदर्शित किया जाएगा

शिमला, 12 अगस्त (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश का पहला जीरो वेस्ट जनजातीय महोत्सव 14 से 16 अगस्त तक जिला लाहौल-स्पीति के केलांग में आयोजित किया जाएगा। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम न केवल क्षेत्र की जीवंत जनजातीय विरासत का उत्सव होगा, बल्कि राज्य में उत्सवों के दौरान पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व का एक नया मानदंड भी स्थापित करेगा।

जिला लाहौल-स्पीति की उपायुक्त किरण भड़ाना ने शिमला से जारी बयान में बताया कि जीरो वेस्ट महोत्सव की परिकल्पना को विभिन्न पहलों के माध्यम से साकार किया जाएगा, जिनमें प्लास्टिक बोतल और डिस्पोजेबल कप के उपयोग पर प्रतिबंध, सुरक्षित पेयजल के लिए विभिन्न स्थानों पर जल की उपलब्धता और गुणवत्ता जांच, पत्तल (पत्तों की प्लेट) एवं बायोडिग्रेडेबल बर्तनों का उपयोग, प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के बैनर का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

जिला प्रशासन लाहौल-स्पीति, 'हीलिंग हिमालयाज' और 'साहस' एन.जी.ओ. के सहयोग से अपशिष्ट प्रबंधन, स्थिरता जागरूकता तथा पर्यावरण अनुकूल पहलों पर जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन करेंगे। महोत्सव के दौरान हैरिटेज इकोज पवेलियन विशेष आकर्षण होगा। जनजातीय समुदायों की कला, शिल्प और परंपराओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

ट्राइबल को-ऑप्रेटिव मार्कीटिंग डिवैल्पमैंट फैडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से जनजातीय शिल्पकार अपने पारंपरिक व्यंजन, हथकरघा उत्पाद और हस्तकला को प्रदर्शित भी करेंगे, जिससे सांस्कृतिक संरक्षण और आजीविका को प्रोत्साहन मिलेगा। जनजातीय महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम नॉर्थ जोन कल्चरल सैंटर के सहयोग से आयोजित किया जाएगा, जिसमें लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, उत्तराखंड और हिमाचल के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

### स्थानीय और राष्ट्रीय कला का होगा अनूठा संगम

यह उत्सव स्थानीय और राष्ट्रीय कला का अनूठा संगम होगा। महोत्सव के दौरान फूड फिएस्टा में आगंतुकों को जनजातीय क्षेत्र के व्यंजनों सहित अन्य विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसे जाएंगे। किरण भड़ाना ने कहा कि जनजातीय महोत्सव-2025 केवल सांस्कृतिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारी विरासत संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है।

हिमाचल के पहले जीरो वेस्ट जनजातीय महोत्सव के रूप में यह आयोजन पूरे प्रदेश में लोगों को जिम्मेदारी से उत्सव मनाने और अपनी समृद्ध परंपराओं को संजोने के लिए प्रेरित करेगा।

पंजाब केसरी

13 AUG 2025

# मानसून सत्र में हस्तलिखित जारी किए जाएंगे प्रवेश पत्र : पठानिया



शिमला: हिमाचल प्रदेश विधानसभा में अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

**■ विधानसभा अध्यक्ष अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक, 900 जवान संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा**

शिमला, 12 अगस्त (राक्य): हिमाचल विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर तैयारियों का दौर जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को विधानसभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया।

## प्रदेश की पहली विधानसभा के वर्किंग डे 181 रहे

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने मीडिया से बातचीत में कहा कि विधानसभा सचिवालय को 635 तारांकित और 127 अतारांकित प्रश्न मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा की 1 वर्ष में 35 सिटिंग निर्धारित की गई हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रदेश की 1962 की जो पहली विधानसभा थी, उसके वर्किंग डे 181 रहे हैं। उसके बाद से सभी विधानसभाओं के कार्य दिन 150, 160 व 165 के आसपास रहे हैं। उन्होंने कहा कि 14वीं विधानसभा का इस वर्ष का जब आखिर सत्र होगा तो 35 सिटिंग की अनिवार्यता पूरी हो जाएगी।

बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सभी प्रवेश पत्र ऑनलाइन के बजाय हस्तलिखित माध्यम से जारी किए जाएंगे।

इस अवसर पर एस.पी. संजीव गांधी ने कहा कि 900 के करीब जवान विधानसभा सत्र के दौरान सुरक्षा में मौजूद रहेंगे तथा सुरक्षा चाक चौबंद रहेगी। सत्र की कार्यवाही देखने आए आगंतुकों को दर्शक दीर्घा में स्थान की उपलब्धता अनुसार पास जारी किए जाएंगे। विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी शासकीय पास पर सभी को अपनी पासपोर्ट साइज फोटो लगानी सभी पास धारकों के लिए अनिवार्य होगा।

पंजाब केसरी

13 AUG 2025

47

# मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना को फिर मिल सकता है सेवा विस्तार

शिमला, 12 अगस्त (भूपिन्द्र): हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना को फिर से दूसरी बार सेवा विस्तार (एक्सटेंशन) मिल सकता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सक्सेना को दूसरी बार एक्सटेंशन देने की राज्य सरकार तैयारी में है। राज्य सचिवालय में उनको सेवा विस्तार दिए जाने की फाइल आगे बढ़ी है।



राज्य सरकार ने प्रबोध सक्सेना को 29 मार्च, 2025 को उनकी सेवानिवृत्ति पर 6 माह का सेवा विस्तार दे दिया था, जिसकी समय अवधि 30 सितम्बर को पूरी हो रही है। इसे देखते हुए सरकार उन्हें फिर से सेवा विस्तार देने की तैयारी में है। ऐसे में यदि सक्सेना को सेवा विस्तार मिलता है तो मुख्य सचिव बनने की चाह में बैठे एवं मुख्य सचिव के प्रमुख दावेदार 5 वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारियों को और इंतजार करना पड़ सकता है। इसमें सबसे प्रमुख दावेदार 1988 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी संजय गुप्ता हैं।

इसके अलावा वर्ष 1993 बैच के आई.ए.एस. और अतिरिक्त मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत, 1994 बैच के एस.सी.एस. ओंकार शर्मा तथा वर्ष 1995 बैच के एस.सी.एस. आर.डी. नजीम का नाम शामिल है। इसके अलावा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर अपनी सेवाएं दे रहीं वर्ष 1994 बैच की आई.ए.एस. अधिकारी अनुराधा ठाकुर का नाम भी मुख्य सचिव की दौड़ में शामिल है। ऐसे में अब अगले माह ही पता चलेगा कि राज्य को नया मुख्य सचिव मिलता है या वर्तमान मुख्य सचिव को फिर से सेवा विस्तार मिलता है।

48

पंजाब केसरी

13 AUG 2025

# राज्यपाल बनाम राज्य टकराव की लीग में शामिल हुआ हिमाचल

अतीत में सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे 'सक्रिय' राज्यपालों के पंख काटने की कोशिश की है, लेकिन यह प्रवृत्ति खत्म नहीं हुई। मोदी सरकार द्वारा नियुक्त अधिकांश मौजूदा राज्यपाल जिनमें कई का वैचारिक झुकाव आर.एस.एस. से माना जाता है।

आलोचकों की नजर में दिल्ली की मौन स्वीकृति से समर्थित माने जाते हैं। विडंबना यह है कि यह प्रवृत्ति भाजपा की देन नहीं है। कांग्रेस के दौर में भी केंद्र ने राजभवनों को राजनीतिक औजार की तरह इस्तेमाल किया था। बस, किरदार बदल गए हैं, पटकथा वही है।

## हिमाचल का फ्लैश प्वाइंट

हिमाचल में यह विवाद राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और सुखविंदर सिंह सुक्खू नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के बीच दो प्रमुख विश्वविद्यालयों सोलन के डा. यशवंत सिंह परमार कृषि, बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय और पालमपुर स्थित सी.एस.के. हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय में कुलपति नियुक्तियों पर बढ़ गया है।

दोनों विश्वविद्यालय नौणी (मई 2025) और पालमपुर (2023) से प्रमुखहीन हैं। राज्यपाल ने बतौर कुलाधिपति चयन समिति बनाकर विज्ञापन जारी किया, जिसे राज्य सरकार ने 11 अगस्त को वापस ले लिया, इसे "अवैध" और "संविधान की भावना के विरुद्ध" बताया है। सरकार का कहना है कि नियुक्तियों से संबंधित संशोधन विधेयक पर पुनर्विचार लंबित है।



आईना

के.एस. तोमर
राजनीतिक विश्लेषक व राष्ट्रीय स्तंभकार

## विधायी पृष्ठभूमि

21 सितम्बर 2023 को पारित हिमाचल प्रदेश कृषि, बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023 राज्यपाल को भेजा गया, जिसने इसे लौटाकर मॉडल एक्ट (संशोधित 2023) के प्रावधान जोड़ने को कहा। 18 अगस्त से शुरू हो रहे मानसून सत्र में सरकार विधेयक फिर पारित कर सकती है, जिससे संवैधानिक टकराव तय है। कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने 26 जुलाई को राज्यपाल को पत्र लिखकर चयन प्रक्रिया रोकने का आग्रह किया, जबकि राजभवन ने 1986 के अधिनियम का हवाला देकर प्रक्रिया को वैध ठहराया।

## अधिकार और प्रक्रिया

सरकार का कानूनी मत है कि 1986 के अधिनियम की धारा 8 और 23 के तहत राज्यपाल के अधिकार सीमित हैं और विज्ञापन जारी करने का अधिकार केवल विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार या नामित सचिव को है न कि राज्यपाल सचिवालय को। फिलहाल, विज्ञापन वापसी से राज्यपाल की पहल रुक गई है, लेकिन छात्र-शिक्षक असमंजस में हैं, विश्वविद्यालय बिना नेतृत्व के हैं और केंद्र-राज्य खींचतान को नया मंच मिल गया है।

## दोहराया जाने वाला राजनीतिक खेल

यह टकराव केवल कुलपति नियुक्तियों का कानूनी विवाद नहीं, बल्कि उस पैटर्न का हिस्सा है जिसमें विपक्ष-शासित राज्यों में राज्यपाल समानांतर शक्ति केंद्र बन जाते हैं इसकी कीमत है नीतियों में देरी, संस्थागत पंगुता और सहकारी संघवाद का ह्रास।

हिमाचल का इसमें शामिल होना बताता है कि राजभवन-विधानसभा की रस्साकशी जल्दी खत्म नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट की पुरानी चेतावनियां असरदार होंगी या नहीं, यह अनिश्चित है, लेकिन इतना तय है एक बार फिर राजनीति जनहित पर हावी है और विश्वविद्यालय इस संघर्ष की सीधी मार झेल रहे हैं। -समाप्त

## नियमित कुलपति की तैनाती में दूसरी बार व्यवधान

पालमपुर, 12 अगस्त (भृगु): कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के 14वें नियमित कुलपति पद की अधिसूचना में दूसरी बार व्यवधान पड़ा है। कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में नियमित कुलपति के तैनाती के लिए पद विज्ञापित कर दिया गया था, परंतु प्रदेश सरकार में कुलाधिपति एवं राज्यपाल द्वारा जारी अधिसूचना को रद्द कर दिया गया है। ऐसा दूसरी बार हुआ है। प्रदेश सरकार ने राजभवन द्वारा 2 विश्वविद्यालयों में कुलपति के चयन को लेकर चल रही प्रक्रिया को रोक दिया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में पहले विधानसभा के मानसून सत्र में संशोधित विधेयक लाया जाएगा। पुराने विधेयक को राजभवन से स्वीकृति नहीं मिली थी और राजभवन में इसमें कुछ आपत्तियां दर्ज की थीं।

### 2023 के मानसून सत्र में किया था पारित

सरकार ने पिछले विधानसभा सत्र में एक विधेयक भी पारित किया था। इस विधेयक का नाम हिमाचल प्रदेश कृषि, बागवानी और वानिकी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2023 था। वर्ष 2023 के मानसून सत्र में ही इसे पारित किया गया था। यद्यपि तब से लेकर अभी तक राजभवन से इसे स्वीकृति नहीं मिल पाई थी। 21 अगस्त 2023 को कृषि विश्वविद्यालय के 13वें नियमित कुलपति प्रो एच.के. चौधरी का कार्यकाल समाप्त हो गया था। उसके पश्चात से नियमित कुलपति की तैनाती को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही।

पंजाब केसरी
13 AUG 2025



# मुख्यमंत्री आवास में तैनात सुरक्षाकर्मी को दी वेतन वृद्धियां रोकने की सजा असंवैधानिक : हाईकोर्ट



शिमला, 12 अगस्त (मनोहर): प्रदेश हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री आवास में तैनात सुरक्षाकर्मी को कदाचार के आरोप में दी गई 4 वेतन वृद्धियां रोकने की सजा को असंवैधानिक ठहराते हुए खारिज कर दिया। न्यायाधीश सत्येन वैध ने याचिकाकर्त्ता होशियार सिंह की याचिका को स्वीकारते हुए कहा कि प्रार्थी को किसी कदाचार या कर्त्तव्य की उपेक्षा के पुख्ता प्रमाण पर ही किसी दंड का सामना करना पड़ सकता है। याचिकाकर्त्ता ने बताया 18 फरवरी 2002 को मुख्यमंत्री के आवासीय परिसर में पोस्ट संख्या 5 पर ड्यूटी पर था। लगभग 4 बजे एक व्यक्ति ने कथित तौर पर मुख्यमंत्री के आवास परिसर में घुस गया और अपना बैग छोड़कर भाग गया। याचिकाकर्त्ता के साथ उप निरीक्षक भीम सिंह, कांस्टेबल शेष राम संख्या 689 और कांस्टेबल राम पाल संख्या 886 के खिलाफ अनुशासनात्मक जांच की गई।

याचिकाकर्त्ता ने अपने बचाव में कहा था कि परिसर के बाहर से कोई व्यक्ति याचिकाकर्त्ता से पूछताछ करने की कोशिश कर रहा था और याचिकाकर्त्ता उन सवालों के जवाब दे रहा था। कोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि चूंकि यह दंड याचिकाकर्त्ता के विरुद्ध किसी भी दोषपूर्ण परिस्थिति के प्रमाण के बिना लगाने का प्रयास किया गया है, इसलिए ऐसी विकृत कार्रवाई को बरकरार नहीं रखा जा सकता है। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि वें याचिकाकर्त्ता के सभी सेवा लाभ बहाल करें जो विभागीय आदेशों के परिणामस्वरूप प्रार्थी से छीन लिए गए थे। कोर्ट ने पाया कि पूरी जांच रिपोर्ट में भी याचिकाकर्ता के विरुद्ध किसी भी अपराधी साक्ष्य के बारे में एक शब्द भी नहीं था।

# अब तक प्रदेश में 229 लोगों की मौत

शिमला, 12 अगस्त (राजेश): हिमाचल में मानसून लगातार बरस रहा है और आपदाएं कम नहीं हो रही हैं। ओरैंज अलर्ट के बीच बीती रात राज्य के कई हिस्सों में भारी वर्षा हुई, जिससे भूस्खलन और पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आईं।

मानसून सीजन में अब तक 229 लोगों की मौत हो चुकी है, 36 लापता हैं और 323 लोग घायल हुए हैं। अब तक 2,077 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें 499 पूरी तरह ढह गए, 311 दुकानें और 1,955 पशुशालाएं नष्ट हुई हैं।

## अब तक 2007 करोड़ रुपए का नुक्सान

प्रदेश में मानसून से अब तक 2007 करोड़ रुपए का नुक्सान हुआ है, जिसमें लोक निर्माण विभाग को 1071 करोड़ रुपए और जल शक्ति विभाग को 682 करोड़ रुपए का नुक्सान पहुंचा है।

# सुजानपुर में क्रशर पर छापेमारी, भारी मात्रा में मशीनरी और बोल्डर जब्त

## पुलिस विभाग की अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

सुजानपुर,हमीरपुर, 12 अगस्त (नि.स.): जिला पुलिस ने सुजानपुर में बड़े स्तर पर अवैध रूप से हो रहे खनन पर एक क्रशर पर बड़ी मात्रा में मशीनरी व बोल्डर जब्त किए हैं। गुप्त सूचना के आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने मंगलवार को सुजानपुर की पुंग खड्ड में सदर विधायक के रिश्तेदार के स्वामित्व वाले एक क्रशर पर छापेमारी की। जबकि धिकारिक तौर पर यह गत वर्ष जुलाई महीने से बंद कर दिया गया था।

लगातार हो रही बारिश और क्षतिग्रस्त रास्तों के कारण घटनास्थल तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण था, फिर भी पुलिस टीम मौके पर पहुंचने में सफल रही। मौके पर पाया गया कि क्रशर मालिक पोकलेन और अन्य मशीनों की मदद से पत्थरों का अवैध खनन कर रहा था। छापेमारी के दौरान खनन निरीक्षक और प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने मौके से अवैध खनन में इस्तेमाल की जा रही भारी मात्रा में मशीनरी 1 पोकलेन, 4 टिप्पर, 1 मिक्सर, 2 जे.सी.बी. व भारी मात्रा में ताजा निकाले गए बोल्डर को जब्त कर कब्जे में ले लिया गया है। इस संबंध में सुजानपुर थाना में एफ.आई.आर. दर्ज की गई है। पुलिस इस मामले में माइनिंग एवं अन्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत होने की भी जांच कर रही है। मामले की आगे की जांच जारी है।

वहीं सदर विधायक का कहना है कि सरकार झूठे मामले बनाने के लिए पुलिस का दुरुपयोग कर रही है। मेरा क्रशर डेढ़ साल से बन्द पड़ा है, लेकिन क्रशर पर खड़ी मशीनरी व पुराने मटीरियल को ही पुलिस ने जब्त करके झूठा मामला बनाया है।

उन्होंने कहा कि क्रशर पर सी:सी.टी.वी. कैमरे लगे हैं और पुलिस अधिकारी ने इनकी हार्ड डिस्क भी चुरा ली है उसमें सारे सबूत हैं, लेकिन पुलिस उन्हें भी मिटाना चाहती है।

उन्होंने कहा कि सरकार मेरे खिलाफ षड्यंत्र रचकर झूठे मामले बना रही है और यह नई बात नहीं है। इससे पहले भी मुझ पर सरकार ने जबसे मैंने भाजपा ज्वाइन की है दर्जनों झूठे मुकदमें बनाए हैं।

पंजाब केसरी

13 AUG 20..

# रोहड़ू फल मंडी में बागवानों के साथ हो रही मनमानी पर स्थानीय विधायक की चुप्पी निंदनीय

## बागवानों की हालत देखने फल मंडी जाना भी उचित नहीं समझ रहे विधायक ब्राक्टा : शशि बाला

शिमला, 12 अगस्त (स.ह.): रोहड़ू क्षेत्र में सेब सीजन अपनी चरम सीमा पर चल रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार व ए.पी.एम.सी. की अव्यवस्था के चलते बागवानों को अपनी फसल के उचित दाम नहीं मिल पा रहे हैं। यह बात रोहड़ू में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक की पूर्व चेयरपर्सन एवं भाजपा नेत्री शशि बाला ने कही। उन्होंने कहा कि बागवानों के साथ झूठे वायदे करने वाले स्थानीय विधायक मोहन लाल ब्राक्टा फल मंडी की हालत देखने तक नहीं जा पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य इस बात का है कि सड़कों की लगातार हो रही खस्ता हालत, रोहड़ू फल मंडी में सेब के दामों में भारी गिरावट पर विधायक चुप बैठे हैं तथा बागवानों को लुटने के लिए छोड़ रखा है।

शशि बाला ने बताया कि स्थानीय विधायक मोहन लाल ब्राक्टा इन दिनों बागवानों की चिंता छोड़ पूर्व भाजपा कार्यकाल में शुरू विकास कार्यों में आधे अधूरे पंचायत भवनों के लोकार्पण में व्यस्त होकर भाजपा पर रोहड़ू में कुछ विकास न करने की झूठी बयानबाजी कर रहे हैं।



*शिमला : कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक की पूर्व चेयरपर्सन एवं भाजपा नेत्री शशि बाला पत्रकार वार्ता को संबोधित करती हुई।* (स.ह.)

जबकि इन सभी नव गठीत पंचायत भवनो के लिए 20-20 लाख रूपये के बजट का प्रावधान व स्वीकृति पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने किया था। विधायक ब्राकटा पर हमला बोलते हुए शशि बाला ने कहा कि रोंहड़ू मे विकास के नाम पर विधायक मोहन लाल ब्राक्टा सिर्फ अपने नाम का फटा लगाने में जुटे हैं तथा पूर्व मुख्यमंत्री स्व वीरभद्र सिंह के कार्यों का गुणगान करते रहते है। इस अवसर पर रोहड़ू भाजपा मंडल के अध्यक्ष विजय मेहता सहित राजा मेहता, जगदीश शुक्ला, अरूण कुल्ला, प्रवीण रांटा, अमन शुक्ला व विनोद बुशैहरी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## भाजपा के बोलने से नहीं, रोहड़ू की जनता अपनी श्रद्धा से फहराएगी तिरंगा : ब्राक्टा

रोहड़ू कांग्रेस ने भाजपा के 'हर घर तिरंगा' अभियान पर तीखा हमला बोला है। रोहड़ू कांग्रेस ने भाजपा द्वारा रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में निकाली जा रही इस तिरंगा यात्रा अभियान को राजनीतिक पाखंड करार देते हुए कहा कि जो लोग दशकों तक राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान नहीं दे पाए, वो आज देशभक्ति का ढोंग कर रहे हैं। रोहड़ू कांग्रेस पार्टी ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि लोग भाजपा के बोलने पर नहीं अपनी देशप्रेम और श्रद्धा से तिरंगा फहराएंगे। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने भाजपा को झूठ का पुलिंदा बताते हुए कहा कि रोहड़ू में जो भी विकास कार्य हुए हैं वह कांग्रेस सरकार तथा स्थानीय विधायक मोहन लाल ब्राक्टा की कड़ी मेहनत का परिणाम है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जिन्होंने 50 सालों तक तिरंगा न फहराया हो, वो आज हर घर तिरंगा फहराने लगे हैं। उन्होंने कहा कि जिन्हें आजादी का एहसास 2014 में हुआ हो, वो 15 अगस्त को आजादी दिवस मना रहे हैं, किसी पाखंड की भी सीमा होती है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कांग्रेस सबसे राष्ट्रवादी पार्टी है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम को एक नए मुकाम पर पहुंचाया है।

पंजाब केसरी

13 AUG 2025

51

# सरकार रेल परियोजनाओं में करे केंद्र का सहयोग : जयराम



शिमला, 12 अगस्त (स.ह.): नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार की लापरवाही की वजह से हिमाचल में रेलवे की परियोजनाएं प्रभावित हो रही हैं। सुक्खू सरकार हिमाचल के रेल नैटवर्क विस्तारीकरण में अपने हिस्से के काम में सहयोग नहीं कर रही है, जिससे हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी और रेल मार्ग संपर्क को नए आयाम देने वाली रेल परियोजनाएं लटकी हुई हैं और समय बढ़ने के साथ ही उन परियोजनाओं की लागत में भी वृद्धि होती जा रही है।

शिमला से जारी बयान में उन्होंने कहा कि सरकार की यह उदासीनता न हिमाचल के हित में है और न ही प्रदेश की आर्थिकी और औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने की भविष्य की योजनाओं के हित में। इसलिए मुख्यमंत्री से आग्रह है कि अपना राजनीतिक विद्वेष छोड़कर हिमाचल प्रदेश में चल रही रेल परियोजनाओं में पूर्व निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार काम करें, जिससे हिमाचल में बेहतर रेल कनैक्टीविटी का सपना साकार हो सके। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश की रेल परियोजनाओं को भरपूर बजट दे रही है जिससे हिमाचल प्रदेश में रेल नैटवर्क को मजबूत और ज्यादा से ज्यादा पहुंचाया जा सके। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए हिमाचल प्रदेश में रेल परियोजनाओं के गति न पकड़ने के पीछे कांग्रेस की सुक्खू सरकार जिम्मेदार है।

# पेखूवेला सोलर प्लांट में भ्रष्टाचार, स्वतंत्र एजैंसी से करवाई जाए जांच : बिक्रम

## ■ठेकेदार को लाभ पहुंचाने का आरोप, बरसात के पानी में डूब गया पूरा पावर प्लांट

शिमला, 12 अगस्त (कुलदीप): पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने 32 मैगावाट क्षमता से



सोलर पावर प्लांट में भ्रष्टाचार होने का सरकार पर फिर से आरोप लगाया है। तत्कालीन बिजली बोर्ड के अध्यक्ष एवं पावर कार्पोरेशन के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

बिक्रम सिंह ठाकुर यहां पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पेखूवेला सोलर प्लांट में भ्रष्टाचार के कारण ही विमल नेगी आत्महत्या का मामला सामने आया है, जिससे जुड़े अधिकारियों की जमानत के खिलाफ सरकार ने न्यायालय में अपने वकील को खड़ा नहीं किया।

उन्होंने इस मामले में ठेकेदार को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया तथा कहा कि बरसात में यह पूरा प्लांट पानी में डूब गया, जिससे इसकी इंजीनियरिंग और दोषपूर्ण डिजाइन का पता चलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों को मलाइदार पदों पर बिठाकर पुरस्कृत किया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने 100 करोड़ रुपए के सोलर प्लांट को 400 करोड़ रुपए में लगाकर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया है। उन्होंने स्वतंत्र जांच एजैंसी से इस मामले की जांच करवाए जाने की मांग की बिक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री यह बताएं कि सोलर प्लांट में हुए भ्रष्टाचार का पैसा किस की जेब में गया है।

## शांता का दृष्टिकोण अलग, चुनाव जीतने पर कांग्रेस नहीं उठाती सवाल

बिक्रम सिंह ठाकुर ने कुछ विषयों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार की तरफ से प्रदेश सरकार की तारीफ करने को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि उनका दृष्टिकोण अलग है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को लेकर कांग्रेस का दृष्टिकोण अलग है तथा वह चुनाव जीतने पर सवाल नहीं उठाती। उन्होंने देहरा विधानसभा उपचुनाव में भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।

# लोकतंत्र को कमजोर कर रहे संविधान की दुहाई देने वाले : बिंदल

शिमला, 12 अगस्त (ब्यूरो): भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल ने आरोप लगाया कि संविधान की दुहाई देने वाले लोकतंत्र



को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह चुनाव आयोग जैसी निष्पक्ष संस्थान पर निराधार आरोप लगाकर अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

डा. राजीव बिंदल ने यहां जारी बयान में आरोप लगाया कि विशेष संशोधित मतदाता सूची (एस.आई.आर.) जैसी नियमित प्रक्रिया को राजनीतिक हथियार बनाना घुसपैठियों को संरक्षण देने के समान है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग और विशेषकर कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी आए दिन संविधान की दुहाई देकर संविधान विरोधी कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एस.आई.आर. पहली बार नहीं हो रहा है तथा यह नियमित प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को निरंतर हार का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उसको कोई मुद्दा नहीं मिल रहा है।

## प्रतिभा को शोभा नहीं देता चुनाव आयोग पर टिप्पणी करना : सत्ती



हिमाचल प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को चुनाव आयोग पर टिप्पणी करना शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि प्रतिभा सिंह अपने पति एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए भी चुनाव हारी थी। सतपाल सिंह सत्ती ने यहां जारी बयान में आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी निरंतर अपना वजूद खोते जा रही है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी अपने संगठन को ही खड़ा नहीं कर पा रही है, उससे किसी तरह की उम्मीद नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी तो कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के समय 10 झूठी गारंटियां देकर की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और प्रदेश कांग्रेस कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को यह समझना चाहिए, वह जनता को ज्यादा दिन तक गुमराह नहीं कर सकते। यदि जनता को कांग्रेस पर भरोसा होता तो वह मंडी के साथ सभी लोकसभा सीटों पर जीतते, लेकिन जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा है।

52

दिव्य हिमाचल

# युवाओं के सहयोग से हिमाचल को नशामुक्त राज्य बनाएंगे

## मुख्यमंत्री अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस समारोह के दौरान बोले, युवाओं के भविष्य से जुड़ा प्रदेश का भविष्य

राज्य ब्यूरो प्रमुख — शिमला

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के युवाओं से नशे से दूर रहने और प्रदेश को नशा मुक्त राज्य बनाने के प्रयासों में सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने युवाओं से नशा तस्करों की सूचना पुलिस को देने की अपील की और कहा कि राज्य सरकार नशे की गिरफ्त में फंसे लोगों के पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नशा माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है, जिसमें उनकी संपत्ति जब्त करना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किए गए शैक्षणिक सुधारों से हिमाचल प्रदेश की रैंकिंग देश में 5वें स्थान पर पहुंच गई है, जो वर्ष 2021 में 21वें स्थान पर थी। अगले शैक्षणिक सत्र से प्रदेश में दस राजीव गांधी राजकीय डे-बोर्डिंग स्कूल आरंभ हो जाएंगे, जिनमें प्री-नर्सरी से कक्षा 12 तक की कक्षाएं, स्विमिंग पूल, पौष्टिक भोजन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है और 600 जेबीटी पदों के लिए विज्ञापन जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 6,000 अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' घोषित किया गया है और डा. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना के तहत उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत केवल एक प्रतिशत ब्याज पर 20 लाख रुपए तक के ऋण का प्रावधान है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डा. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि बेहतर भविष्य के लिए युवा ऊर्जा को सही दिशा और मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया, विधायक हरीश जनारथा, सुरेश कुमार, नीरज नैय्यर, विवेक शर्मा, रणजीत सिंह राणा, अजय सोलंकी, अनुराधा राणा, महापौर सुरेंद्र चौहान, उप-महापौर उमा कौशल, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा, सुरेंद्र मनकोटिया, उपायुक्त अनुपम कश्यप आदि भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### पर्यटन को बढ़ावा देने को 3000 करोड़ का निवेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित कर रही है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, राज्य आगामी वर्षों में 3000 करोड़ रुपए का निवेश करेगा। सरकार होम-स्टे निर्माण के लिए चार प्रतिशत ब्याज पर ऋण दे रही है। इसी के साथ किन्नौर जिला में भारत-चीन सीमा पर भी पर्यटन गतिविधियां शुरू हो गई हैं।

### एचआईवी जागरूकता अभियान 12 अक्तूबर तक



मुख्यमंत्री ने 12 अगस्त से 12 अक्तूबर तक चलने वाले एचआईवी जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान राज्य के 6,000 गांवों और 1,500 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों को कवर करेगा। उन्होंने शिमला में 50 टैक्सी चालकों को कार-बिन वितरित किए और कार-बिन वितरण अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। पहले चरण में 4,000 कार-बिन वितरित किए गए थे, जबकि दूसरे चरण में 6,000 कार-बिन वितरित किए जाएंगे। उन्होंने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और एचआईवी के प्रति जागरूकता शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने सुबह अपने सरकारी आवास से 'रेड रन' और 'साइकिल रन' को झंडी दिखाई और विजेताओं को सम्मानित भी किया।



अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर राज्य स्तरीय समारोह में सीएम सुक्खू छात्राओं के साथ

### सीएम ने भूटान सरकार को भेंट किए चिलगोजा के पौधे



शिमला — रॉयल भूटानी एंबेसी के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन तांशी पेलडन और मंत्री सलाहकार चिमी वांगमो के नेतृत्व में भूटान साम्राज्य के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की तथा परस्पर संबंधों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और भूटान के बीच संबंध हमेशा सौहार्दपूर्ण रहे हैं। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच 1949 में मैत्री समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसे 2007 में नवीनीकृत किया गया। उन्होंने कहा कि इन संबंधों को और अधिक मजबूत करते हुए प्रदेश की जनता की ओर से मित्रता के प्रतीक के रूप में भूटान सरकार के वन एवं पार्क सेवा विभाग को मंगलवार को 5000 से अधिक चिलगोजा पौधे दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि आगामी अक्तूबर में, जाइका परियोजना के तहत स्वयं सहायता समूहों द्वारा एकत्र किए गए 50 किलोग्राम चिलगोजा के बीज भी भूटान को प्रदान किए जाएंगे।

# नशा करने वाले छात्रों की मांगी डिटेल

## कैबिनेट में चर्चा के बाद सीआईडी ने शिक्षा विभाग से मांगा डाटा

दिव्य हिमाचल ब्यूरो — शिमला

हिमाचल के स्कूलों में कितने छात्र नशा कर रहे हैं? यह डाटा जल्द सामने आएगा। 29 जुलाई को कैबिनेट की मीटिंग में तय रणनीति के बाद स्कूलों से यह जानकारी सीआईडी ने मांगी है। इसमें सभी जिलों के उपनिदेशकों से तीन दिन के भीतर सूचना देने को कहा गया है कि स्कूल में ड्रग्स के आदि छात्रों की पहचान के लिए बनाए गए मेकेनिज्म के अनुसार कितने ऐसे छात्र हैं, इसकी लिस्ट भेजी जाए। मंत्रिमंडल की बैठक में अलग-अलग विभागों की प्रेजेंटेशन हुई थी। इसी दौरान एक सुझाव यह आया था कि राज्य की स्कूलों और कॉलेज में नशे के आदी बच्चों की संख्या का भी पता किया जाए? पुलिस को यह संख्या पता करने के लिए कहा गया। इसके बाद अब शिक्षा विभाग की मदद मांगी गई है। स्टेट सीआईडी द्वारा नशे के दल-दल में फंसे बच्चों में सुधार लाने के लिए योजना बनाई जा रही है। इसके तहत स्टेट सीआईडी ने शिक्षा विभाग के स्कूलों में कितने बच्चे नशा करते हैं, इसकी जानकारी मांगी है। स्कूल शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी निर्देशों में सभी शिक्षा उपनिदेशकों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने जिलों के स्कूलों के प्रधानाचार्यों से स्कूलों में उपलब्ध मौजूदा तंत्र के माध्यम से पहचाने गए किसी भी नशेड़ी के बारे में जानकारी एकत्र करें और रिपोर्ट तीन दिन के भीतर शिक्षा निदेशालय भेजें।

### पुराने केस निपटाने को 38 जांच अधिकारी लगाए

सरकारी स्कूलों में लंबित चल रहे विभागीय जांच के मामले निपटाने के लिए विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। स्कूल शिक्षा निदेशक ने 38 ऐसे जांच अधिकारी तैनात किए हैं, जो वर्तमान में शिक्षा विभाग में ही काम कर रहे हैं और जिन्हें इंक्वायरी ऑफिसर डेजिगनेट किया गया है। उन्हें कर्मचारियों के खिलाफ चल रहे मामलों की जांच के लिए लगाया जाएगा।

दिव्य हिमाचल 52

# युवाओं के सहयोग से हिमाचल को नशामुक्त राज्य बनाएंगे

## मुख्यमंत्री अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस समारोह के दौरान बोले, युवाओं के भविष्य से जुड़ा प्रदेश का भविष्य

राज्य ब्यूरो प्रमुख — शिमला

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के युवाओं से नशे से दूर रहने और प्रदेश को नशा मुक्त राज्य बनाने के प्रयासों में सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने युवाओं से नशा तस्करों की सूचना पुलिस को देने की अपील की और कहा कि राज्य सरकार नशे की गिरफ्त में फंसे लोगों के पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नशा माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है, जिसमें उनकी संपत्ति जब्त करना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किए गए शैक्षणिक सुधारों से हिमाचल प्रदेश की रैंकिंग देश में 5वें स्थान पर पहुंच गई है, जो वर्ष 2021 में 21वें स्थान पर थी। अगले शैक्षणिक सत्र से प्रदेश में दस राजीव गांधी राजकीय डे-बोर्डिंग स्कूल आरंभ हो जाएंगे, जिनमें प्री-नर्सरी से कक्षा 12 तक की कक्षाएं, स्विमिंग पूल, पौष्टिक भोजन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है और 600 जेबीटी पदों के लिए विज्ञापन जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 6,000 अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' घोषित किया गया है और डा. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना के तहत उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत केवल एक प्रतिशत ब्याज पर 20 लाख रुपए तक के ऋण का प्रावधान है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डा. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि बेहतर भविष्य के लिए युवा ऊर्जा को सही दिशा और मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया, विधायक हरीश जनारथा, सुरेश कुमार, नीरज नैय्यर, विवेक शर्मा, रणजीत सिंह राणा, अजय सोलंकी, अनुराधा राणा, महापौर सुरेंद्र चौहान, उप-महापौर उमा कौशल, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा, सुरेंद्र मनकोटिया, उपायुक्त अनुपम कश्यप आदि भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### पर्यटन को बढ़ावा देने को 3000 करोड़ का निवेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित कर रही है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, राज्य आगामी वर्षों में 3000 करोड़ रुपए का निवेश करेगा। सरकार होम-स्टे निर्माण के लिए चार प्रतिशत ब्याज पर ऋण दे रही है। इसी के साथ किन्नौर जिला में भारत-चीन सीमा पर भी पर्यटन गतिविधियां शुरू हो गई हैं।

### एचआईवी जागरूकता अभियान 12 अक्तूबर तक



मुख्यमंत्री ने 12 अगस्त से 12 अक्तूबर तक चलने वाले एचआईवी जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान राज्य के 6,000 गांवों और 1,500 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों को कवर करेगा। उन्होंने शिमला में 50 टैक्सी चालकों को कार-बिन वितरित किए और कार-बिन वितरण अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। पहले चरण में 4,000 कार-बिन वितरित किए गए थे, जबकि दूसरे चरण में 6,000 कार-बिन वितरित किए जाएंगे। उन्होंने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और एचआईवी के प्रति जागरूकता शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने सुबह अपने सरकारी आवास से 'रेड रन' और 'साइकिल रन' को झंडी दिखाई और विजेताओं को सम्मानित भी किया।



अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर राज्य स्तरीय समारोह में सीएम सुक्खू छात्राओं के साथ



### सीएम ने भूटान सरकार को भेंट किए चिलगोजा के पौधे

शिमला — रॉयल भूटानी एंबेसी के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन तांशी पेलडन और मंत्री सलाहकार चिमी वांगमो के नेतृत्व में भूटान साम्राज्य के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की तथा परस्पर संबंधों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और भूटान के बीच संबंध हमेशा सौहार्दपूर्ण रहे हैं। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच 1949 में मैत्री समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसे 2007 में नवीनीकृत किया गया। उन्होंने कहा कि इन संबंधों को और अधिक मजबूत करते हुए प्रदेश की जनता की ओर से मित्रता के प्रतीक के रूप में भूटान सरकार के वन एवं पार्क सेवा विभाग को मंगलवार को 5000 से अधिक चिलगोजा पौधे दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि आगामी अक्तूबर में, जाइका परियोजना के तहत स्वयं सहायता समूहों द्वारा एकत्र किए गए 50 किलोग्राम चिलगोजा के बीज भी भूटान को प्रदान किए जाएंगे।

# नशा करने वाले छात्रों की मांगी डिटेल

## कैबिनेट में चर्चा के बाद सीआईडी ने शिक्षा विभाग से मांगा डाटा

दिव्य हिमाचल ब्यूरो — शिमला

हिमाचल के स्कूलों में कितने छात्र नशा कर रहे हैं? यह डाटा जल्द सामने आएगा। 29 जुलाई को कैबिनेट की मीटिंग में तय रणनीति के बाद स्कूलों से यह जानकारी सीआईडी ने मांगी है। इसमें सभी जिलों के उपनिदेशकों से तीन दिन के भीतर सूचना देने को कहा गया है कि स्कूल में ड्रग्स के आदि छात्रों की पहचान के लिए बनाए गए मेकेनिज्म के अनुसार कितने ऐसे छात्र हैं, इसकी लिस्ट भेजी जाए। मंत्रिमंडल की बैठक में अलग-अलग विभागों की प्रेजेंटेशन हुई थी। इसी दौरान एक सुझाव यह आया था कि राज्य की स्कूलों और कॉलेज में नशे के आदी बच्चों की संख्या का भी पता किया जाए? पुलिस को यह संख्या पता करने के लिए कहा गया। इसके बाद अब शिक्षा विभाग की मदद मांगी गई है। स्टेट सीआईडी द्वारा नशे के दल-दल में फंसे बच्चों में सुधार लाने के लिए योजना बनाई जा रही है। इसके तहत स्टेट सीआईडी ने शिक्षा विभाग के स्कूलों में कितने बच्चे नशा करते हैं, इसकी जानकारी मांगी है। स्कूल शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी निर्देशों में सभी शिक्षा उपनिदेशकों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने जिलों के स्कूलों के प्रधानाचार्यों से स्कूलों में उपलब्ध मौजूदा तंत्र के माध्यम से पहचाने गए किसी भी नशेड़ी के बारे में जानकारी एकत्र करें और रिपोर्ट तीन दिन के भीतर शिक्षा निदेशालय भेजें।

### पुराने केस निपटाने को 38 जांच अधिकारी लगाए

सरकारी स्कूलों में लंबित चल रहे विभागीय जांच के मामले निपटाने के लिए विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। स्कूल शिक्षा निदेशक ने 38 ऐसे जांच अधिकारी तैनात किए हैं, जो वर्तमान में शिक्षा विभाग में ही काम कर रहे हैं और जिन्हें इंक्वायरी ऑफिसर डेजिगनेट किया गया है। उन्हें कर्मचारियों के खिलाफ चल रहे मामलों की जांच के लिए लगाया जाएगा।

दिव्य हिमाचल 13 AUG 2025

53

# सरकार ने मानी बिजली कर्मियों की मांगें

## मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दी राहत, कर्मचारी नेताओं पर चार्जशीट वापस होगी

चीफ रिपोर्टर — शिमला



- बिजली बोर्ड में नई पालिसी से होंगी ताबड़तोड़ भर्तियां
- कर्मचारी यूनियन से समन्वय बनाकर काम करेंगे अधिकारी
- वित्तीय परिस्थितियां अनुकूल होते ही मिलेगी ओपीएस
- पेंशनर्ज की लीव एन्कैशमेंट शीघ्र अदा करने के निर्देश

राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड के कर्मचारियों और अभियंताओं की संयुक्त संघर्ष समिति की मांगों पर आखिरकार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मुहर लगा दी है। एक तरफ जहां मुख्यमंत्री ने कर्मचारी नेताओं के खिलाफ हुई चार्जशीट को वापस लेने के आदेश बिजली बोर्ड प्रबंधन को दिए हैं, वहीं बिजली बोर्ड में नई भर्तियां करने के लिए नई पॉलिसी लाने का ऐलान भी किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली बोर्ड में ताबड़तोड़ भर्तियां की जाएंगी, लेकिन ये भर्तियां नई पॉलिसी के तहत होंगी और एक विशेष पॉलिसी बनाने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अधिकारी कर्मचारी यूनियन के साथ समन्वय

सरकार ने मानी : पृष्ठ आठ पर

**सरकार ने मानी...**

बनाकर काम करेंगे और नई भर्तियों के लिए पॉलिसी में क्या कुछ प्रावधान होने चाहिए, उनमें कर्मचारियों की राय भी जानेंगे। इसके अलावा बिजली बोर्ड में कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ फिलहाल नहीं मिलेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री ने उन्हें इंतजार करने के लिए कहा है। सीएम ने संयुक्त संघर्ष समिति के साथ मंगलवार को हुई मैराथन बैठक में कहा कि अभी वित्तीय परिस्थितियां अनुकूल नहीं हैं और इन परिस्थितियों के ठीक होते ही बिजली बोर्ड में ओल्ड पेंशन स्कीम लागू कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली बोर्ड में लाभ कमाने के लिए कई तरह के प्रयास किया जा रहे हैं और इन प्रयासों में सफलता तभी मिलेगी, जब कर्मचारी अपना सहयोग उसमें देंगे। बिजली बोर्ड संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति के सहसंयोजक हीरालाल वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा के बाद सकारात्मक रूप से फैसले किए गए हैं, अभी मिनट्स ऑफ मीटिंग का इंतजार रहेगा, लेकिन अधिकारियों के सामने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने कर्मचारियों की ज्यादातर मांगों को मान लिया है। बता दें कि पिछले लंबे समय से बिजली बोर्ड प्रबंधन के साथ कर्मचारियों का टकराव चल रहा था और इस टकराव को देखते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने हस्तक्षेप किया है। संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति ने इससे पहले सात अगस्त को विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया था, लेकिन मुख्यमंत्री ने बातचीत के लिए इन्हें मंगलवार को बुलाया था। सीएम के साथ हुई इस बैठक में कर्मचारियों के अलावा अभियंता और पेंशनर भी शामिल थे, जिन्होंने क्रमवार तरीके से मुख्यमंत्री के सम्मुख अपनी मांगे उठाईं। सचिव ऊर्जा राकेश कंवर, प्रबंध निदेशक एचपीएसईबीएल संदीप कुमार और विशेष सचिव ऊर्जा शुभकरण सिंह इस अवसर पर उपस्थित थे। वहीं ज्वाइंट एक्शन कमेटी की ओर से ई.लोकेश ठाकुर, संयोजक व हीरा लाल वर्मा सह संयोजक के अतिरिक्त ई. एएस गुप्ता, ई. एसएन कपूर, ई. डीके गुप्ता, कुलदीप खरवाड़ा, कामेश्वर दत्त शर्मा, डीएस डटवालिया, नरेंद्र ठाकुर, मनोहर धीमान और टीआर गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सुक्खू ने बिजली बोर्ड के पेंशनर्ज की लंबित लीव एन्कैशमेंट और ग्रेज्युटी की अदायगी बारे प्रबंधन को शीघ्र अदायगी करने के आदेश दिए। इसके अतिरिक्त बिजली बोर्ड से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर कर्मचारी व अधिकारियों की कमेटी गठित करने की बात भी कही गई। फ्रंट के पदाधिकारियों ने प्रदेश के आउटसोर्स कर्मियों के लिए स्थाई नीति बनाने की मांग को भी ज़ोरों से रखा है।

# खाद्य-नागरिक आपूर्ति निगम के उपाध्यक्ष ने सीएम से की भेंट



शिमला। राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के नवनियुक्त उपाध्यक्ष विशाल चंबयाल जी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि विशाल चंबयाल अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करेंगे और निगम के कार्यों को नई दिशा प्रदान करेंगे

दिव्य हिमाचल 13 AUG 2025


# मनोरोगियों के साथ नहीं रखे जाएंगे नशेड़ी

## आईजीएमसी के लिए स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल के निर्देश

दिव्य हिमाचल ब्यूरो — शिमला

स्वास्थ्य मंत्री डाक्टर (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि आईजीएमसी में इलाज के लिए उपचाराधीन नशे के आदी लोगों को मानसिक रोगियों के साथ नहीं रखा जाएगा। हमारी सरकार इस दिशा में कदम उठाने जा रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर बचत भवन में हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति की ओर से युवा बचाओ अभियान के तहत नशे के खिलाफ द व्हाइट ट्रुथ वेब सीरीज का ट्रेलर लांच करने के उपरांत अपने विचार साझा कर रहे थे। यह सीरीज नशे की गिरफ्त में आ चुके लोगों के ऊपर आधारित है, जिसमें सात एपिसोड होंगे। नशे के खिलाफ आप समाज में किस तरह अपनी भूमिका निभा सकते है, इस वेब सीरीज के माध्यम से जागरूकता फैलाने का लक्ष्य है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि ने, कहा कि मानव जीवन बहुमूल्य है, इसे नशे के आगोश में रख कर खत्म नहीं करना चाहिए। आज हर तरफ नशे का कारोबार फैल चुका है। कार्यक्रम में एडीएम प्रोटोकॉल ज्योति राणा, एडीएम कानून एवं व्यवस्था पंकज शर्मा, एसी टू डीसी देवी चंद ठाकुर, सेवानिवृत आईएएस एसएन जोशी, जिला कल्याण अधिकारी कपिल शर्मा, जेसी चौहान, डा. ओपी बहुरिता, डा. ओपी कायथ, डा. रवि भूषण मौजूद रहे।



शिमला। द व्हाइट ट्रुथ वेब सीरीज का ट्रेलर लांच करते स्वास्थ्य मंत्री

### महिलाओं के लिए अलग नशा मुक्ति केंद्र बनाने पर विचार

शिमला में सरकारी क्षेत्र में एक नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने के विकल्प तलाशे जाएंगे, ताकि नशे के आदि लोगों को सही उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि जिन नशा मुक्ति केंद्रों में नशे का कारोबार किया जा रहा है, उनके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश में महिलाओं के लिए अलग से नशा मुक्ति केंद्र बनाने की दिशा में हमारी सरकार विचार कर रही है। प्रदेश में नशे की आदि लड़कियों की संख्या हर दिन बढ़ती जा रही है।

---

**उम्मीद** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सराज विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा; फिर से बनेंगे 109 स्कूल, पहले चरण में 16 करोड़ मंजूर

# आपदा के बाद शिक्षा की नई राह, जल्द लौटेगी स्कूलों में रौनक



थुनाग। सराज दौरे के दौरान लोगों से बातचीत करते शिक्षा मंत्री

ललित कुमार — थुनाग

आपदा की मार झेल चुके सराज में शिक्षा की रफ्तार फिर पकड़ने वाली है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मंगलवार को सराज विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया और निहरी सुनाह पाठशाला, डिग्री कालेज लंबाथाच समेत कई क्षतिग्रस्त शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण किया। शिक्षा मंत्री ने बताया कि हालिया आपदा में प्रदेश के 523 शिक्षण संस्थान प्रभावित हुए हैं, जिनमें से 109 पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं। सिर्फ मंडी जिला में 29 संस्थान प्रभावित हैं और इनमें से 22 अकेले सराज क्षेत्र में हैं। उन्होंने घोषणा की कि इन 109 स्कूलों के पुनर्निर्माण के लिए प्रथम चरण में 16 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। बरसात खत्म होते ही निर्माण कार्य शुरू होगा और इसकी जिम्मेदारी हिमुडा को दी गई है। उन्होंने कहा कि लंबाथाच डिग्री कालेज की सुरक्षा दीवार के निर्माण के लिए लगभग 6 करोड़ रुपए की व्यवस्था विश्व बैंक परियोजना या अगले वित्तीय वर्ष में की जाएगी।

### सड़क बहाली और सेब खरीद पर जोर

शिक्षा मंत्री ने लोक निर्माण विभाग को सराज की बंद पड़ी सड़कों को जल्द बहाल करने के निर्देश दिए, ताकि बागबान अपनी सेब की तैयार फसल समय पर मंडियों तक पहुंचा सकें। इस दौरे में पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर, चेतराम ठाकुर, जगदीश रेड्डी, नरेश चौहान, महेश राज, तरुण ठाकुर, गोपाल सहगल, ओम प्रकाश, निदेशक कालेज कॉडर डा. अमरजीत सिंह, निदेशक स्कूल शिक्षा आशीष कोहली, एसडीएम थुनाग रमेश ठाकुर और उपनिदेशक शिक्षा यशवीर कुमार भी मौजूद रहे।

### जंजैहली में खुलेगा राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल

जंजैहली में राजीव गांधी-डे बोर्डिंग स्कूल खोला जाएगा। थुनाग में अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई की कक्षाएं शुरू होंगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि आपदा प्रभावित परिवारों के बच्चों के लिए यह नई उम्मीद का दीपक जलाने जैसा होगा

### आपदा संभावित क्षेत्रों से दूर बनेंगे भवन

मंत्री ने साफ कहा कि भविष्य में किसी भी स्कूल या कालेज भवन के निर्माण स्थल का चयन उपनिदेशक शिक्षा, बीईओ और नोडल एजेंसी की संयुक्त जिम्मेदारी होगी, ताकि भवन नदियों, नालों और आपदा संभावित क्षेत्रों से दूर बन सकें। निहरी के प्राथमिक विद्यालय की कक्षाएं अब वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में लगेंगी, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। इस दौरान शिक्षा मंत्री बगस्याड स्कूल भी पहुंचे और वहां आपदा से क्षतिग्रस्त भवन का भी निरीक्षण किया। — एचडीएम

---

### हमीरपुर-घुमारवीं एनएच की जल्द सुधरेगी हालत

घुमारवीं। घुमारवीं-हमीरपुर नेशनल हाईवे की जल्द ही हालत सुधरेगी। इसके लिए तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। नेशनल हाईवे ऑथरिटी ऑफ इंडिया को जल्द से जल्द विभाग को बजट मुहैया करवाने के निर्देश दिए हैं। एनएच की लगातार खस्ता हो रही हालत पर मंत्री राजेश धर्माणी तलख हुए हैं। उन्होंने जल्द से जल्द इस रोड़ की हालत सुधारने के निर्देश दिए हैं

दिव्य हिमाचल 13 AUG 2025



## डिप्टी सीएम को दिया स्वतंत्रता दिवस का न्यौता



शिमला। उपमुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश मुकेश अग्निहोत्री को जिला शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने 15 अगस्त को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया। इस अवसर पर जिला शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने बताया कि यह समारोह सुबह 11:00 बजे ऐतिहासिक रिज मैदान शिमला में होगा। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को स्मरण करने और जनसेवा के संकल्प को दोहराने का अवसर है। यह समारोह प्रदेश के लोगों के देश प्रेम और एकता का प्रतीक बनेगा।

# निष्पक्ष चुनाव को डिजिटल वोटर लिस्ट जरूरी

## उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने राहुल गांधी के अभियान का किया समर्थन

दिव्य हिमाचल ब्यूरो — शिमला

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि वर्तमान समय में लोकतंत्र की रक्षा, मतदाता सूची की शुचिता और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा शुरू की गई 'डिजिटल वोटर लिस्ट' की मांग का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि यह केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि देश के संविधान, पारदर्शिता और जनता के अटूट विश्वास की रक्षा का संकल्प है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, वोट चोरी या मतदाता सूची में हेरफेर लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करता है। डिजिटल वोटर लिस्ट से पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिकों का भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने प्रदेश के नागरिकों से अपील की कि वे इस मुहिम का हिस्सा बनकर लोकतंत्र को और मजबूत करें। इसके लिए 9650003420 पर मिस्ड कॉल देकर अपना समर्थन दर्ज करा सकते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह लड़ाई किसी एक दल की नहीं, बल्कि पूरे देश की है, और इसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है।

### एचआरटीसी चालक, परिचालकों को दो करोड़ जारी

शिमला — उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम की चालक यूनियन की हाल ही में हुई बैठक में यूनियन की मांगों पर विचार करते हुए कई अहम निर्णय तत्काल लागू कर दिए गए हैं। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मंगलवार को शिमला से जारी किए प्रैस ब्यान में कहा कि प्रदेश सरकार ने चालकों व परिचालकों को एक माह का ओवरटाइम भत्ता और रात्रि ओवरटाइम भत्तों (ओटीए-एनओटीए) के लिए दो करोड़ रुपए इस माह जारी कर दिए हैं। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों की रक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और उनकी समस्याओं का समाधान समयबद्ध सुनिश्चित किया जाएगा। मुकेश अग्निहोत्री ने पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव गांधी और उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि हाल ही में तीन स्कूली बच्चों के अगवा होने पर 24 घंटे के अंदर अपहरणकर्ता को पकड़कर बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों को सौंप देने का कार्य सराहनीय है।

दिव्य हिमाचल 13 AUG 2025

# विधायकों की तरफ से आए 710 सवाल, 18 नोटिस

## प्राकृतिक आपदा पर पूछे गए हैं अधिकतर प्रश्न, बरसात से हुए नुकसान से चिंतित हैं एमएलए

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो — शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के लिए अभी तक 710 सवाल विधायकों की तरफ से आ चुके हैं और यह सिलसिला अभी जारी है। इनमें तारांकित और गैर तारांकित सवाल शामिल हैं। इसके अलावा अब तक करीब 18 नोटिस चर्चा के लिए अलग-अलग विधायकों ने दिए हैं। अभी 18 अगस्त तक विधायक इस मानसून सत्र के लिए बिजनेस या नोटिस दे सकते हैं। अधिकांश विधायकों ने बरसात की प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान से संबंधित जानकारी लेना चाही है। यानी विधायक बरसात के दौरान अपने चुनाव क्षेत्र में हुए नुकसान को लेकर चिंतित हैं और सरकार से जवाब चाहते हैं। हिमाचल सरकार ने इस बार मानसून सत्र लंबा रखा है। 18 अगस्त से दो सितंबर तक कुल 12 बैठकें इस सत्र के दौरान होंगी। इससे पहले सामान्य तौर पर पांच या छह दिन का मानसून सत्र होता था। लंबा सत्र भी इसलिए रखा गया है, ताकि आपदा से संबंधित चर्चा और विषयों को विधायक उठा सकें। पिछली 31 जुलाई को कैबिनेट में इस शेड्यूल को फाइनल किया गया था।

### पेंशनरों के मेडिकल बिल पर आया सवाल

हिमाचल सरकार के रिटायर कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल को लेकर भाजपा विधायक सतपाल सती ने विधानसभा के मानसून सत्र में सवाल उठाया है। इसका जवाब तैयार करने के लिए शिक्षा विभाग में आजकल मेहनत चल रही है। विधानसभा सत्र के दौरान रिटायर कर्मचारियों के मेडिकल बिलों को लेकर हंगामे के आसार भी हैं। बुजुर्गों को मेडिकल रीइम्बर्समेंट का भुगतान देरी से हो रहा है।

विधानसभा सचिवालय ने उसी दिन नोटिफिकेशन जारी कर दी थी। 12 दिन के इस मानसून सत्र में दो दिन प्राइवेट मेंबर-डे होंगे। प्राइवेट मेंबर-डे के लिए नियम 101 के तहत अभी तक करीब पांच नोटिस आ चुके हैं। इसके अलावा ध्यान आकर्षण प्रस्ताव के तहत नियम 62 और नियम 130 के तहत करीब 13 विषय अभी तक विधानसभा के ध्यान में आ चुके हैं। विधायकों के सवालों को जवाब के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया है। विधायकों ने रोजगार और जॉब ट्रेनी भर्ती से संबंधित जानकारी भी लेनी चाही है।

- रोजगार और जॉब ट्रेनी भर्ती से संबंधित जानकारी भी मांगी
- कर्मचारियों की देनदारी और वरिष्ठता से जुड़े मामले उठेंगे

सरकारी कर्मचारियों की देनदारी और वरिष्ठता से संबंधित मामले भी विधानसभा सत्र के दौरान उठेंगे। आपदा प्रभावितों को राज्य सरकार की ओर से दी जाने वाली मदद से संबंधित सवाल बहुत सारे हैं। सोमवार 18 अगस्त को दोपहर बाद विधानसभा के कार्यवाही शुरू होगी और पहले दिन शोक उद्‌गार प्रस्ताव लाया जाएगा।

# मानसून सत्र : 900 जवान संभालेंगे सुरक्षा का जिम्मा

## विधानसभा अध्यक्ष बोले, ऑनलाइन के बजाय इस बार लिखित जारी किए जाएंगे सभी प्रवेश पत्र

**स्टाफ रिपोर्टर — शिमला**



मानसून सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। विधानसभा में मॉनसून सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में 900 के करीब पुलिस जवान तैनात किए जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने मंगलवार को पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की और पुलिस अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। मॉनसून सत्र के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था से संबंधी बैठक का आयोजन विधानसभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सभी प्रवेश पत्र ऑनलाइन की बजाय इस बार हस्तलिखित माध्यम से जारी किए जाएंगे, क्योंकि अभी राष्ट्रीय ई-विधान नेवा को अपनाया है, जिसके क्रियान्वयन में और समय लग सकता है। इसके अलावा यह भी निर्णय लिया गया कि कोई भी सरकारी कर्मचारी व अन्य पास धारक अपना शासकीय पास किसी अन्य को स्थानांतरित नहीं करेगा। विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी शासकीय पास पर सभी को अपनी फोटो भी चिपकानी होगी। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव गांधी ने कहा कि 900 के करीब जवान सत्र के दौरान सुरक्षा में मौजूद रहेंगे तथा सुरक्षा चाक-चौबंद रहेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि विधान सभा परिसर की मुख्य पार्किंग में केवल मंत्रियों, विधायकों, मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिवों एवं प्रशासनिक सचिवों के वाहनों को ही पार्किंग की अनुमति प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री तथा मंत्री परिषद के सदस्यों से आगंतुक एवं जनप्रतिनिधि मंडल विधान सभा स्थित प्रतीक्षालय में समय मिलने पर ही मिल सकेंगे। बैठक में डीजीपी अशोक तिवारी, एडीजी स्टेट सीआईडी ज्ञानेश्वर सिंह, सचिव राजेश शर्मा, आईजी संतोष पटियाल, राजेश कुमार, अनुपम कश्यप, यशपाल शर्मा, संजीव गांधी, भुवन शर्मा, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, बेग राम कश्यप, हरदयाल भारद्वाज तथा लोक निर्माण विभाग, होम गार्ड, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सहित अन्य कई विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद थे।

दिव्य हिमाचल 2025

57

# भू-राजस्व से 1018 करोड़ इकट्ठा करेगी सरकार

## गैर कृषि कार्य में इस्तेमाल हो रही जमीन पर लगेगा लैंड रेवेन्यू, रूल्स नोटिफाई

**राज्य ब्यूरो प्रमुख – शिमला**

हिमाचल में इसी वित्त वर्ष में 1018 करोड़ का भू-राजस्व एकत्र करने के लिए तैयारी शुरू हो गई है। विधानसभा में नया एक्ट पारित होने के बाद अब राज्य सरकार ने नियमों को भी नोटिफाई कर दिया है। इसके तहत अब प्रदेश में हर उस जमीन पर लैंड रेवेन्यू देना होगा, जिसका इस्तेमाल गैर कृषि कार्य के लिए हो रहा है। यानी लगभग सभी प्रोजेक्ट लैंड रेवेन्यू के दायरे में आ गए हैं। कैबिनेट से अनुमति मिलने के बाद राजस्व विभाग द्वारा नोटिफाई किए गए हिमाचल प्रदेश लैंड रेवेन्यू स्पेशल असेस्मेंट रूल्स को 1986 के बाद अब बदला गया है। इन नियमों में कहा गया है कि राजस्व अधिकारी को अपनी असेस्मेंट के जरिए प्रोजेक्ट की मार्केट वैल्यू लगानी है। इसी मार्केट वैल्यू का अधिकतम चार फीसदी तक लैंड रेवेन्यू हो सकता है। जहां राजस्व

भू-राजस्व से : पृष्ठ आठ पर



- प्रोजेक्ट की मार्केट वैल्यू के अधिकतम चार फीसदी तक संभव
- मार्केट वैल्यू तय करने की संबंधित विभाग अध्यक्ष को जिम्मेदारी

### अभी तय नहीं हुई लैंड रेवेन्यू की दर

हिमाचल में गैर कृषि कार्य के लिए इस्तेमाल की जा रही भूमि पर लगे प्रोजेक्ट पर लैंड रेवेन्यू की दर क्या होगी, यह अलग से नोटिफिकेशन के जरिए तय होगी। विधानसभा से पारित एक्ट में इसकी अधिकतम सीमा चार फीसदी बताई थी। यह इससे कम भी हो सकता है। इस भू-राजस्व पर साथ ही पर्यावरण शुल्क भी अलग से प्रभारित होगा।

# केंद्र नहीं देगा एनपीएस के 11,112 करोड़

## संसद में लिखित जवाब में कहा, कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं

**राज्य ब्यूरो प्रमुख – शिमला**

हिमाचल में पहले लागू नई पेंशन स्कीम के भारत सरकार के पेंशन फंड में जाम 11,112 करोड़ रुपए को केंद्र वापस नहीं लौटाएगा। केंद्र का कहना है कि यह राशि वापस राज्य सरकार को देने का कोई प्रावधान पीएफआरडीए एक्ट में नहीं है। भारत सरकार के वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने संसद में यह लिखित जवाब दिया है। इससे यह साफ हो गया है कि भारत सरकार हिमाचल सरकार की मांग के अनुसार यह पैसा नहीं लौटाएगी। यह पैसा रिटायर होने वाले कर्मचारियों को ही रिटायरमेंट पर वापस मिलेगा। इसे सरकारी खाते में जमा करवाने के बाद ही संबंधित कर्मचारियों का ओल्ड पेंशन का केस प्रोसेस होगा। भारत सरकार ने यही व्यवस्था उन सभी राज्यों के लिए लागू की है, जिन्होंने न्यू पेंशन स्कीम को वापस कर दिया था। केंद्रीय मंत्री के जवाब के

केंद्र नहीं देगा : पृष्ठ आठ पर



- रिटायर होने वाले एनपीएस कर्मचारी के खाते में ही आएगा पैसा
- हिमाचल के साथ चार अन्य राज्यों ने भी ओपीएस को दी है मंजूरी

### भू-राजस्व से...

अधिकारी यह करने में सफल न हो, वहां संबंधित विभाग के निदेशक को यह जिम्मेदारी दी जाएगी। संबंधित विभाग का निदेशक जरूरत पड़ने पर अन्य एजेंसियों से भी यह वैल्यू तय करने में मदद ले सकेगा। प्रोजेक्ट की मार्केट वैल्यू तय होने के बाद संबंधित कंपनी या संस्थान को इस पर आपत्ति जताने के लिए अब सिर्फ दो सप्ताह का समय दिया जाएगा, जो पहले दो महीने का था। राज्य सरकार की ओर से नोटिफाई किए गए इन नियमों पर यदि किसी को आपत्ति हो, तो वह भी 15 दिन के भीतर यह आपत्ति जता सकता है। लैंड रेवेन्यू हिमाचल में पहले भी लगता था, लेकिन यह कुछ रुपयों में ही होता था। पिछले वित्त वर्ष में राज्य सरकार ने पूरे साल में 16 करोड़ लैंड रेवेन्यू हिमाचल में इकट्ठा किया है, लेकिन वर्तमान वित्त वर्ष के लिए बजट बुक में ही 1018 करोड़ का लक्ष्य तय किया गया है। हालांकि यह पूरा हो पाएगा या नहीं, इस पर सवाल है, क्योंकि वित्त वर्ष के पहले पांच महीने निकल चुके हैं। राज्य सरकार ने वाटर सैस की तरह अतिरिक्त राजस्व जुटाने के लिए यह तरीका अपनाया है।

### केंद्र नहीं देगा...

अनुसार अब तक पांच राज्यों ने अपने यहां यह फैसला लिया है। इनमें हिमाचल के अलावा राजस्थान, पंजाब, छत्तीसगढ़ और झारखंड शामिल हैं। पंजाब ने हालांकि फैसला लेने के बाद भी ओपीएस को लागू नहीं किया था। इन राज्यों का एनपीएस फंड कितना है, यह जानकारी भी इस जवाब में दी गई है। हिमाचल के अलावा सबसे ज्यादा राजस्थान के 50884 करोड़, पंजाब के 31960 करोड़, छत्तीसगढ़ के 22500 करोड़ और झारखंड के 14368 करोड़ फंड में जमा हैं। यह धनराशि 31 जुलाई 2025 तक की है। इस जवाब में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने यह भी बताया है कि भारत सरकार के सामने वापस ओल्ड पेंशन में जाने का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है। भारत सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए नई पेंशन स्कीम को लागू किया था, क्योंकि ओल्ड पेंशन स्कीम वित्तीय जिम्मेदारी को निभाने के लिए सस्टेनेबल नहीं है। इसीलिए भविष्य को देखते हुए न्यू पेंशन स्कीम को लाया गया था।

दिव्य हिमाचल 2025

# हिमाचल का गुंडा

**क्राइम** की सूरत में हिमाचल की गली को खतरा है, तो शिमला पुलिस की छानबीन में अपराधी की गर्दन फंस जाती है। घात लगा कर बैठा एक शैतान, शिमला के मशहूर बिशप कॉटन स्कूल से तीन बच्चों को जिस योजना के तहत किडनैप करता है, वहां कई बालीवुड और रहस्य-रोमांच की कहानियां भी सच हो जाती हैं. एक वीभत्स चेहरा लिए कोटखाई, का पढ़ा लिखा व्यवसायी सुमित सूद गुंडा बन सकता है, तो यह चुनौती सामाजिक भी है। अब बच्चों को स्कूलों के परिवेश में भी बचाना पड़ेगा। अपराध के पीछे एक योजना प्रारूप सुमित ने बनाया तो उन अंधेरों को भी समझना होगा, जो असफलता के ही दौर में असाधारण विकल्प चुन लेते हैं। हिमाचल के लिए बीसीएस अपहरण घटना, हिमाचल की मनोवृत्ति में आ रहे बिखराव की एक कहानी की तरह है। अपहरण तो नादौन में भी हुआ, लेकिन वहां अपराध की शाखा में प्रवासी मजदूर बैठे थे। अपराध की शाखा में हिमाचल का प्रवेश अब स्थानीय रंगत में होने लगा है, तो आसान धन की रगों में चिट्टे की सिरिंज भी दिखाई दे रही है। अब प्रदेश में अपराध का तंत्र हैरान कर देने वाली स्थिति में है, तो कानून-व्यवस्था भी सामान्य स्वरूप में चौकस नहीं हो सकती। शिमला में अपहरणकर्ता की आंखों और मंतव्य से तेज निकली सीसीटीवी की फुटेज और एसएसपी संजीव गांधी का नेतृत्व और टीम। जाहिर है इससे यह तो स्पष्ट हो गया कि हिमाचल में पुलिस से आगे आपराधिक सोच नहीं निकल सकता, लेकिन विभाग में व्यवस्थागत सुधारों की जरूरत है। अब शिमला में जिला और शहर की पुलिस में प्रबंधकीय दृष्टि बदलनी पड़ेगी यानी शिमला को चाहिए पुलिस आयुक्त, जबकि बाकी जिला को कई एसपी मिलने चाहिएं। कांगड़ा में नूरपुर व देहरा में पुलिस जिला बना देने के बाद सरकार का अगला कदम क्या होगा, लेकिन पालमपुर में एसपी आफिस और धर्मशाला में पुलिस आयुक्तालय की आवश्यकता रहेगी। इसी तरह मंडी व सोलन में भी पुलिस कमिश्नर नियुक्त होने चाहिएं। हिमाचल में क्राइम सीन बदल रहा है। वाहन चलते फिरते अपराध की फिरौती बन रहे हैं, तो राज्य का पैट्रोलिंग सिस्टम चौबीस घंटे मुस्तैद होना चाहिए। हिमाचल में हिमाचली पढ़ा लिखा युवा अपराधी बनने लगा है, तो शिक्षा को नैतिकता के पाठ्यक्रम और रोजगार के उपक्रम में स्वावलंबन के पाठ पढ़ाने होंगे। आज अगर शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों की जेब में चिट्टे की पुड़िया मिल रही है, तो कल पेट के लिए कुछ और घिनौनी सूरत भी हो सकती है। आदतें बदलते प्रदेश ने दिखावे का मुकुट पहन लिया है। हिमाचल की सादगी तो अब 'धाम' में भी नहीं मिलती। बाजार में मिलते हैं लुटे पिटे लोग। डिग्रियों में मिलते हैं निराशावादी लोग व बेरोजगार। अहातों में बिकती शराब मुजरे करती है और वहां रोशनी में कहीं चुपके से जेब भरता है मेरा प्रदेश। ये जो आज का हिमाचल है उसे हर रात देखना ऊना की खड्डों में कितने टिप्पर हमारे चरित्र की अर्थी उठाते हैं। हम अमीर होना चाहते हैं, लेकिन कुछ भी बेचकर। शराब, चिट्टा, अफीम, जमीन और जमीर बेचकर हमें पैसा चाहिए। सुमित सूद को भी बहुत पैसा चाहिए था। उसने हर तरीका अपनाया होगा, लेकिन जब मेहनत बहुत मुश्किल हो गई, वह हिमाचल का गुंडा बन गया। वह मासूम बच्चों को अपनी दौलत का मजमून बनाने को उतारू हो गया। जिस स्कूल में पढ़ा उसे अपने अपराध की शाखा बनाने लगा। उसने राखी के त्योहार को अपराध के लिए इस्तेमाल किया, इसलिए मामला उसकी गिरफ्तारी से खत्म नहीं होता। मामला हर स्कूल के बाहर, हर बेरोजगार के साथ, हिमाचल में बढ़ती सीना जोरी और सफेद पोशों की कतार में दिखाई दे रहा है। कभी भोले भाले लोगों का प्रदेश अब ढूंढ रहा है, तेरी-मेरी गली का गुंडा कौन?

दिव्य हिमाचल 13 2025

# रेल प्रोजेक्ट्स में केंद्र का सहयोग करें

## नेता प्रतिपक्ष की प्रदेश सरकार से अपील



दिव्य हिमाचल ब्यूरो — शिमला

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार की लापरवाही की वजह से हिमाचल प्रदेश में रेलवे की परियोजनाएं प्रभावित हो रही हैं। हिमाचल सरकार हिमाचल के रेल नेटवर्क विस्तारीकरण में अपने हिस्से के काम में सहयोग नहीं कर रही है, जिससे हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी और रेल मार्ग संपर्क को नए आयाम देने वाली रेल परियोजनाएं लटकी हुई है और समय बढ़ने के साथ ही उन परियोजनाओं की लागत में भी वृद्धि होती जा रही है। इसलिए मुख्यमंत्री से आग्रह है कि अपना राजनीतिक विद्वेष छोड़कर हिमाचल प्रदेश में चल रही रेल परियोजनाओं में पूर्व निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार काम करे, ताकि हिमाचल में बेहतर रेल कनेक्टिविटी का सपना साकार हो सके। जयराम ठाकुर ने कहा कि जोगिंद्रनगर पठानकोट रेललाइन के ब्रॉडगेज करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा करवाए जा रहे सर्वे के लिए प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए हिमाचल प्रदेश की तीनों रेल परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा 2716 करोड़ रुपए का बजट दिया गया है, जो पिछले साल के बजट से भी ज्यादा है। इस बार के बजट में हिमाचल प्रदेश में चार रेलवे स्टेशन भी बनाए गए, जिनका उद्घाटन दो महीने पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। लगातार तीन बार से रेलवे के विस्तारीकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा जो भी धनराशि दी जा रही है, वह यूपीए सरकार के समय दिए गए बजट से 25 गुना से भी ज्यादा है।

# अराजकता फैलाने की हो रही कोशिश

## राजीव बिंदल बोले, चुनाव आयोग पर झूठे आरोप लगा रही कांग्रेस

दिव्य हिमाचल ब्यूरो — शिमला

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल ने कहा कि जो लोग संविधान की दुहाई देते हैं, वही आज उसकी मूल संस्थाओं को कमजोर करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री और कांग्रेस पार्टी चुनाव आयोग जैसी निष्पक्ष संस्थाओं पर निराधार आरोप लगाकर देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। विशेष संशोधित मतदाता सूची (एसआईआर) जैसी नियमित प्रक्रिया को राजनीतिक हथियार बनाकर ये लोग घुसपैठियों के पक्ष में वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि उनके मन में पीड़ा है कि उनके हाथ से सत्ता कैसे चली गई। डा. बिंदल ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग और विशेषकर कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी आए दिन संविधान की दुहाई देते हैं। इन दिनों देश देख रहा है कि सबसे अधिक संविधान-विरोधी कार्य अगर कोई कर रहा है, तो राहुल गांधी उसमें सबसे ऊपर हैं। कांग्रेस पार्टी की दिशाहीनता, उनकी दुविधा बन चुकी है।



एसआईआर पहली बार नहीं हो रहा है। हर एक राज्य में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव आयोग की यह एक नियमित प्रक्रिया है। आजादी के बाद मतदाता सूची को परिष्कृत करने और व्यवस्थित करने के लिए चुनाव आयोग की एक स्वतंत्रता और निरंतर प्रक्रिया है। आज तो कांग्रेस के नेता हिमाचल में हुए लोकसभा चुनाव को भी झूठा करार दे रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री दोनों एक कदमताल में कांग्रेस पार्टी द्वारा भेजे गए नैरेटिव को जनता के बीच रखने का प्रयास कर रहे हैं।

दैनिक जागरण 13 AUG 2025

60

# पर्यटन क्षेत्र में होगा 3000 करोड़ रुपये का निवेश

- मुख्यमंत्री सुक्खू बोले, शिक्षा में सुधार से अब स्कूलों में प्रतियोगी परीक्षा से मिलेगा प्रवेश
- अगले शैक्षणिक सत्र से प्रदेश में 10 राजीव गांधी राजकीय डे बोर्डिंग स्कूल होंगे आरंभ

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आगामी वर्षों में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। युवाओं को स्वरोजगार मिलेगा। शिमला में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि होम स्टे निर्माण के लिए चार प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिया जा रहा है। प्रदेश में आठ हजार होम स्टे हैं और युवा आठ से 15 लाख रुपये कमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर में सुधार से सरकारी स्कूलों में प्रवेश प्रतियोगिता के आधार पर होगा। प्रदेश सरकार जो सुधार कर रही है, उनका लाभ अगले पांच वर्षों में युवाओं को मिलेगा।

सुक्खू ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों को चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे बोर्डिंग में बदला जाएगा। अगले शैक्षणिक सत्र से प्रदेश में 10 राजीव गांधी राजकीय डे बोर्डिंग स्कूल शुरू होंगे, जिनमें प्री नर्सरी से 12वीं तक की कक्षाएं, स्विमिंग पूल, पौष्टिक भोजन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के युवाओं से नशे से दूर रहने और प्रदेश को नशामुक्त राज्य बनाने के प्रयासों में सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने युवाओं से नशा तस्करों की सूचना पुलिस को देने की अपील की और नशीली दवाओं के दुरुपयोग और एचआईवी के प्रति जागरूकता की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने सुबह सरकारी आवास से रेड रन और साइकिल रन को झंडी दिखाई और विजेताओं को सम्मानित भी किया।



शिमला में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं के साथ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू। इस अवसर मंत्री व विधायक भी मौजूद रहे • सौ. डीपीआरओ

मुख्यमंत्री ने कहा कि डाक्टर वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना के तहत उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इसके तहत केवल एक प्रतिशत ब्याज पर 20 लाख रुपये तक के ऋण का प्रविधान है। पात्रता के लिए 60 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता समाप्त करने पर विचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक एचआईवी के विरुद्ध चलने वाले जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान राज्य के 6,000 गांवों और 1,500 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों को कवर करेगा। उन्होंने शिमला में 50 टैक्सी चालकों को कार-बिन वितरित किए और कार बिन वितरण अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने राज्य में एचआईवी के 6,408 मामलों पर चिंता व्यक्त की, जिनमें से 1,453 मामले 15-30 वर्ष की आयु के युवाओं में हैं।

# राहुल को हिरासत में लेना लोकतंत्र की मर्यादाओं के खिलाफ : सुक्खू





बायें से सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू और मुकेश अग्निहोत्री • जागरण आर्काइव

कहा, विपक्ष कर रहा अपना काम केंद्र को देना चाहिए जवाब, मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोप सही आयोग को करनी चाहिए जांच

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोप सही हैं और चुनाव आयोग को जांच करनी चाहिए। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को हिरासत में लेने को लोकतंत्र की मर्यादाओं के खिलाफ बताया। मुख्यमंत्री ने शिमला में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर साइकिल रैली को रवाना करने के दौरान पत्रकारों से यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में वर्षा व नुकसान पर पूछे सवाल पर कहा कि पर्यावरण में बदलाव से अत्यधिक वर्षा हो रही है। इसको लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की है और अध्ययन के लिए केंद्र से टीम आई थी, अब रिपोर्ट आनी है।

**डिजिटल वोटर लिस्ट जारी करने के समर्थन में उतरे उपमुख्यमंत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा, मतदाता सूची की शुचिता और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने राहुल गांधी की डिजिटल वोटर लिस्ट की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि देश के संविधान, पारदर्शिता और जनता के अटूट विश्वास की रक्षा का संकल्प है। यहां प्रेस को जारी बयान में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी, वोट चोरी या मतदाता सूची में हेरफेर लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करता है। डिजिटल वोटर लिस्ट से पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिकों का भरोसा बढ़ेगा। नागरिकों से अपील की कि वे इस मुहिम का हिस्सा बनकर लोकतंत्र को और मजबूत करें। इसके लिए www.votechori.in/ecdemand पर जाकर अथवा 9650003420 पर मिस्ड काल देकर समर्थन दर्ज करवा सकते हैं।

# सीएम ने भूटान को चिलगोजा के पांच हजार पौधे भेंट किए



शिमला में मंगलवार को भुटान के प्रतिनिधिमंडल से भेंट करते सीएम • सौ. प्रतिनिधिमंडल

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : रायल भूटानी एंबेसी के डिप्टी चीफ आफ मिशन ताशी पेलडन और मंत्री सलाहकार चिमी वांगमो के नेतृत्व में भूटान के प्रतिनिधिमंडल ने शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। इस दौरान परस्पर संबंधों पर चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और भूटान के बीच संबंध हमेशा सौहार्दपूर्ण रहे हैं। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच 1949 में मैत्री समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसे 2007 में नवीनीकृत किया गया। उन्होंने कहा कि इन संबंधों को और अधिक मजबूत करते हुए प्रदेश की जनता की ओर से मित्रता के प्रतीक के रूप में भूटान सरकार के वन एवं पार्क सेवा विभाग को आज 5000 से अधिक चिलगोजा पौधे दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि अक्टूबर में जाइका के तहत स्वयं सहायता समूहों की ओर से एकत्र 50 किलोग्राम चिलगोजा के बीज भूटान को दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि चिलगोजा के पौधे किन्नौर व चंबा जिले के पांगी व भरमौर क्षेत्रों में पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि चिलगोजा के बीज किन्नौर जिले के लोगों की आजीविका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और बाजार में इन्हें अच्छा मूल्य मिलता है। इन बीजों में औषधीय गुणों के साथ-साथ एंटीआक्सीडेंट तत्व भी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। उन्होंने भूटान सरकार को चिलगोजा के पौधे लगाने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने की पेशकश की।

दैनिक जागरण 13 AUG 2025

# बिजली बोर्ड के कर्मचारी नेताओं पर दर्ज चार्जशीट होगी वापस

## सीएम की कर्मियों की ज्वाइंट एक्शन कमेटी के साथ बैठक में सहमति

जागरण संवाददाता, शिमला : मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ राज्य बिजली बोर्ड के कर्मचारियों व पेंशनर्स की ज्वाइंट एक्शन कमेटी की बैठक में कर्मचारियों नेताओं पर दर्ज चार्जशीट वापस लेने पर सहमति बनी है। शिमला में मुख्यमंत्री के साथ बैठक मंगलवार शाम 5.30 से 6.30 बजे तक चली। मुख्यमंत्री कर्मचारियों नेताओं पर चार्जशीट से नाखुश थे और प्रबंधन को तुरंत चार्जशीट वापस लेने के आदेश जारी किए। उन्होंने बिजली बोर्ड प्रबंधन की ओर से कार्यस्थलों पर बैठक और धरना प्रदर्शन पर लगी रोक पर असहमति जताई और कहा कि यह संगठनों का अधिकार हैं और सरकार इस तरह के अधिकारों को कम करने की सोच नहीं रखती है।

बैठक में ऊर्जा सचिव राकेश कंवर, विशेष सचिव शुभकरण व प्रबंधक निदेशक संदीप कुमार उपस्थित रहे। ज्वाइंट एक्शन कमेटी से लोकेश ठाकुर, संयोजक हीरालाल वर्मा, एएस गुप्ता, इंजीनियर एसएन कपूर, डीके गुप्ता, कुलदीप खरवाड़ा, कामेश्वर दत्त शर्मा, डीएस डटवालिया, नरेंद्र ठाकुर, मनोहर धीमान और टीआर गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली बोर्ड में नई भर्ती पर सहमति जताई और शीघ्र एक नई भर्ती पालिसी बनाकर फील्ड स्टाफ की भर्ती की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बिजली कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन देने के लिए बच्चनबद्धता बताई और अक्टूबर तक का समय मांगा। इसके अतिरिक्त बिजली बोर्ड के पेंशनर्स की लंबित लीव इनकैशमेंट और ग्रेच्युटी की शीघ्र अदायगी के प्रबंधन को आदेश दिए। बिजली बोर्ड से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर कर्मचारियों व अधिकारियों की कमेटी गठित करने की बात कही है। वहीं फ्रंट के पदाधिकारियों ने आउटसोर्स कर्मियों के लिए स्थायी नीति बनाने की मांग रखी।



शिमला में ज्वाइंट एक्शन कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते सुक्खू • जागरण

## चालकों के ओवरटाइम के लिए दो करोड़ रुपये जारी

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालकों व परिचालकों के लंबित ओवरटाइम और रात्रि ओवरटाइम भत्तों के लिए निगम प्रबंधन ने मंगलवार को दो करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि चालकों व परिचालकों का 100 करोड रुपये ओवरटाइम भत्ता पाच वर्ष से लंबित था। निगम प्रबंधन तीन बार राशि जारी की है। पूर्व सरकार के समय की देनदारी बची है जो अब प्रबंधन चरणबद्ध तरीके से देगा। प्रबंधन ने निर्णय लिया है कि हर महीने नाइट ओवर टाइम जारी कर दिया जाएगा। चालक संघ के अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने इसके लिए आभार जताया है।

दैनिक जागरण
13 AUG 2025

62

# कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए हुडको से ऋण लेगी हिमाचल सरकार

- तीन से पांच हजार करोड़ रुपये ऋण लेने का प्रारूप होगा तैयार
- जिला प्रशासन द्वारा भू-अधिग्रहण का कार्य पूरा किया जा रहा

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : गगल स्थित कांगड़ा हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए राज्य सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (हुडको) से ऋण लेने की तैयारी कर रही है। पर्यटन विभाग इस संबंध में तीन से पांच हजार करोड़ ऋण लेने का प्रारूप तैयार कर रहा है। इसके लिए सरकार भूमि का अधिग्रहण कर रही है। सामरिक दृष्टि से और पर्यटकों की सुविधा के लिए हवाई अड्डे का विस्तार आवश्यक है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि गगल हवाई अड्डे पर 80 सीटर या इससे बड़े विमानों की लैंडिंग और टेक आफ की सुविधा विकसित की जाए। निर्वासित तिब्बती सरकार के कारण भी इसका विस्तार आवश्यक है।

इस वित्त वर्ष में इसके निर्माण के लिए तीन हजार करोड़ रुपये व्यय करने का प्रस्ताव है, जिसमें एक हजार करोड़ भू-अधिग्रहण के लिए निर्धारित किए गए थे, लेकिन अपरिहार्य कारणों से यह संभव नहीं हो पाया। प्रधान सचिव देवेश कुमार के निर्देशानुसार अधिकारियों की टीम हुडको से ऋण लेने का प्रारूप तैयार करने में जुटी है, जो अभी प्रारंभिक स्तर पर है। मुख्यमंत्री ने कांगड़ा हवाई अड्डे को पर्यटन राजधानी के स्तर के अनुरूप बनाने के निर्देश दिए हैं।

## हवाई पट्टियों की लंबाई बढ़ाने की पीएम से मांग

मुख्यमंत्री सुक्खू प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय तक प्रदेश की तीनों हवाई पट्टियों की लंबाई बढ़ाने की मांग कर चुके हैं, ताकि 80 सीटर विमान उतर सकें और पर्यटकों की आमद बढ़े। शिमला व भुंतर हवाई अड्डों पर 40 सीटर विमान ही उतरने की सुविधा है। प्रदेश के सबसे बड़े गगल हवाई अड्डे पर भी इसी तरह की व्यवस्था है।

## कल होगी फुल ड्रेस रिहर्सल



उपमुख्यमंत्री को समारोह में शामिल होने का निमंत्रण देते डीसी व एसपी • जागरण

जागरण संवाददाता, शिमला : राजधानी शिमला के रिज मैदान पर स्वतंत्रता दिवस का जिलास्तरीय कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री होंगे। स्वतंत्रता दिवस पर परेड के लिए पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। रिज मैदान पर 14 अगस्त को फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को मंगलवार को उपायुक्त अनुपम कश्यप ने स्वतंत्रता दिवस के जिलास्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी भी मौजूद रहे।

# आइजीएमसी में मानसिक रोगियों के साथ नहीं रखे जाएंगे नशे के आदी

### नशे के खिलाफ द व्हाइट ट्रुथ वेब सीरीज का ट्रेलर लांच

जागरण संवाददाता, शिमला : इंदिरा गांधी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल (आइजीएमसी) शिमला में उपचाराधीन नशे के आदी के लोगों को मानसिक रोगियों के साथ नहीं रखा जाएगा।

इस दिशा में प्रदेश सरकार जल्द कदम उठाएगी। यह बात स्वास्थ्य मंत्री डा. धनीराम शांडिल ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर शिमला स्थित बचत भवन में हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के युवा बचाओ अभियान के तहत नशे के खिलाफ द व्हाइट ट्रुथ वेब सीरीज का ट्रेलर लांच करने के दौरान कही। सात एपिसोड की वेब सीरीज नशे की गिरफ्त में फंसे लोगों के ऊपर आधारित है। नशे के खिलाफ लोग क्या भूमिका निभा सकते हैं, इसका संदेश वेब सीरीज से दिया जाएगा। टीएफटी प्रोड्क्शन की बनाई सीरीज समिति के यूट्यूब चैनल पर है।




वेब सीरीज का ट्रेलर लांच करते डा. धनीराम शांडिल व समिति के पदाधिकारी • डीपीआरओ

### परिवार का मिला साथ, नशा छोड़ने में मिली मदद : पंकज

कार्यक्रम में उपस्थित नशे को हरा चुके पंकज ने बताया कि वह छह वर्ष से चिट्टे का सेवन कर रहा था। इससे पहले मैं 14 वर्ष तक चरस का आदी था। चिट्टा लेने के लिए मैंने शरीर की कई नसों में इंजेक्शन लगाए। कई बार तो इंजेक्शन लगाने के लिए नसें भी नहीं मिलती थी। मैं नशा छोड़ना चाहता था, लेकिन ऐसा कर नहीं पा रहा था। मैं ज्यादा से ज्यादा दो दिन तक बिना नशा किए रह पाता था, लेकिन तीसरे दिन मुझे नशा चाहिए होता था। मेरे साथ नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले 14 दोस्तों ने जान गंवाई है। मेरे स्वजन ने मेरा साथ देकर आइजीएमसी में उपचार करवाया और मैंने नशा छोड़ दिया। अगर परिवार साथ न देता तो शायद मैं नशे को हरा न पाता।

## बल्क ड्रग पार्क के लिए उच्चस्तरीय बैठक आज

शिमला : हिमाचल सरकार को बल्क ड्रग पार्क को मार्च, 2026 से पहले तैयार करना है। इस संदर्भ में सरकार ने केंद्र को लिखित सूचना भेजी है। हरोली में निर्माणाधीन पार्क की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान बुधवार को उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव आरडी नजीम, विभाग के निदेशक डा. यूनुस, अतिरिक्त निदेशक तिलक राज शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे। 2170 करोड़ रुपये की लागत वाले इस पार्क के लिए केंद्र ने 225 करोड़ की पहली किस्त जारी की है, जबकि प्रदेश सरकार ने 150 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। लगभग 600 करोड़ रुपये की तीन परियोजनाओं की निविदा खोलने की स्वीकृति भी दी गई थी। (राब्यू)

दैनिक जागरण

13 AUG 2025

# सर! कुछ कीजिए, कहीं छूट न जाए किताब

## आपदा प्रभावित सराज के दौरे के दौरान शिक्षा मंत्री को बच्चों व अभिभावकों ने बताया दर्द

गगन सिंह ठाकुर • जागरण

थुनाग : आपदा ने सब कुछ छीन लिया। न घर बचा, न खेत। सिर्फ पहने हुए कपड़े और जान बची है। बच्चों की पढ़ाई के लिए कुछ कीजिए...कहीं किताब न छूट जाए। फीस देने तक के पैसे नहीं हैं। बसें नहीं चल रही इस कारण छात्राओं को पैदल कालेज व स्कूल आने-जाने में दिक्कत हो रही है। ऐसे में कालेज छोड़ना पड़ सकता है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर मंगलवार को लंबाथाच कालेज का निरीक्षण करने जा रहे थे तो आपदा प्रभावित अभिभावकों और विद्यार्थियों ने उनके समक्ष अपना दर्द बताया।

कालेज की छात्रा माया ने बताया कि भारी बारिश में एक घंटा पैदल चलकर सड़क तक पहुंचते हैं। एक टैंपो ट्रैवलर लगी है जो जंजैहली में ही भर जाती है। दो घंटे पैदल चलकर कालेज पहुंचना पड़ता है। कई बार कालेज नहीं जा पाते। छात्र रूपेश का कहना था कि डेढ़ साल से बन रहे ब्लाक का काम पूरा न होने के कारण इच्छुक विद्यार्थी विज्ञान संकाय की पढ़ाई नहीं पा रहे हैं।

कालेज प्राध्यापक ओंकार ठाकुर ने कहा कि कुछ परिवार बेघर हो गए हैं। वे बच्चों को पढ़ाने में असमर्थ हैं। उनकी फीस माफ करने और किताबों का खर्च बहन करने की मांग है। नहीं तो वे पढ़ाई छोड़ने की बात कह रहे हैं। मंत्री ने तुरंत इसकी सूची तलब की।

- छात्राएं बोलीं-बसें नहीं चल रही, पैदल कालेज व स्कूल आने-जाने में हो रही दिक्कत
- बाढ़-भूस्खलन में सब कुछ खो देने वाले अभिभावक बोले, फीस देने के लिए नहीं हैं पैसे

### लंबाथाच कालेज के रिक्त पदों का उठाया मामला

लंबाथाच कालेज में अंग्रेजी विषय के दो, गणित का एक, केमिस्ट्री का एक, शारीरिक शिक्षा, वाणिज्य व जियोग्राफी के प्रवक्ता समेत प्राध्यापकों के सात पद खाली हैं। विद्यार्थियों ने यह मामला भी मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 380 बच्चे यहां पढ़ रहे हैं, लेकिन प्रवक्ता न होने के कारण उन्हें भविष्य की चिंता सता रही है।

### तीन किलोमीटर जंगल से बच्चों का जाना मुश्किल

मंत्री के समक्ष राजकीय प्राथमिक पाठशाला बनौटी का मामला आया।



गांव के रूप सिंह, उपप्रधान खोलानाल ढमेश्वर, शकुंतला सहित 50 लोगों ने बताया कि हमारा स्कूल सैमपुर के साथ मर्ज किया है जो तीन किलोमीटर दूर है। जंगल से जाना पड़ेगा। ऐसे में बच्चों का स्कूल पहुंचना मुश्किल है। रोहित ठाकुर ने निदेशक को वास्तविक स्थिति जांचने का आदेश दिया।

### नाले के पास नहीं बनेंगे स्कूल भवन हिमुडा करेगा निर्माण

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि अब स्कूल भवन नदी-नालों के पास नहीं बनाए जाएंगे। स्कूल भवन के लिए स्थान तय करने की जिम्मेदारी उपनिदेशकों और बीपीईओ की होगी। स्कूल भवनों का निर्माण लोक निर्माण विभाग नहीं हिमुडा से करवाया जाएगा। हिमुडा एक वर्ष में निर्माण कार्य को पूरा करेगा। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सराज में आपदा से क्षतिग्रस्त स्कूल भवनों का दौरा करने के बाद कहा कि प्रदेश में आपदा के दौरान 500 के करीब स्कूल क्षतिग्रस्त हुए हैं। 109 ऐसे हैं जो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अकेले मंडी में 29 स्कूल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हैं जिसमें से 22 स्कूल अकेले सराज में हैं। उन्होंने कहा कि 2023 की आपदा में भी 37 करोड़ रुपये लोक निर्माण विभाग को दिए थे, जिनमें से 11 करोड़ रुपये मंडी के लिए दिए थे। लोक निर्माण विभाग की काम करने की गति धीमी होने के कारण इस बार हिमुडा को यह कार्य देने का निर्णय लिया है। सितंबर तक कागजी प्रक्रिया पूरी होते ही पैसा जारी हो जाएगा। नदी-नालों के पास स्कूलों को आवश्यक हुआ तो शिफ्ट कर सकते हैं। लंबाथाच कालेज में रिक्त चल पदों को जल्द भरा जाएगा। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मंगलवार को 11 बजे थुनाग पहुंचे। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंबाथाच, डिग्री कालेज लंबाथाच, राजकीय प्राथमिक विद्यालय भेखली और निहरी सुनाह का निरीक्षण किया। उनके साथ कांग्रेस नेता जगदीश रेड्डी ने चेतराम ठाकुर भी मौजूद रहे।



लंबाथाच कालेज में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को समस्या बताते ग्रामीण • जागरण

दैनिक जागरण

13 AUG 2025

दैनिक जागरण

# बुझ रही जिंदगी के लिए आशा की किरण सोटो

**विश्व अंगदान दिवस पर विशेष**

- मंत्री अनिरुद्ध के साथ 3044 लोग ले चुके हैं अंगदान की शपथ
- देवभूमि में अंगदान की शपथ लेने वालों में 80 प्रतिशत हैं युवा

यादवेन्द्र शर्मा • जागरण

**शिमला :** स्टेट आर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन (सोटो) जीवन जीने की आस छोड़ चुके लोगों के लिए आशा की किरण है। सोटो प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को अंगदान के लिए जागरूक कर रही है। इसके सार्थक परिणाम भी सामने आए हैं। देवभूमि हिमाचल में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह सहित 3044 लोग अभी तक अंगदान करने के लिए शपथ ले चुके हैं। राहत की बात है कि युवा पीढ़ी अंगदान के महत्व को समझते हुए आगे आ रही है। इनमें से 80 प्रतिशत युवा अंगदान के लिए शपथ लेने के लिए आगे आए हैं। अंगदान कर एक व्यक्ति आठ लोगों का जीवन बचा सकता है।

प्रदेश में अंगदान की शपथ लेने वाली प्रमुख हस्तियों में पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रधान सलाहकार (आइटी) गोकुल बुटेल और आइएएस अधिकारी अभिषेक वर्मा शामिल हैं। पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह का कहना है कि मृत्यु के बाद इस शरीर को जलाया ही जाना है। ऐसे में मृत देह के अंग किसी को नवजीवन प्रदान करें तो इससे बढ़कर क्या हो सकता है। इसलिए अंगदान की शपथ ली।

सोटो के नोडल अधिकारी व विभागाध्यक्ष सर्जरी डा. पुनीत महाजन का कहना है कि नेशनल आर्गन ट्रांसप्लांट प्रोग्राम के तहत चार साल से अंगदान जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सोटो टीम ने लगभग 200 शिविर लगाकर ब्रेन डेथ के बाद अंगदान करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया है। घर बैठे कोई भी व्यक्ति अंगदान का शपथ पत्र भर सकता है। सोटो ने अंगदान के लिए शपथ पत्र भरवाने के साथ अस्पतालों को शामिल किया है। इनमें इंदिरा गांधी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल (आइजीएमसी), टांडा मेडिकल कालेज एवं एम्स बिलासपुर शामिल हैं।

## कौन कर सकता है अंगदान

18 वर्ष का कोई भी व्यक्ति अंगदान की शपथ ले सकता है। व्यक्ति एचआइवी एड्स, हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमित नहीं होना चाहिए। इसके अलावा कैंसर या किसी गंभीर बीमारी के कारण उसके अंग खराब नहीं होने चाहिए।

> अंगदान के लिए ग्रीन कोरिडोर बनाए जाएं। विशेष टीम हो जो तुरंत पहुंचे और अंगदान में मदद करे। इससे अंगदान के लिए प्रेरणा भी मिलेगी।



**अनिरुद्ध सिंह**
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री।

दैनिक जागरण

13 AUG 2025

## आपदा व कानून व्यवस्था पर चर्चा चाहता है विपक्ष

**राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला:** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि मानसून सत्र के लिए विपक्ष ने राज्य में प्राकृतिक आपदा से उत्पन्न स्थिति और कानून व्यवस्था पर चर्चा के लिए विषय प्रस्तुत किए हैं। विधानसभा में सत्र के दौरान सुरक्षा प्रबंधों को लेकर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि सत्र के सुचारू संचालन में सत्ता और विपक्ष का सहयोग आवश्यक है। सत्र के लिए प्रश्न प्राप्त होना शुरू हो गया हैं।अब तक 635 तारांकित और 127 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं। सत्र शुरू होने से पहले 18 अगस्त को दोपहर दो बजे सर्वदलीय बैठक भी बुलाई गई है। अध्यक्ष ने कहा कि इस वर्ष 35 बैठकें पूरी करने का प्रयास रहेगा। सुरक्षा संबंधी बैठक में पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी, सचिव सामान्य प्रशासन राजेश शर्मा, विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा, जिला उपायुक्त अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**सर्वाधिक 181 कार्य दिवस** :1962 से 1967 तक विधानसभा की 181 कार्य दिवस रहे हैं। जबकि सामान्य तौर पर 150-160 कार्य दिवस ही संभव होते हैं।

# अंगदान महादान

मनुष्य के हर अंग का महत्व है। मृत्यु के बाद भी मानव अंगों को प्रत्यारोपित कर किसी का जीवन बचाया जा सकता है। अंगदान के लिए प्रेरित करने के लिए ही 13 अगस्त को अंगदान दिवस मनाया जाता है। हिमाचल प्रदेश में अंगदान के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। लगभग 3000 लोगों ने अंगदान के लिए शपथपत्र भरा है। पिछले दिनों ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह भी शपथपत्र भरकर इस पुनीत कार्य में शामिल हुए। अंगदान कर एक व्यक्ति आठ लोगों का जीवन बचा सकता है। कई लोगों को किडनी, लिवर, हार्ट जैसे अंगों के प्रत्यारोपण की आवश्यकता रहती है। यदि उन्हें समय पर अंग मिल जाते हैं तो उन्हें नया जीवन मिल सकता है। हिमाचल के मरीजों को अंग प्रत्यारोपण के लिए अन्य राज्यों में जाना पड़ता था, वहां अधिक खर्च, लंबा इंतजार उनकी मुसीबत को बढ़ा देता था। अब प्रदेश में अंग प्रत्यारोपण सुविधा शुरू होने से मरीजों को राहत मिली है। अंगदान दिवस से एक दिन पूर्व डाक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कालेज एवं अस्पताल टांडा (कांगड़ा) में मंगलवार को किडनी ट्रांसप्लांट के आपरेशन किए गए। 20 वर्षीय युवक को उसकी मां और एक व्यक्ति को उसकी पत्नी ने किडनी दी है। टांडा और आइजीएमसी शिमला में अब तक किडनी ट्रांसप्लांट के कई आपरेशन हो चुके हैं। लोगों को समझना चाहिए कि यदि मृत्यु के बाद उनके अंगों से किसी की जान बचाई जा सकती है तो इसके लिए पहल करनी चाहिए। अंगदान से बड़ा कोई भी दान नहीं हो सकता है।

> अंगदान की भ्रांतियों को दूर कर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है

# जयराम बोले, रेल परियोजनाओं में केंद्र का सहयोग करे प्रदेश सरकार

**जागरण संवाददाता, शिमला** : नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार का सहयोग न मिलने से हिमाचल में रेलवे विस्तार को गति नहीं मिल रही है। इससे हिमाचल की आर्थिकी और रेल मार्ग संपर्क को नए आयाम देने वाली परियोजनाएं लटकी हुई हैं। समय बढ़ने के साथ परियोजनाओं की लागत में वृद्धि होती जा रही है। सरकार की उदासीनता न हिमाचल के हित में है और न आर्थिकी व औद्योगिकरण को बढ़ावा देने की भविष्य की योजनाओं के हित में। इसलिए मुख्यमंत्री राजनीतिक विद्वेष छोड़कर रेल परियोजनाओं में पूर्व निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार काम करें।



जयराम ठाकुर • जागरण आर्काइव

**कहा, सरकार की उदासीनता से रेलवे विस्तार को नहीं मिल रही गति, विद्वेष छोड़ नियमों के अनुसार काम करें मुख्यमंत्री**

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार रेल परियोजनाओं को भरपूर बजट दे रही है ताकि हिमाचल में रेल नेटवर्क को मजबूत किया जा सके। रेल नेटवर्क की कनेक्टिविटी प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने जोगेंद्रनगर-पठानकोट रेलवे लाइन के ब्राडगेज करने के लिए करवाए सर्वे के लिए प्रधानमंत्री और रेलवे मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भानुपल्ली- बिलासपुर-बैरी की 63 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के लिए लागत साझाकरण के आधार पर बनने की सहमति बनी थी। इस योजना के लिए 123.16 हेक्टर जमीन का अधिग्रहण प्रदेश सरकार ने करना था जबकि 80.31 हेक्टेयर भूमि का ही अधिग्रहण अब तक हो पाया है। इस परियोजना पर ही केंद्र सरकार ने 5251.81 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इस प्रोजेक्ट में प्रदेश सरकार की 1789.56 करोड़ रुपये की देनदारी बकाया है। इससे प्रोजेक्ट पूरा करने में देरी हो रही।

## आयोग पर निराधार आरोप लगा रही कांग्रेस

**जागरण संवाददाता, शिमला** : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. राजीव बिंदल ने कहा कि जो लोग संविधान की दुहाई देते हैं, वही आज उसकी मूल संस्थानों को कमजोर करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू चुनाव आयोग पर निराधार आरोप लगाकर देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।



राजीव बिंदल • जागरण आर्काइव

विशेष संशोधित मतदाता सूची जैसी नियमित प्रक्रिया को राजनीतिक हथियार बनाकर घुसपैठियों के पक्ष में वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। मतदाता सूचियों में विशेष संशोधन पहली बार नहीं हो रहा है।

दैनिक जागरण 13 AUG 2025

# कदाचार के आरोप में वेतनवृद्धियां रोकने की सजा असंवैधानिक

## सीएम आवास पर तैनात कांस्टेबल के सेवा लाभ बहाल करने का आदेश

**विधि संवाददाता, जागरण • शिमला :** प्रदेश हाई कोर्ट ने शिमला स्थित मुख्यमंत्री आवास में गार्ड ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी को कदाचार के आरोप में चार वेतनवृद्धियां रोकने की सजा को असंवैधानिक ठहराया है। न्यायाधीश सत्येन वैध ने याचिकाकर्ता होशियार सिंह की याचिका को स्वीकारते हुए कहा कि प्रार्थी को किसी कदाचार या कर्तव्य की उपेक्षा के पुख्ता प्रमाण पर ही किसी दंड का सामना करना पड़ सकता है। याचिकाकर्ता हिमाचल प्रदेश सशस्त्र पुलिस की तीसरी बटालियन में कांस्टेबल था।

18 फरवरी 2002 को याचिकाकर्ता सीएम आवास में पोस्ट संख्या पांच पर ड्यूटी पर था। करीब चार बजे एक व्यक्ति कथित तौर पर सीएम आवास में घुसा और बैग वहां छोड़ भाग गया था। इस पर याचिकाकर्ता, उपनिरीक्षक भीम सिंह, कांस्टेबल शेष राम और रामपाल के खिलाफ अनुशासनात्मक जांच की गई। याचिकाकर्ता ने बचाव में कहा था कि परिसर के बाहर से कोई व्यक्ति

**18 फरवरी 2002 को एक व्यक्ति सीएम आवास परिसर में बैग छोड़ भाग गया था**

उससे पूछताछ कर रहा था और वह जवाब दे रहा था। कोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि क्योंकि यह दंड याचिकाकर्ता के विरुद्ध किसी भी दोषपूर्ण परिस्थिति के प्रमाण के बिना लगाने का प्रयास किया है, इसलिए ऐसी विकृत कार्रवाई को बरकरार नहीं रखा जा सकता। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्ता के सभी सेवालाभ बहाल करे जो विभागीय आदेश के परिणामस्वरूप छीन लिए गए थे।

कोर्ट ने पाया कि प्रार्थी के विरुद्ध विवादित आदेश स्पष्ट रूप से विकृत हैं क्योंकि उनमें दर्ज निष्कर्ष जांच अधिकारी की ओर से दर्ज साक्ष्य या रिकार्ड पर मौजूद किसी अन्य सामग्री से नहीं निकाले गए हैं। जो निष्कर्ष साक्ष्य पर आधारित नहीं हैं या अन्यथा रिकार्ड से उत्पन्न नहीं हैं, उनका कानून की दृष्टि में कोई निष्कर्ष नहीं है।

# पशुपड़ाव की संपति को कब्जामुक्त करने का आदेश सही

**विधि संवाददाता, जागरण • शिमला :** हिमाचल हाई कोर्ट ने शिमला के



बालूगंज में पशुपड़ाव की संपत्ति को कब्जामुक्त करने के एकलपीठ के निर्णय को सही ठहराया है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने नगर निगम शिमला को पशुपड़ाव की संपत्ति का इस्तेमाल अपने लाभ के लिए करने की मंजूरी दी है। एकल पीठ ने नौ अगस्त 2024 को अपीलकर्ता प्रार्थी ऊषा शर्मा की याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि नगर निगम आयुक्त और मंडलायुक्त शिमला के पारित बेदखली आदेश में किसी दखल की जरूरत नहीं है।

दैनिक जागरण

13 AUG 2025

# किसने दिलाए दो करोड़, श्रेय लेने की होड़



छोटी काशी के रंग

हंसराज सैनी

नगर निगम मंडी को आपदा की घड़ी में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए सरकार की ओर से दो करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। यह राशि किसने दिलाई इसका श्रेय लेने की होड़ मची है। सदर विधायक अनिल शर्मा ने दो करोड़ रुपये की राशि जारी करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार भी जता दिया। साथ ही दावा जताया कि वह गत दिनों मुख्यमंत्री से शिमला में मिले थे। श्रेय लेने की होड़ शुरू हुई तो लगे हाथ कांग्रेस के लोगों ने भी ताल ठोंक दी। कांग्रेस समर्थित पार्षदों ने दावा जताया कि वे ग्रांट को लेकर मुख्यमंत्री से मिले थे। बहती गंगा में भला हाथ कौन नहीं धोना चाहता। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंडी का दौरा करने के अगले दिन दो करोड़ रुपये की स्वीकृति की पोस्ट शेयर कर इसका श्रेय लेने का प्रयास किया।




मंडी के सरदार पटेल विश्वविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने 100 फीट लंबे तिरंगे झंडे के साथ तिरंगा यात्रा निकालकर सेना के शौर्य को नमन किया गया। देशभक्ति के गूंजते नारों के बीच यात्रा देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बन गई • जागरण

## आपदा में आपदा बनी कंगना

मंडी में आई आपदा ने सैकड़ों घर उजाड़े, लेकिन भाजपा के राजनीतिक समीकरण भी हिला दिए। सराज, करसोग, धर्मपुर व नाचन में जब लोग मदद के लिए तरस रहे थे, तब उनकी सांसद कंगना रनौत का न दिखना भाजपा के लिए सबसे बड़ा नुकसान बन गया। जनता को उम्मीद थी कि बेटी बनकर आई सांसद आपदा के जख्मों पर मरहम लगाएंगी, लेकिन वह खुद भाजपा के लिए नया संकट बन गईं। कंगना की अनुपस्थिति पर जब प्रश्न उठे तो बयान आया कि प्रशासन से झंडी नहीं मिली। फिर कहा गया कि नेता प्रतिपक्ष ने रोका है। जब आईं तो उम्मीद थी कि राहत राशि, पैकेज या कोई ठोस संदेश देंगी, लेकिन मेरे पास न फंड है, न कैबिनेट रैंक कहकर चली गईं। इस रवैये ने आपदा में घिरे लोगों के जख्मों पर मरहम नहीं, नमक छिड़का और भाजपा की छवि को भी गहरा नुकसान पहुंचाया।

## आपदा आई...समाजसेविका नहीं आईं

जब सराज की पहाड़ियां रो रही हैं, जब घर बह गए, सपने मलबे में दब गए, तब लोग किसी अपने की राह ताकते रहे। हर आंख इस इंतजार में थी कि शायद कोई आए, उनका हाल पूछे और सिर पर हाथ रखे। लेकिन जिनसे उम्मीद थी जो खुद को समाजसेविका कहती रही हैं, देश की पूर्व युवा प्रधान होने का गौरव लिए फिरती हैं, आपदा की इस घड़ी में कहीं नहीं दिखीं। न कोई ढांढस, न कोई सहारा। वह समाजसेविका जो हर आयोजन में आगे रहती थीं, हर कैमरे में मुस्कुराती दिखती थीं, आपदा की इस घड़ी में खामोश रहीं, गायब रहीं। सराज की सिसकती गलियों व कस्बों में उनकी आहट तक नहीं सुनाई दी। लोग कहते रहे कि शायद कल आएंगी पर कल भी नहीं आईं। यह चुप्पी लोगों के दिलों में प्रश्न छोड़ गई है कि क्या समाजसेवा भी सिर्फ मौसम की तरह होती है?

## कांग्रेस सरकार में भाजपा के स्लीपर सेल

प्रदेश में कांग्रेस सरकार भले ही बहुमत में हो, लेकिन अब उसके अपने ही नेता घुसपैठ से परेशान नजर आ रहे हैं। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन से जुड़े एक नेता ने दावा किया है कि प्रदेश सरकार में भाजपा के स्लीपर सेल सक्रिय हैं, यानी बाहर से कांग्रेस, अंदर से भाजपा। यह वही लोग हैं जो दिन में कांग्रेस की बैठक करते हैं और रात को कमल को पानी देने निकल पड़ते हैं। नीतियों में अड़ंगा, निर्णय में देरी व बयान ऐसे कि खुद विपक्ष भी हैरान हो जाए। अब कांग्रेस कार्यकर्ता प्रश्न उठा रहे हैं कि जब घर में ही सेंध हो तो बाहर के दुश्मनों की क्या जरूरत? सरकार बचानी है तो पहले घर के भीतर की साफ-सफाई जरूरी है। वरना ये स्लीपर सेल कब एक्टिव मोड में आ जाएं इनका कोई भरोसा नहीं। क्या पता पाला ही बदल दें?

दैनिक भास्कर

1 2025

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में बोले मुख्यमंत्री

# पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार करेगी ₹3,000 करोड़ का निवेश: सुक्खू

## होम-स्टे निर्माण के लिए 4 प्रतिशत ब्याज पर दिया जाएगा ऋण

भास्कर न्यूज़ | शिमला

राज्य सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आने वाले समय में 3000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। साथ ही सरकार प्रदेश में बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए होम स्टे निर्माण पर 4 प्रतिशत ब्याज पर ऋण की सुविधा भी प्रदान करेगी। यह बात मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में मनाए गए अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के युवाओं से नशे से दूर रहने और प्रदेश को नशा मुक्त राज्य बनाने के प्रयासों में सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने युवाओं से नशा तस्करों की सूचना पुलिस को देने की अपील की और कहा कि राज्य सरकार नशे की गिरफ्त में फंसे लोगों के पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नशा माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है, जिसमें उनकी संपत्ति जब्त करना भी शामिल है।



युवा दिवस के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के युवा देश का भविष्य हैं और हिमाचल प्रदेश की प्रगति सीधे तौर पर उनकी भलाई से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जो सुधार लागू कर रही है, उनका लाभ अगले पांच वर्षों में युवाओं को मिलेगा। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित कर रही है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, राज्य आगामी वर्षों में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। ये कदम राज्य में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने में काफी मददगार साबित होंगे। मुख्यमंत्री ने शैक्षणिक सुधारों के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा अगले शैक्षणिक सत्र से प्रदेश में दस राजीव गांधी राजकीय डे-बोर्डिंग स्कूल शुरू हो जाएंगे, जिनमें प्री-नर्सरी से कक्षा 12 तक की कक्षाएं, स्विमिंग पूल, पौष्टिक भोजन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है और 600 जेबीटी पदों के लिए विज्ञापन जारी किए जा चुके हैं।

### एचआईवी जागरूकता अभियान का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने 12 अगस्त से 12 अक्तूबर तक चलने वाले एचआईवी जागरूकता अभियान का भी शुभारंभ किया। यह अभियान राज्य के 6,000 गांवों और 1,500 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों को कवर करेगा। उन्होंने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और एचआईवी के प्रति जागरूकता शपथ भी दिलाई। इससे पहले सीएम ने अपने सरकारी आवास से 'रेड रन' और 'साइकिल रन' को झंडी दिखाई और विजेताओं को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने राज्य में एचआईवी के 6,408 मामलों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ एचआईवी परीक्षण और उपचार को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने 50 टैक्सी चालकों को कार-बिन वितरित किए और वितरण अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ किया।

# बिजली बोर्ड में जल्द भरे जाएंगे खाली पड़े पद: मुख्यमंत्री सुक्खू

## सीएम ने दिया समिति को आश्वासन, हड़ताल स्थगित

शिमला | राज्य सरकार बिजली बोर्ड में खाली चल रहे पदों को जल्द भरेगी। साथ ही बोर्ड को सुदृढ़ बनाने और इसे वित्तीय रूप से सक्षम बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। यह आश्वासन मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उनसे मिलने आए राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड की संयुक्त कार्य समिति के एक प्रतिनिधिमंडल को दिया। मुख्यमंत्री ने समिति की विभिन्न मांगों को गंभीरता से सुना और उन्होंने उनकी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा



कि राज्य सरकार एचपीएसईबीएल को सुदृढ़ बनाने और इसे वित्तीय रूप से सक्षम बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। बैठक में सचिव ऊर्जा राकेश कंवर, प्रबंध निदेशक एचपीएसईबीएल संदीप कुमार और विशेष सचिव ऊर्जा शुभकरण सिंह मौजूद थे।

दैनिक भास्कर 2025

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने की भूटान सरकार को चिलगोजे के पौधे लगाने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने की पेशकश

# मुख्यमंत्री ने भूटान सरकार के प्रतिनिधिमंडल को 5 हजार चिलगोजे के पौधे किए भेंट

भास्कर न्यूज | शिमला

भूटान साम्राज्य के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री से की मुलाकात की। रॉयल भूटानी एंबेसी के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन ताशी पेलडन और मंत्री सलाहकार चिमी वांगमो के नेतृत्व में भूटान साम्राज्य का यह प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिमला में मिला और परस्पर संबंधों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और भूटान के बीच संबंध हमेशा सौहार्दपूर्ण रहे हैं। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच 1949 में मैत्री समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसे वर्ष 2007 में नवीनीकृत किया गया था।

उन्होंने कहा कि इन संबंधों को और अधिक मजबूत करते हुए प्रदेश की जनता की ओर से मित्रता के प्रतीक के रूप में भूटान सरकार के वन व पार्क सेवा विभाग को आज 5 हजार से अधिक चिलगोजा पौधे दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि आगामी अक्तूबर में, जाईका परियोजना के तहत स्वयं सहायता समूहों द्वारा एकत्र किए गए 50 किलोग्राम चिलगोजा के बीज भी भूटान को प्रदान किए जाएंगे।



**आजीविका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है चिलगोजा:** मुख्यमंत्री ने बताया कि चिलगोजा के पौधे जिला किन्नौर तथा जिला चंबा के पांगी और भरमौर क्षेत्रों में पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि चिलगोजा के बीज किन्नौर जिला के लोगों की आजीविका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और बाजार में इन्हें अच्छी कीमत प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि इन बीजों में औषधीय गुणों के साथ-साथ एंटीऑक्सीडेंट तत्व भी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। उन्होंने भूटान सरकार को चिलगोजा के पौधे लगाने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने की पेशकश की। ताशी पेलडन ने चिलगोजा के पौधे प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पहल मैत्री संबंधों को और मजबूत बनाने में सहायक होगी। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव केके पंत, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर तथा प्रधान मुख्य अरण्यपाल संजय सूद भी मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर
13 AUG 2025

71

## डिजिटल वोटर लिस्ट जनता के अटूट विश्वास की रक्षा का संकल्प:मुकेश

**शिमला** | उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि वर्तमान समय में लोकतंत्र की रक्षा, मतदाता सूची की स्पष्टता और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा शुरू की गई 'डिजिटल वोटर लिस्ट' की मांग का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि यह केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि देश के संविधान, पारदर्शिता और जनता के अटूट विश्वास की रक्षा का संकल्प है। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, वोट चोरी या मतदाता सूची में हेरफेर लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करता है। डिजिटल वोटर लिस्ट से पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिकों का भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने प्रदेश के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे इस मुहिम का हिस्सा बनकर लोकतंत्र को और मजबूत करें।

# निर्माणाधीन कार्यों को समय पर पूरा करें: जगत सिंह नेगी

### मंत्री ने की कड़छम व कल्पा मंडल में चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता

**भास्कर न्यूज | रिकांगपिओ**

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर जिला के रिकांगपिओ स्थित आईटीडीपी भवन के सम्मेलन कक्ष में लोक निर्माण विभाग के कड़छम व कल्पा मंडल में निर्माणाधीन विभिन्न विकासात्मक कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी सेब सीजन के सफल आयोजन के लिए जिला के मुख्य मार्गों व संपर्क मार्गों में मरम्मत के कार्य को प्राथमिकता प्रदान करें, ताकि जिला के किसानों व बागवानों की फसलों को समय पर मंडियों तक पहुंचाया जा सके।

इसके अलावा उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि विकासात्मक कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बरतने वाले ठेकेदारों पर सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए।जनजातीय विकास मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को 03 किलोमीटर लंबे वैकल्पिक निगुलसरी संपर्क मार्ग को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए और सापनी कंडा सम्पर्क मार्ग के कार्य को भी समय पर पूर्ण करने को कहा।

उन्होंने जिला के कल्पा, सांगला व रिब्बा में निर्माणाधीन मल निकासी योजनाओं के कार्य में तेजी लाने और कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के संबंधित विभागों को निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त राजस्व मंत्री ने मनरेगा-2005 के लिए 15वें वित्त आयोग के तहत मनरेगा के कार्यों के लिए प्रदान धनराशि के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक ली।

## हमीरपुर-घुमारवीं मुख्य सड़क की जल्द रिपेयर करे एनएचएआई: राजेश धर्माणी

**भास्कर न्यूज | घुमारवीं**

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने आज लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह घुमारवीं में जन समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध जन समस्याओं को हल करने के निर्देश दिए। धर्माणी ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को हमीरपुर-घुमारवीं मुख्य सड़क की शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए ताकि आवागमन बेहतर हो सके।

उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे हो जाने के कारण सड़क हादसों का अंदेशा बना हुआ है, ऐसे में संबंधित विभागीय अधिकारी जल्द से जल्द इस प्रमुख सड़क की रिपेयर करना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने जलशक्ति विभाग को पेयजल आपूर्ति योजनाओं तथा बिजली बोर्ड को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित बनाए रखने के भी निर्देश दिये। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को बारिश से घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में हुए नुकसान का भी जल्द आकलन करने और प्रभावितों को राहत देने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विशेष राहत पैकेज प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

# मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना को फिर मिल सकता है सेवा विस्तार

### 30 सितंबर को पूरा हो रहा है उनका कार्यकाल

**शिमला** | मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और सेवा विस्तार मिल सकता है। मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार प्रबोध सक्सेना को और एक्सटेंशन देने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार सचिवालय में उनको एक्सटेंशन देने की फाइल मूव हुई है।

राज्य सरकार ने प्रबोध सक्सेना को 29 मार्च को उनकी रिटायरमेंट पर छह महीने का सेवा विस्तार दे दिया था, जिसकी समय अवधि अगले महीने यानी 30 सितंबर को पूरी हो रही हैं। ऐसे में सरकार उन्हें फिर से सेवा विस्तार देने की तैयारी में है। अगर ऐसा होता है तो मुख्य सचिव बनने की चाह में बैठे अधिकारियों को और इंतजार करना पड़ सकता है। इसमें 1988 बैच के आईएएस अधिकारी संजय गुप्ता का नाम सबसे ऊपर है। दूसरे नंबर पर्व 1993 बैच के अधिकारी और अतिरिक्त मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत, तीसरे नंबर पर 1994 बैच के अधिकारी और एससीएस ओंकार शर्मा व चौथे नंबर पर 1995 बैच के अफसर और एससीएस आरडी नजीम का नाम शामिल है। हालांकि हिमाचल प्रदेश कैडर की 1994 बैच की आईएएस अधिकारी अनुराधा ठाकुर प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली में अपनी सेवाएं दे रही हैं, उनका नाम भी मुख्य सचिव की दौड़ में शामिल है। प्रदेश सचिवालय में प्रबोध सक्सेना को फिर से सेवा विस्तार दिए जाने की चर्चा खूब गर्म है।

दैनिक भास्कर 13 AUG 2025

72

भास्कर खास

## स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल बोले, युवाओं को बचाना है मकसद

# आईजीएमसी में मानसिक व नशे के आदी मरीज नहीं रहेंगे साथ

भास्कर न्यूज | शिमला

आईजीएमसी में मानसिक रोगियों के साथ अब नशे के आदी मरीज नहीं रखे जाएंगे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि हमारी सरकार इस दिशा में कदम उठाने जा रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर बचत भवन में हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति की ओर से युवा बचाओ अभियान के तहत नशे के खिलाफ "द व्हाइट ट्रुथ" वेब सीरीज का ट्रेलर लांच करने के उपरांत अपने विचार साझा कर रहे थे। यह सीरीज नशे की गिरफ्त में आ चुके लोगों के ऊपर आधारित है जिसमें 7 एपिसोड होंगे। नशे के खिलाफ आप समाज में किस तरह अपनी भूमिका निभा सकते है, इस वेब सीरीज के माध्यम से जागरूकता फैलाने का लक्ष्य है। वेब सीरीज को टीएफटी प्रोडक्शन की ओर से बनाया गया है।

यह भी रहे मौजूद: कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रोटोकॉल ज्योति राणा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कानून एवं व्यवस्था पंकज शर्मा, एसी टू डीसी देवी चंद ठाकुर मौजूद रहे।




स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल बैठक लेते हुए।

### महिलाओं के लिए अलग नशा मुक्ति केंद्र बनाने का विचार

वहीं शिमला में सरकारी क्षेत्र में एक नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने के विकल्प तलाशे जाएंगे ताकि नशे के आदि लोगों को सही उपचार मिल सके। उ प्रदेश में महिलाओं के लिए अलग से नशा मुक्ति केंद्र बनाने की दिशा में हमारी सरकार विचार कर रही है। प्रदेश में नशे की आदि लड़कियों की संख्या हर दिन बढ़ती जा रही है।

### नशे से निकलना बहुत मुश्किल था: युवक

नशे को हरा चुके एक युवक ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वह छह साल से चिट्टा ले रहा था। जब मैं चिट्टा लेता था तो मैंने शरीर की कई नसों में इंजेक्शन लगाए। कई बार तो इंजेक्शन लगाने के लिए मुझे नसें भी नहीं मिलती थी। मैं नशा छोड़ना चाहता था, लेकिन ऐसा कर नहीं पा रहा था। मैं ज्यादा से ज्यादा दो दिन तक बिना नशा किए रह पाता था। मेरे साथ जो नशा करते थे करीब 14 दोस्तों ने अपनी जान नशे के कारण गवाई है। मेरे परिवार वालों ने मेरा साथ दिया और इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में मेरा उपचार करवाया। मेरे परिवार ने मेरा साथ नहीं छोड़ा। अगर वो मेरे साथ न होते तो शायद में नशे को हरा न पाता।

# 109 पूर्ण क्षतिग्रस्त स्कूलों को 16 करोड़ स्वीकृत, बरसात बाद शुरू होगा निर्माण

## आपदा प्रभावित सराज क्षेत्र का दौरा करने पहुंचे शिक्षा मंत्री

मंडी| शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मंगलवार को आपदा प्रभावित सराज क्षेत्र का दौरा कर निहरी सुनाह पाठशाला, डिग्री कॉलेज लंबाथाच सहित कई क्षतिग्रस्त शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में हालिया आपदा से 523 शिक्षण संस्थान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें से 109 पूर्ण रूप से नष्ट हो गए हैं। केवल मंडी जिले में 29 संस्थान प्रभावित हैं और इनमें से 22 अकेले सराज में हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इन 109 पूर्ण क्षतिग्रस्त स्कूलों के लिए प्रथम चरण में 16 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। बरसात समाप्त होते ही पुनर्निर्माण कार्य शुरू होगा, जिसके लिए हिमुडा को जिम्मेदारी दी गई है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि हालिया आपदा से हिमाचल प्रदेश को लगभग 2000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, जिसमें शिक्षण संस्थानों को 30 करोड़ रुपए का नुकसान आंका गया है। लंबाथाच डिग्री कॉलेज की सुरक्षा दीवार के निर्माण के लिए लगभग 6 करोड़ रुपए की व्यवस्था या तो विश्व बैंक परियोजना के तहत या अगले वित्तीय वर्ष में की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भवन निर्माण के लिए स्थान चयन की संयुक्त जिम्मेदारी उपनिदेशक शिक्षा, बीईओ और नोडल एजेंसी की होगी, ताकि भवन आपदा संभावित क्षेत्रों, नदियों और नालों से दूर बनाए जा सकें। उन्होंने कहा कि एक किलोमीटर के दायरे में स्थित पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त स्कूलों को निकटवर्ती सुरक्षित विद्यालयों में समायोजित किया जाएगा।



सराज क्षेत्र के दौरे पर शिक्षण संस्थानों का निरक्षण करते शिक्षा मंत्री।

## ओबीसी महासभा ने कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन

### शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण बहाल करने की मांग

नूरपुर| ओबीसी महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने ज्वाली रेस्ट हाउस में कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चन्द्र कुमार से मुलाकात कर विश्वविद्यालयों व कॉलेजों में ओबीसी छात्रों के लिए आरक्षण बहाल करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ओबीसी वर्ग के हितों के लिए प्रतिबद्ध है और अब तक इस वर्ग के लिए कई कल्याणकारी कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण लागू करने का निर्णय लिया है, जिससे समाज के पिछड़े वर्ग को राजनीतिक भागीदारी में उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा।

दैनिक भास्कर

13 AUG 2025

# सीएम आवास मे तैनात सुरक्षाकर्मी का इन्क्रीमेंट रोकना असंवैधानिकः कोर्ट

## कहा- प्रार्थी के सभी सेवा लाभ बहाल करें सरकार

शिमला। प्रदेश हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री आवास में तैनात सुरक्षाकर्मी को कदाचार के आरोप में दी गई 4 वेतनवृद्धियां रोकने की सजा को असंवैधानिक ठहराते हुए खारिज कर दिया। न्यायाधीश सत्येन वैध ने याचिकाकर्ता होशियार सिंह की याचिका को स्वीकारते हुए कहा कि प्रार्थी को किसी कदाचार या कर्तव्य की उपेक्षा के पुख्ता प्रमाण पर ही किसी दंड का सामना करना पड़ सकता है।

याचिकाकर्ता सशस्त्र पुलिस की तीसरी बटालियन में कांस्टेबल के पद पर तैनात था। वह मुख्यमंत्री के शिमला स्थित आवास पर गार्ड ड्यूटी पर तैनात था। 18 फरवरी 2002 को याचिकाकर्ता मुख्यमंत्री के आवासीय परिसर में पोस्ट संख्या 5 पर ड्यूटी पर था। लगभग 4 बजे, एक व्यक्ति ने कथित तौर पर मुख्यमंत्री के आवास के आसपास के उच्च सुरक्षा क्षेत्र में कंटीले तारों से परिसर में घुस गया और कुछ ही क्षणों में अपना बैग छोड़कर भाग गया। याचिकाकर्ता के साथ उप निरीक्षक भीम सिंह, कांस्टेबल शेष राम और कांस्टेबल राम पाल के खिलाफ अनुशासनात्मक जांच की गई। याचिकाकर्ता ने अपने बचाव में कहा था कि परिसर के बाहर से कोई व्यक्ति याचिकाकर्ता से पूछताछ करने की कोशिश कर रहा था और याचिकाकर्ता उन सवालों के जवाब दे रहा था। कोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि चूँकि यह दंड याचिकाकर्ता के विरुद्ध किसी भी दोषपूर्ण परिस्थिति के प्रमाण के बिना लगाने का प्रयास किया गया है, इसलिए ऐसी विकृत कार्रवाई को बरकरार नहीं रखा जा सकता। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्ता के सभी सेवा लाभ बहाल करें।

दैनिक भास्कर 13 AUG 2025

74

## राज्य सरकार रेल परियोजनाओं में करे केंद्र का सहयोग: जयराम

**शिमला |** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में रेल परियोजनाओं के विस्तार के लिए केंद्र सरकार का सहयोग करे। उन्होंने खेद जताते हुए कि कि राज्य सरकार की उदासीनता से हिमाचल प्रदेश में रेलवे विस्तार को गति नहीं मिल रही है। सरकार की लापरवाही की वजह से हिमाचल प्रदेश में रेलवे की परियोजनाएं प्रभावित हो रही हैं। रेल नेटवर्क विस्तारीकरण में अपने हिस्से के काम में सहयोग नहीं कर रही है। जिससे हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी और रेल मार्ग संपर्क को नए आयाम देने वाली रेल परियोजनाएं लटकी हुई है और समय बढ़ने के साथ ही उन परियोजनाओं की लागत में भी वृद्धि होती जा रही है। सरकार की यह उदासीनता न हिमाचल के हित में है और न ही प्रदेश की आर्थिकी और औद्योगिकरण को बढ़ावा देने की भविष्य की योजनाओं के हित में।

# सरकार ने 100 करोड़ रुपए का सोलर प्लांट 400 करोड़ में लगाया: भाजपा

### पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर ने की स्वतंत्र एजेंसी से जांच की मांग

**भास्कर न्यूज़ | शिमला**

भाजपा ने 32 मेगावाट क्षमता के सोलर पॉवर प्लांट में 400 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। भाजपा विधायक बिक्रम ठाकुर ने आरोप लगाते कहा कि सरकार ने 100 करोड़ रुपए के सोलर प्लांट को 400 करोड़ रुपए में लगाकर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया है। शिमला में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बिक्रम ठाकुर ने स्वतंत्र एजेंसी से इस मामले की जांच की मांग की है। उन्होंने तत्कालीन बिजली बोर्ड के अध्यक्ष एवं पॉवर कॉरपोरेशन के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। बिक्रम सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि पेखूवेला सोलर प्लांट में भ्रष्टाचार के कारण ही विमल नेगी आत्महत्या का मामला सामने आया है, जिससे जुड़े अधिकारियों की जमानत के खिलाफ सरकार ने न्यायालय में अपने वकील को खड़ा नहीं किया। उन्होंने कहा कि बरसात में यह पूरा प्लांट पानी में डूब गया। प्लांट से पानी निकालने के लिए डीजल जनरेटर का सहारा लेना पड़ रहा है। 32 मैगावाट क्षमता के प्रोजेक्ट से मात्र 12 से 14 मैगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है।

ठाकुर ने पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार की तरफ से प्रदेश सरकार की तारीफ करने को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि उनका दृष्टिकोण अलग है। वह तथ्यों पर बात कर रहे हैं और प्रदेश में पॉवर प्रोजेक्टों में सामने आई अनियमितता को वह फिर से विधानसभा के अंदर और बाहर उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को लेकर कांग्रेस का दृष्टिकोण अलग है तथा वह चुनाव जीतने पर सवाल नहीं उठाती।

**ऊना |** ऊना में भाजपा सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव वशिष्ट ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार ने 40 हजार करोड़ का ऋण लेकर भी जनता और कर्मचारियों को कोई लाभ नहीं दिया।

हिमाचल दस्तक

# हिमाचल में एचआईवी जागरूकता का अनूठा अभियान शुरू

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने किया शुभारंभ, स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के प्रयासों को जमकर सराहा

- 10 हजार टैक्सियों को वितरित किए व्हीकल डस्टबिन
- प्रदेश के 6 हजार गांवों में 3 माह तक चलेगा अभियान
- डेढ़ हजार शैक्षणिक संस्थानों को कवर करने का लक्ष्य
- सीएम ने युवाओं को दिलाई नशा छोड़ने की शपथ
- शिमला के पीटरहॉफ से हुई विशेष अभियान की शुरुआत
- 12 अक्तूबर तक अगले तीन माह चलेगा प्रचार-प्रसार

राज्य ब्यूरो प्रमुख ■ शिमला

एचआईवी जागरूकता के लिए अथक प्रयास कर रही स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी ने हिमाचल प्रदेश में अब अनूठा अभियान शुरू किया है। इसके तहत अगले 3 महीनों तक एचआईवी जागरूकता अभियान चलेगा। इस अभियान को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हरी झंडी दिखाते हुए स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के प्रयासों की जमकर सराहना की।

इस अभियान में 10 हजार टैक्सी चालकों को व्हीकल डस्टबिन वितरित का लक्ष्य पूरा किया जाएगा। इसके अलावा राज्य के 6 हजार गांवों में जागरूकता अभियान चलेगा और डेढ़ हजार शैक्षणिक संस्थानों को कवर किया जाएगा। यह अभियान 12 अगस्त से 12 अक्तूबर तक चलेगा। इस अभियान के माध्यम से लोगों को एचआईवी एड्स को लेकर जागरूक किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस अभियान को हरी झंडी दिखाकर शुरू किया। हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक राजीव कुमार के प्रयासों से राज्य में एड्स जागरूकता कार्यक्रमों में लगातार तेजी बरती जा रही है और कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राजीव कुमार ने बताया कि यह अभियान राज्य के 6 हजार गांवों और 1,500 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों को कवर करेगा। शिमला में 50 टैक्सी चालकों को डस्टबिन वितरित किए गए और डस्टबिन वितरण अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ भी किया गया। पहले चरण में 4 हजार वाहन चालकों को डस्टबिन वितरित किए गए थे, जबकि दूसरे चरण में 6 हजार वाहन चालकों को डस्टबिन वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और एचआईवी के प्रति जागरूकता की शपथ भी दिलाई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सुबह अपने सरकारी आवास से रेड रन और साइकिल रन को झंडी दिखाई और विजेताओं को सम्मानित भी किया।

हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक राजीव कुमार ने कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री का स्वागत किया और समिति द्वारा की जा रही गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर, नशीली दवाओं के दुरुपयोग और एचआईवी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया, विधायक हरीश जनारथा, सुरेश कुमार, नीरज नैयर, विवेक शर्मा, रणजीत सिंह राणा, अजय सोलंकी, अनुराधा राणा, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र मनकोटिया, उपायुक्त अनुपम कश्यप और अन्य गण्यमान्य भी उपस्थित रहे।



### बेहतर भविष्य के लिए युवा ऊर्जा का सही मार्गदर्शन जरूरी : शांडिल

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने कहा कि बेहतर भविष्य के लिए युवा ऊर्जा को सही दिशा और मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने राज्य में एचआईवी के 6,408 मामलों पर चिंता व्यक्त की, जिनमें से 1,453 मामले 15-30 वर्ष की आयु के युवाओं में हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ एचआईवी परीक्षण और उपचार को बढ़ावा दे रही है।





हिमाचल दस्तक 13 AUG 2025



# बिजली बोर्ड में फील्ड कर्मचारियों की भर्ती के लिए बनेगी नई पॉलिसी

## विद्युत बोर्ड की जॉइंट एक्शन कमिटी के साथ बैठक में बोले सीएम सुक्खू

हिमाचल दस्तक ■ शिमला



सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (एचपीएसईबी) की जॉइंट एक्शन कमिटी (जेएसी) के साथ बैठक की। सीएम ने कहा कि हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड में फील्ड स्टाफ में भर्ती होने वाले कर्मचारियों के लिए नई भर्ती प्रक्रिया को अपनाया जाएगा। इतना ही नहीं लंबे समय से बिजली बोर्ड कर्मचारियों की ओपीएस की मांग भी अक्तूबर माह में पूरी हो सकती है।

- **अक्तूबर तक मिल सकती है बिजली बोर्ड कर्मचारियों को ओपीएस**
- **कर्मचारी नेताओं पर जारी चार्जशीट होगी वापस, निर्देश किए जारी**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने कहा कि धरने प्रदर्शन को लेकर कर्मचारी नेताओं पर की गई चार्जशीट भी वापस होगी। सीएम ने कर्मचारियों नेता पर जारी चार्जशीट पर नाराजगी जताई और और प्रबंधन को तुरंत चार्जशीट को वापस लेने के आदेश जारी किए। उन्होंने बोर्ड प्रबंधन द्वारा बोर्ड कार्य स्थलों पर बैठक और धरना-प्रदर्शन पर लगी रोक से असहमति जताई और कहा यह संगठनों के अधिकार है और सरकार इस तरह के अधिकारों को कम करने की सोच नहीं रखती है। मुख्यमंत्री ने बिजली बोर्ड में नई भर्ती और सहमति जताई और कहा कि शीघ्र एक नई भर्ती पॉलिसी बोर्ड के लिए बनाई जाएगी और उसके तहत पूरे प्रदेश में बिजली बोर्ड में फील्ड स्टाफ की भर्ती की जाएगी। उन्होंने बिजली बोर्ड कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन देने के लिए प्रतिबद्धता जताई। यूनियन के सह-संयोजक हीरालाल वर्मा ने बताया कि बैठक शाम 5:30 बजे शुरू हुई जो की 6:30 बजे तक चली। बैठक में बिजली बोर्ड और इसके कर्मचारियों व पेंशनर्ज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त ऊर्जा सचिव राकेश कंवर, विशेष सचिव शुभकरण व प्रबंध निदेशक संदीप कुमार उपस्थित रहे। वहीं जॉइंट एक्शन कमिटी की ओर से ई. लोकेश ठाकुर संयोजक व सहसंयोजक हीरा लाल वर्मा के अतिरिक्त ई. एएस गुप्ता, ई. एसएन कपूर, ई. डीके गुप्ता, कुलदीप खरवाड़ा, कामेश्वर दत्त शर्मा, डीएस डटवालिया, नरेंद्र ठाकुर, मनोहर धीमान और टीआर गुप्ता इत्यादी उपस्थित रहे।

### लंबित लीव इनकैशमेंट और ग्रेच्युटी अदायगी के निर्देश

**इसके अतिरिक्त सीएम ने बिजली बोर्ड के पेंशनर्ज की लंबित लीव इनकैशमेंट और ग्रेच्युटी की प्रबंधन को शीघ्र आदायगी करने के आदेश दिए। इसके अतिरिक्त बिजली बोर्ड से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर कर्मचारी व अधिकारियों की कमिटी गठित करने की बात भी कही गई। वहीं फ्रंट के पदाधिकारियों ने प्रदेश के आउटसोर्स कर्मियों को स्थायी नीति बनाने की भी मांग को भी जोरों से रखा है। इसके अतिरिक्त बोर्ड की कार्यप्रणाली से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा हुई।**

हिमाचल दस्तक

13 AUG 2025



### अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के कार्यक्रम में सीएम ने किया एलान

# होम स्टे निर्माण के लिए 4 प्रतिशत ब्याज पर ऋण देगी प्रदेश सरकार

**राज्य ब्यूरो प्रमुख । शिमला**



- **स्टार्टअप योजना से राज्य के युवाओं को मिलेगा रोजगार**
- **शिप्की-ला बॉर्डर टूरिज्म से बढ़ेगी पर्यटन की गतिविधियां**

**शैक्षणिक सुधारों से पांचवें स्थान पर पहुंची प्रदेश की रैंकिंग**

**प्रदेश सरकार द्वारा किए गए शैक्षणिक सुधारों से हिमाचल प्रदेश की रैंकिंग देश में 5वें स्थान पर पहुंच गई है, जो वर्ष 2021 में 21वें स्थान पर थी। अगले शैक्षणिक सत्र से प्रदेश में 10 राजीव गांधी राजकीय डे-बोर्डिंग स्कूल आरंभ हो जाएंगे, जिनमें प्री-नर्सरी से कक्षा 12 तक की कक्षाएं, स्विमिंग पुल, पौष्टिक भोजन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है और 600 जेबीटी पदों के लिए विज्ञापन जारी किए जा चुके हैं।**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 3 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने प्रदेश में संशोधित होम स्टे पॉलिसी लागू की है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार होम-स्टे निर्माण के लिए 4 प्रतिशत ब्याज पर ऋण देगी। उनका कहना है कि प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार होम स्टे निर्माण पर आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। वर्तमान में राज्य में लगभग 8 हजार होम स्टे कार्यरत हैं। प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए होम स्टे की संख्या बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किन्नौर जिला में भारत-चीन सीमा पर भी पर्यटन गतिविधियां शुरू हो गई हैं। ये कदम राज्य में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने में काफी मददगार साबित होंगे। उन्होंने प्रदेश के युवाओं से नशे से दूर रहने और प्रदेश को नशामुक्त राज्य बनाने के प्रयासों में सक्रिय रूप से सहयोग करने का आह्वान किया। सीएम ने युवाओं से नशा तस्करों की सूचना पुलिस को देने के लिए अपील की और कहा कि राज्य सरकार नशे की गिरफ्त में फंसे लोगों के पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के युवा देश का भविष्य हैं और हिमाचल प्रदेश की प्रगति सीधेतौर पर उनकी भलाई से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जो सुधार लागू कर रही है, उनका लाभ अगले पांच वर्षों में युवाओं को मिलेगा। भविष्य में युवा गर्व से कहेंगे कि वे देश के सबसे समृद्ध राज्य से हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार शेष @ पेज 13

**पेज एक के शेष** होम स्टे निर्माण ...

के अवसर भी सृजित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 6,000 अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट घोषित किया गया है और डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना के तहत उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत केवल 1 प्रतिशत ब्याज पर 20 लाख रुपये तक के ऋण का प्रावधान है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य की 90 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, लेकिन खेती अब मुख्य आजीविका नहीं रही। सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है और गेहूं, मक्की, कच्ची हल्दी और जौ के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश का लक्ष्य प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में देश का अग्रणी राज्य बनना है। प्रदेश में प्राकृतिक खेती से बने उत्पादों को उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हें गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने दूरभाष के माध्यम से हिमाचल में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की।

## सीएम ने भूटान के प्रतिनिधिमंडल को 5 हजार से अधिक चिलगोजा के पौधे किए भेंट



शिमला। रॉयल भूटानी एंबेसी के डिप्टी चीफऑफ मिशन ताशी पेलडन और मंत्री सलाहकार चिमी वांगमो के नेतृत्व में भूटान साम्राज्य के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की तथा परस्पर संबंधों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और भूटान के बीच संबंध हमेशा सौहार्दपूर्ण रहे हैं। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच 1949 में मैत्री समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसे 2007 में नवीनीकृत किया गया। उन्होंने कहा कि इन संबंधों को और अधिक मजबूत करते हुए प्रदेश की जनता की ओर से मित्रता के प्रतीक के रूप में भूटान सरकार के वन एवं पार्क सेवा विभाग को आज 5 हजार से अधिक चिलगोजा पौधे दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि आगामी अक्तूबर में जाइका परियोजना के तहत स्वयं सहायता समूहों द्वारा एकत्र किए गए 50 किलोग्राम चिलगोजा के बीज भी भूटान को प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि चिलगोजा के पौधे जिला किन्नौर तथा जिला चंबा के पांगी और भरमौर क्षेत्रों में पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि इन बीजों में औषधीय गुणों के साथ-साथ एंटीऑक्सीडेंट तत्व भी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। उन्होंने भूटान सरकार को चिलगोजा के पौधे लगाने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने की पेशकश की।